सूर्योदय 5:42 सूर्यास्त 7:14

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,710 |
| निफ्टी | 24,650 |
| सोना | 1,00,397 |
| चांदी | 1,12,428 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 6 अगस्त 2025 | 22 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 219, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



अब अध्यक्ष पद के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का नाम सबसे आगे

पृष्ठ 6 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### नीट यूजी-2025 की काउंसिलिंग पर रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी यानी एमसीसी ने 5 अगस्त को नीट यूजी-2025 के फर्स्ट राउंड की चॉइस फिलिंग और चॉइस लॉकिंग फैसिलिटी को अस्थायी रूप से रोक दिया है। एमसीसी ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर लिखा है, 'फर्स्ट राउंड चॉइस फिलिंग और चॉइस लॉकिंग को रोक दिया गया है। रिवाइज्ड शेड्यूल जल्द ही घोषित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### अमित शाह सबसे लंबे कार्यकाल वाले गृह मंत्री



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमित शाह मंगलवार को भारत के सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री रहने वाले व्यक्ति बन गए हैं। वह 2,258 दिनों से पद पर हैं। शाह ने गृह मंत्री का पहला कार्यकाल 9 जून, 2024 को पूरा किया था। 10 जून, 2024 को वह फिर से गृह मंत्री बने और तब से इस पद पर हैं। गृह मंत्रालय के अलावा, वह देश के पहले सहकारिता मंत्री भी हैं। (अनंत ज्ञान)

### राम रहीम को मिली 40 दिन की पैरोल

**एजेंसी, रोहतक।** हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम एक बार फिर बाहर आ गया है। उसे 40 दिन की पैरोल मिली है। वह 14वीं बार पैरोल या फरलो लेकर बाहर आया है। बता दें कि राम रहीम साध्वियों से रेप और हत्या के केस में 20 साल जेल की सजा काट रहा है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में अवैध कब्जों को वैध करने का खेल खत्म

## हाईकोर्ट ने भू-राजस्व अधिनियम की धारा 163-ए को किया निरस्त

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** देवभूमि हिमाचल में कानून के आसमान से न्याय का एक ऐसा सूरज उगा है, जिसकी रोशनी ने वर्षों से चली आ रही एक गलत परिपाटी पर पर्दा डाल रखा था। प्रदेश हाईकोर्ट ने एक ऐसा ऐतिहासिक और साहसिक फैसला सुनाया है, जो न केवल अवैध जमीन से जुड़े मामलों के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगा, बल्कि प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और कानूनी मर्यादा को भी बहाल करेगा। हाईकोर्ट ने हिमाचल प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम की धारा 163-ए को पूरी तरह से असंवैधानिक और निरस्त घोषित कर दिया है। यह वही धारा थी, जिसने सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जों को नियमित करने का एक रास्ता खोल रखा था। एक ऐसा रास्ता, जो बेईमानों को खुलेआम इनाम दे रहा था। इस फैसले से साफ हो गया है कि अब सरकारी जमीन पर कब्जा करना कोई सामान्य बात नहीं, बल्कि एक गंभीर अपराध है। न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने कहा कि अवैध कामों को कानूनीजामा पहनाना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। उन्होंने इसे 'बेईमान व्यक्तियों के लिए बना कानून' बताया और साफ कहा कि 'अवैधता में समानता का दावा नहीं किया जा सकता।'

**कहा- धारा 163-ए बेईमान व्यक्तियों के लिए बना कानून**

**अवैधता में समानता का दावा नहीं किया जा सकता**

### 23 साल बाद आया ऐतिहासिक फैसला



**कोर्ट** का यह ऐतिहासिक फैसला 23 साल पुरानी उस याचिका का नतीजा है, जिसने इस धारा की वैधता को चुनौती दी थी। इस धारा का मकसद छोटे किसानों की मदद करना बताया गया था, लेकिन कोर्ट ने इस तर्क को पूरी तरह से खारिज कर दिया। न्यायाधीशों ने कहा कि जानबूझकर किए गए अतिक्रमण आपराधिक श्रेणी में आते हैं और उन्हें किसी भी कीमत पर नियमित नहीं किया जा सकता।

### प्राकृतिक संसाधनों को मर्जी से नहीं बांट सकते

**हाईकोर्ट** ने इस फैसले में 'सार्वजनिक विश्वास के सिद्धांत' का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का कर्तव्य है कि वह प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करे। कोर्ट ने बेहद कड़े शब्दों में कहा कि अतिक्रमण हटाने में अधिकारियों की नाकामी, शासन की नाकामी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक संसाधन जैसे नदियां, जंगल, पहाड़ और जमीन जनता की संपत्ति हैं, जिन्हें सरकार अपनी मर्जी से नहीं बांट सकती। इन संसाधनों की रक्षा हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहद जरूरी है।

### फैसले से 1.67 लाख आवेदकों को झटका

**हाईकोर्ट** के इस फैसले से उन लाखों लोगों की उम्मीदों को करारा झटका लगा है, जिन्होंने अवैध कब्जों को नियमित कराने के लिए आवेदन दिए थे। अब उन्हें बेदखली, भारी जुर्माना और यहां तक कि आपराधिक मुकदमों का भी सामना करना पड़ सकता है। राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, हिमाचल में 1.23 लाख हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर अतिक्रमण हो चुका है, और इसी धारा के तहत 1.67 लाख आवेदन लंबित थे।

### अधिकारियों को चेतावनी

**यह** फैसला सिर्फ अवैध कब्जा करने वालों के लिए ही नहीं, बल्कि उन सरकारी अधिकारियों के लिए भी एक चेतावनी है, जो अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ते हैं। कोर्ट ने कहा कि जो अधिकारी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे, उन्हें अनुशासनात्मक, सिविल और आपराधिक कार्यवाही दोनों का साथ-साथ सामना करना पड़ेगा।

## टैरिफ बढ़ाने की धमकी पर ट्रंप को भारत का जवाब

# खुद रूस से कारोबार करने वाले देश हमें न धमकाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को भारत पर और ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी दी, जिसके बाद भारत ने पहली बार अमेरिका का नाम लेकर खुलकर जवाब दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लिखा था कि भारत को परवाह नहीं है कि रूस के हमले में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इसलिए, मैं भारत पर टैरिफ को बढ़ाने जा रहा हूं।

इसका जवाब देते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूस से अमेरिका और यूरोपीय यूनियन को होने वाले निर्यात का आंकड़ा जारी कर कहा, 'अमेरिका अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, ईवी उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। यही हाल ईयू का है।' 2024 में यूरोपीय संघ का रूस के साथ वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 67.5 बिलियन यूरो था। यह रूस के साथ भारत के कुल व्यापार से काफी अधिक है। जहां तक अमेरिका का सवाल है, तो वह खुद अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, अपने इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायनों का आयात कर रहा है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

### चीन पर चुप्पी को लेकर भी अमेरिका को घेरा

**जायसवाल** ने कहा कि ट्रंप भारत और रूस पर तो हमलावर हैं, पर चीन पर चुप्पी साधे हैं, जबकि आंकड़े बताते हैं कि रूस से क्रूड ऑयल का सबसे बड़ा खरीददार चीन ही है। दिसंबर 2022 से जून 2025 तक रूस के कुल क्रूड निर्यात का 47 प्रतिशत हिस्सा चीन को गया। वहीं, भारत ने 38 प्रतिशत, यूरोपीय यूनियन और तुर्किये ने 6-6 प्रतिशत क्रूड ऑयल रूस से आयात किया।

इस लिहाज से भारत को निशाना बनाना गलत है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप बोले- भारत अच्छा साझेदार नहीं, 24 घंटे में बढ़ाएंगे टैरिफ



**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर टैरिफ को लेकर भारत को धमकी दी है। ट्रंप ने कहा कि भारत अब अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा। भारत पर अगले 24 घंटे में टैरिफ बढ़ाए जाएंगे। ट्रंप ने अमेरिकी मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत सबसे अधिक टैरिफ वाला देश है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमारे साथ व्यापार करता है, लेकिन हम उसके साथ व्यापार नहीं करते। हमने 25 फीसदी टैरिफ पर समझौता किया था, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अगले 24 घंटे में इसे काफी हद तक बढ़ा दूंगा, क्योंकि भारत रूस से तेल खरीद रहा है। वह रूसी युद्ध मशीन को ईंधन दे रहा है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- प्रदेश की 45 सरकारी सेवाएं एक पोर्टल पर होंगी उपलब्ध -पेज 3
- बारिश से कोटबल्ह, लाहडू बरसोला पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त -पेज 4
- मंडी में भारी बारिश से तबाही, करोड़ों रुपए का नुकसान -पेज 9
- बालू में भूस्खलन होने से स्कूल मलबे में तब्दील -पेज 11
- विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर: पीएम मोदी -पेज 13




# प्रदेश सरकार ने पर्यटन निवेश प्रोत्साहन परिषद की स्थापना करने को दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में पर्यटन क्षेत्र में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने 'पर्यटन निवेश प्रोत्साहन परिषद' की स्थापना को मंजूरी दे दी है। यह परिषद 50 करोड़ रुपए या उससे अधिक की पर्यटन परियोजनाओं को मूल्यांकन और अनुमोदन करने के लिए एक समर्पित मंच के रूप में काम करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य निवेश को तेजी से मंजूरी देना और निवेशकों के लिए एक सरल 'सिंगल-विंडो' सुविधा प्रदान करना है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गठित यह परिषद निवेशकों के लिए न्यूनतम विनियमन, अधिकतम सुविधा और समयबद्ध निर्णय लेने के सिद्धांतों पर काम करेगी। इसका उद्देश्य हिमाचल को एक निवेशक-अनुकूल राज्य बनाना है। परिषद के तहत, विभिन्न विभागों जैसे लोक निर्माण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्व, और जल शक्ति में दस्तावेज़ जमा करने के लिए एक एकीकृत प्रारूप लागू किया जाएगा, जिससे निवेशकों को बार-बार अलग-अलग जगहों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### सरकार की होगी हर परियोजना की जिम्मेदारी

**अब** हर निवेश परियोजना की जिम्मेदारी सरकार की होगी, जिससे संभावित निवेशकों के लिए शुरुआती बाधाएं कम होंगी। इसके अलावा यदि कोई परियोजना निर्धारित समयसीमा के भीतर स्वीकृत नहीं होती है, तो उसे स्वतः स्वीकृत मान लिया जाएगा। कुछ विशेष मामलों जैसे धारा 118 या पर्यावरणीय मंजरी को छोड़कर।

## जेएंडके के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। वह जम्मू-कश्मीर, बिहार, गोवा और मेघालय के राज्यपाल रहे। 2018 में ओडिशा के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। सत्यपाल 23 अगस्त 2018 से 30 अक्तूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे। इन्हीं के कार्यकाल के दौरान ही 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाया गया था। (अनंत ज्ञान)

## चमियाणा अस्पताल में विभागों के स्थानांतरण की दी अनुमति

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मौसम की स्थिति में सुधार को ध्यान में रखते हुए चमियाणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस और यूरोलॉजी विभागों को स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने कहा कि अब मौसम की विशेष परिस्थितियों वाला वक्तव्य मान्य नहीं होगा, जिसके आधार पर इन विभागों का स्थानांतरण पहले स्थगित किया गया था। कोर्ट ने कहा कि पिछली सुनवाई के दौरान 27 जून के संचार के अनुसार अब इन विभागों को आईजीएमसी, शिमला से अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटीज, चमियाना स्थानांतरित किया जा सकता है।

# उत्तरकाशी में बादल फटा, 4 लोगों की मौत

## 34 सेकंड में सैकड़ों घर-होटल मलबे में दबे; धराली गांव तबाह, 50 लापता

**एजेंसी, उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी के धराली गांव में मंगलवार को दोपहर 1.45 बजे बादल फटने से भारी तबाही मच गई। इसमें अब तक 4 लोगों की मौत हो गई। 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। खीर गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आए मलबे से धराली का बाजार, मकान और होटल बह गए। सिर्फ 34 सेकेंड सब कुछ बर्बाद हो गया। प्रशासन का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और आईटीबीपी की टीमें बचाव और रेस्क्यू के काम में जुटी हैं। इस आपदा के कई वीडियो सामने आए। इनमें लोग जान बचाने के लिए यहां-वहां भागते नजर आए। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। जो लोग इसके वीडियो बना रहे थे, वे लोगों को चिल्ला-चिल्लाकर बचने के लिए कह रहे थे। आपदा के बाद धराली में 30 फुट तक मलबा जम गया। बाजार की कई दुकानें और आसपास के मकान जमींदोज हो गए। (अनंत ज्ञान)

**एनडीआरएफ एसडीआरएफ और आईटीबीपी की टीमें रेस्क्यू में जुटीं**



उत्तरकाशी की खीर गंगा नदी में बादल फटने से धराली गांव में आया सैलाब।

### घटना पर राष्ट्रपति ने व्यक्त की संवेदना

**उत्तरकाशी** में बादल फटने की घटना का समाचार अत्यंत दुखद है। पीड़ित परिवारों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करती हूं और राहत तथा बचाव कार्यों में सफलता की कामना करती हूं। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने उत्तराखंड सरकार से अपील की है कि राज्य सरकार पीड़ितों को तत्काल मदद, राहत और मुआवजा मुहैया कराए। उन्होंने कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि राहत व बचाव कार्यों में यथासंभव मदद करें।

## मंडी के चच्योट में बादल फटने से तबाही

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/मंडी**

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में 15 घंटे से अधिक समय से भारी बारिश जारी है। मंडी में चच्योट के कटवानी नाले में मंगलवार सुबह 6 बजे बादल फटने से 3 कमरों का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। परिवार के लोगों ने भागकर जान बचाई। वहीं, गोहर के लोट गांव में भी 2 मकान जमींदोज हो गए। यहां कई घरों को लैंडस्लाइड से खतरा हो गया है। सराज विधानसभा में भी भारी बारिश ने एक बार फिर तबाही मचाई। सराज क्षेत्र की ज्यादातर सड़कें फिर से बंद हो गई हैं। वहीं, थुनाग बाजार में कई घरों में मलबा घुस गया।

वहीं, राजधानी शिमला में दिनभर रुक-रुक कर तेज बारिश होती रही, जिससे भूस्खलन और पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं।

### किन्नौर में नदी और नाले उफान पर, एनएच-5 बंद

**किन्नौर** जिले में मंगलवार को रिब्बा नाले में बाढ़ आ गई, जिससे पूह-काजा संपर्क मार्ग एनएच-5 के पास आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी है।

**मानसून सत्र** राज्यसभा में सीआईएसएफ जवानों की तैनाती को लेकर सदन में जोरदार बहस

# सीआईएसएफ बुलाने पर पक्ष-विपक्ष में तकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राज्यसभा में सीआईएसएफ जवानों की तैनाती को लेकर मंगलवार को सदन में बहस हुई। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में 1 जुलाई को कमांडो को बुलाने का विवाद सदन में उठाया। खड़गे ने उपसभापति हरिवंश नारायण से कहा कि सदन में सीआईएसएफ जवानों को लगाया गया था, इसलिए मैं पूछना चाहता हूं कि यह सदन आप चला रहे हैं या अमित शाह चला रहे हैं। सभापति ने कहा कि वे सीआईएसएफ जवान नहीं, मार्शल थे। (अनंत ज्ञान)

### संसद में 11 दिनों में अब तक 2 दिन ही हुई चर्चा

**21** जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से संसदीय कार्यवाही करीब ठप रही है। बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने हर दिन विरोध-प्रदर्शन किए। 11 दिनों के दौरान, सिर्फ 28 और 29 जुलाई को सदन में पूरे दिन की कार्यवाही चली। दोनों दिन, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा हुई थी।



### खड़गे ने सभापति से कहा क्या हम आतंकवादी हैं?

**खड़गे** ने कहा कि अगर मैंने आपको पत्र लिखा और उस बारे में मीडिया में जानकारी दी तो उस पर आपको आपत्ति क्यों है? मैं सभी सदस्यों को सूचित नहीं कर सकता, इसलिए एक प्रेस नोट जारी किया। उन्होंने उदाहरण दिया कि जब अरुण जेटली राज्यसभा में और सुषमा स्वराज लोकसभा में विपक्ष के नेता थे, तो उन्होंने कहा था कि व्यवधान डालना भी लोकतंत्र को मजबूत करने का तरीका है। हम इसी तरह लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करते रहेंगे और यह हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है। मुझे बताइए कि सीआईएसएफ कमांडो को सदन में तैनात क्यों किया गया था? क्या हम आतंकवादी हैं?



### कार्यवाही बाधित करना अलोकतांत्रिक : नड्डा

**खड़गे** के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि कार्यवाही को बाधित करना अलोकतांत्रिक है और यह नियमों के खिलाफ है। जिन घटनाओं का उपसभापति ने उल्लेख किया कि किस तरह से स्पीकर को बोलते समय बाधित किया गया, तो यह लोकतंत्र नहीं है, यह काम करने का तरीका नहीं है। मैं 40 साल से ज्यादा विपक्ष में रहा हूं, मुझसे ट्यूशन ले लीजिए। अभी आपको 10 ही साल हुए हैं, अभी 30-40 साल और विपक्ष में ही रहना है। अरुण जेटली के बयान को उद्धत किया गया कि बाधित करना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन बाधित करने के और भी तरीके हैं। मुझसे ट्यूशन लोगे तो मैं बताऊंगा।'

### गोवा विधानसभा में एसटी को आरक्षण देने वाला बिल पास

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मंगलवार को गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को आरक्षण देने वाला बिल पास कर दिया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा राज्य की विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। हंगामे के बीच यह बिल ध्वनिमत से पास हो गया।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को छह महीने बढ़ाया

**राज्यसभा** ने मंगलवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 6 महीने और बढ़ाने का प्रस्ताव पास कर दिया। यह अवधि 13 अगस्त 2025 से शुरू होगी। इससे पहले 30 जुलाई को लोकसभा इस प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे चुकी है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह प्रस्ताव सदन में पेश किया, जिसे भारी विपक्षी हंगामे के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।



# न्यूज ब्रीफ

## पंचायत चुनाव की सामग्री की निविदाएं 12 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आने वाले समय में जिले में होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए अनुभवी आपूर्तिकर्ता फर्मों से 12 अगस्त सुबह 11 बजे तक जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। जिला पंचायत अधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) बबिता गुलेरिया ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव हेतु 10 प्रकार की आवश्यक सामग्री जैसे-स्टिरिंग ऑफिस मैटल सील, बैलेट पेपर अलग करने के लिए मैटल रूल, सूआ, स्याही के लिए कप, मत पेटियों को सील करने के लिए बैग या कपड़ा, ब्लेड, नोटा स्टैंप, स्टेशनरी के सामान के लिए बैग, गन्नी बैग और मार्क सील के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इसमें अनुभवी एवं सक्षम फर्मों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में 500 रुपए की राशि जमा करवा कर निविदा का प्रपत्र, नियम एवं शर्तें प्राप्त की जा सकती हैं।

## संगठन की बेहतरी के लिए करें सर्वश्रेष्ठ प्रयास : धूमल



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नवगठित भाजपा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को समीरपुर में आयोजित एक धन्यवाद समारोह में भाजपा दिग्गज नेता और हिमाचल प्रदेश के दो बार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे प्रो. प्रेम कुमार धूमल का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का प्रो. धूमल से औपचारिक परिचय कराया गया। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रो. धूमल ने भाजपा को हर स्तर पर मजबूत करने में पार्टी संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक संरचना पार्टी की रीढ़ है और प्रत्येक सदस्य इस संरचना का एक आधारभूत स्तंभ है। उन्होंने कार्यकारिणी पदाधिकारियों से पार्टी के मूल्यों के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया और कहा कि संगठन के विकास और बेहतरी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना प्रत्येक कार्यकर्ता का मूल कर्तव्य है। प्रो. धूमल ने कहा कि यह प्रेरणा का क्षण है, क्योंकि नवनियुक्त समिति पदाधिकारियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में नए उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ काम करने का संकल्प लिया है।

## धनेटा कॉलेज में छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा के रोवर एंड रेंजर यूनिट तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, देशभक्ति की भावना एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत आकर्षक एवं प्रेरणादायक रंगोलियां प्रस्तुत कीं। इन रंगोलियों में भारत के स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रीय एकता और समर्पित नेतृत्व के अद्वितीय योगदान को बारीकी से दर्शाया गया। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा के संरक्षण में हुआ। इस अवसर पर रोवर एंड रेंजर लीडर्स प्रो. नीलम अग्निहोत्री एवं डॉ. अजय कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजना कुमारी, तथा फैकल्टी सदस्य डॉ. रजनीश कुमार, प्रो. मदन सिंह और प्रो. राकेश ठाकुर, सुषमा कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नादौन में आंगनबाड़ी के 21 पदों के लिए मांगे आवेदन

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** बाल विकास परियोजना नादौन के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त कुल 21 पदों को भरने के लिए पात्र महिलाओं से 2 सितंबर शाम 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय नादौन में सभी आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सीडीपीओ संजय गर्ग ने बताया कि पांच आंगनवाड़ी केंद्रों कमलाह, रोपड़ू, जसाई, खुंगण और कुन्ना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद भरा जाएगा, जबकि, 16 आंगनवाड़ी केंद्रों भलौण, पुरनबदवाल, करडोला, धनियारा, नगर परिषद नादौन वार्ड नंबर-5ए, कड़साई, मझियार-1, गलोल, रोपड़ू, झड़ूं, दोबड़कलां, पनसाई-1, धनेटा-2, बैहरड़, सलाम और बलाहर में आंगनबाड़ी सहायिका का एक-एक पद भरा जाएगा। दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के लिए प्रार्थी को 8 सितंबर को सुबह 10 बजे सीडीपीओ कार्यालय नादौन में मूल प्रमाण पत्रों सहित व्यक्तिगत रूप से स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होना होगा। इस संबंध में अलग से कोई बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। चयन प्रक्रिया संबंधी जानकारी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र और ग्राम पंचायत कार्यालय में भी उपलब्ध रहेगी। अधिक जानकारी के लिए सीडीपीओ कार्यालय नादौन में संपर्क किया जा सकता है।

## कॉलेज के छात्रों को एंटी रैगिंग समिति ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा के कॉमर्स ब्लॉक में एंटी रैगिंग समिति द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर एवं उप-प्राचार्य प्रो. जितेंद्र ठाकुर के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्रों को भयमुक्त, सहयोगात्मक और मर्यादित शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी छात्रों को रैगिंग से संबंधित नियमों, अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी देना तथा महाविद्यालय परिसर को भयमुक्त बनाए रखने की दिशा में मार्गदर्शन करना था। इस अवसर पर एंटी रैगिंग समिति की संयोजक डॉ. दिव्या शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रैगिंग की परिभाषा, दंडात्मक प्रावधानों एवं शिकायत तंत्र की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि रैगिंग एक गंभीर दंडनीय अपराध है और किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में प्रो. राजेश खरवाल ने भी वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षण संकाय के सदस्य प्रो. नीना, प्रो. आशु, प्रो. बनीता एवं प्रो. मितुल भी उपस्थित रहे।

## पत्रकारों पर हो रहे हमलों के विरोध में दिया ज्ञापन



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** प्रदेश सरकार द्वारा सच को छुपाने की दृष्टि से पत्रकारों के ऊपर एफआईआर की जा रही है, जो लोकतंत्र की हत्या के प्रयास हैं। मंगलवार को प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा एसडीएम बड़सर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन दिया गया। पत्रकारों को आ रही समस्याओं पर भी प्रकाश डाला गया तथा कहा कि प्रदेश और देश में लगातार पत्रकारों की आवाज दबाने की कोशिशें की जा रही हैं, खासकर सरकार की खामियां गिनवाने वाले और सच को सच कहने की हिम्मत रखने वालों पर कई तरह के दबाव बनाए जा रहे हैं। हाल ही में शिमला में दो पत्रकारों के ऊपर शिमला पुलिस में जो कारवाई की, उसका भी कड़ा विरोध जताया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब बड़सर के प्रधान नवनीत सोनी, उपप्रधान रमेश शर्मा, मुख्य सलाहकार सतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष मदन शर्मा, कृष्ण कुमार, अरविन्द मौर्य, रजनीश हिमाचली व रामपाल शर्मा मौजूद रहे।

## एक भारत, श्रेष्ठ भारत की ओर ऐतिहासिक कदम : उषा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला ने कहा कि 5 अगस्त 2019 का दिन भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने साहसिक एवं ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अनुच्छेद 370 और 35A को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह भारत की मुख्यधारा से जोड़ दिया। यह केवल एक कानूनी संशोधन नहीं, बल्कि 70 वर्षों से चली आ रही असमानता, भेदभाव और अलगाव की भावना पर निर्णायक प्रहार था। अनुच्छेद 370 और 35A ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देकर वहां के नागरिकों को भारतीय संविधान के मूल अधिकारों से वंचित कर रखा था। यह साहसिक निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के मजबूत नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। यह निर्णय श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक देश, एक विधान, एक प्रधान, एक निशान के स्वप्न को साकार करते हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए अपना बलिदान दिया था। आज जब अनुच्छेद 370 इतिहास बन चुका है, तब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। हर वर्ग को समान अधिकार मिले हैं। उषा बिरला ने इस ऐतिहासिक दिवस पर समस्त देशवासियों से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर भारत की एकता, अखंडता और समरसता के इस अभियान में सहभागी बनें।

## हजारों होमगार्ड जवानों को स्वतंत्रता दिवस पर सीएम से बंधी उम्मीदें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अभी हाल ही में कैबिनेट बैठक के दौरान 2100 जवानों की तैनाती देने बारे और होमगार्ड 6 दिसंबर 2024 को स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा राज्य से बाहर तैनाती पर 500 रुपए अतिरिक्त दैनिक भत्ता व महिला होमगार्ड जवानों को मातृत्व अवकाश जैसा ऐतिहासिक फैसला लिया है। प्रदेश होमगार्ड परिवार मुख्यमंत्री सुक्खु का आभार व्यक्त करते हैं और निवेदन करते हैं कि प्रदेश में होमगार्ड जवानों को अन्य विभागों की तरह स्वतंत्र कार्य सौंपा जाए।



होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष जोगिंदर सिंह चोहडिया ने कहा कि साथ में एक स्थायी पॉलिसी का प्रावधान किया जाए जो होमगार्ड जवानों की वर्षों से मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का जो संकल्प लिया है, उसमें प्रदेश के होमगार्ड जवानों को भी प्रदेश के अन्य कर्मचारियों की भांति सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाया जाए। मुख्यमंत्री प्रदेश के होमगार्ड जवानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कोई ठोस कदम उठाएं।

# जिले में 24 घंटे में 120 करोड़ रुपए का नुकसान

### लोगों के लिए आफत बन रही भारी बरसात, एहतियात बरतने की सलाह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिले के अधिकांश क्षेत्रों में सोमवार रात से हो रही भारी बारिश के कारण सार्वजनिक और निजी संपत्ति को काफी क्षति हुई है। मंगलवार दोपहर तक जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत 24 घंटों के दौरान जिले भर में 2.54 करोड़ रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान है। इसके साथ ही मानसून सीजन के दौरान जिला हमीरपुर में सरकारी और निजी संपत्ति के नुकसान का आंकड़ा 120.98 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।



फैक्टरी के अंदर तक घुस गया था बारिश का पानी।

अभी तक इस मॉनसून सीजन में जिला में जलशक्ति विभाग को सर्वाधिक 66.63 करोड़ रुपए, लोक निर्माण विभाग को 50.96 करोड़, बिजली बोर्ड को 1.03 करोड़ और शिक्षा विभाग को 39.33 लाख रुपए की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 18.06 लाख रुपए और कृषि विभाग ने 1.15 लाख रुपए के नुकसान की रिपोर्ट प्रेषित की है। 9 कच्चे मकान ध्वस्त हुए हैं, जिससे लगभग 16 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। 54 अन्य कच्चे मकानों और 11 पक्के मकानों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, जिससे लगभग 40.96 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। 10 अन्य भवनों को भी लगभग 5.15 लाख रुपए की क्षति पहुंची है।

जिले भर में 84 डंगे गिरे हैं, जिनमें लगभग 71.56 लाख रुपए की क्षति हुई है। 81 गोशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 42.23 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। एडीसी अभिषेक गर्ग ने सभी विभागों के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हुए नुकसान की रिपोर्ट तुरंत भेजें, ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि बरसात को देखते हुए सभी जिला वासी विशेष एहतियात बरतें और नदी-नालों के पास न जाएं।

भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से भी दूर रहें। भारी बारिश में घर से बाहर निकलने का जोखिम न उठाएं। खराब मौसम में पेड़ों के नीचे आश्रय न लें तथा बिजली की तारों से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें। ब्यास नदी के किनारे वाले क्षेत्रों के लोग नदी के पास न जाएं। उन्होंने किसी भी आपातकालीन स्थिति में स्थानीय प्रशासन या जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 1077 अथवा दूरभाष नंबर 01972-221277 पर संपर्क करने की अपील भी की है।

## सीएमओ ऑफिस में यौन उत्पीड़न का मामला, दो सप्ताह बाद भी नहीं मिला न्याय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

स्वास्थ्य विभाग हमीरपुर में कार्यरत एक महिला के यौन उत्पीड़न का मामला चर्चा में है। हालांकि इसकी भनक मंगलवार को मीडिया को भी चल गई। सूत्रों के मुताबिक जिस महिला ने गत 22 जुलाई को लिखित शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर को की थी, उसने यौन उत्पीड़न कमेटी को मामले को सौंप दिया था, लेकिन इस मामले को लेकर अभी तक जो कार्रवाई हुई है, वह संदेह के दायरे में है।

कारण यह है कि मंगलवार को कमेटी की दूसरी बैठक होनी थी, लेकिन उसे किन्हीं कारणों से स्थगित कर दिया गया। अब कब होगी? इसका कोई पता नहीं? स्वास्थ्य विभाग का कोई भी अधिकारी फोन नहीं उठा रहा। सीएमओ प्रवीण चौधरी को उनके मोबाइल पर कई दफा फोन किए गए, लेकिन नो रिस्पांस रहा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस यौन उत्पीड़न मामले में मुख्य रूप से एक ही व्यक्ति है, लेकिन यह भी बताया जा रहा है कि विभाग के कुछ और कर्मचारी भी संदेह के दायरे में हैं।

अब कमेटी आखिरी फैसला क्यों नहीं ले रही? मंगलवार को बैठक क्यों टाली गई है, इसे लेकर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मीडिया के फोन सीएमओ क्यों नहीं उठा रहे, इस पर भी सवाल हैं।

### सीनियर कर्मचारी भेजता था आपत्तिजनक मैसेज

सूत्रों से यह भी पता चला है कि जिस आउटसोर्स महिला कर्मचारी ने बीती 22 जुलाई को सीएमओ को लिखित शिकायत की थी, उस पर इतना लंबा समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है, तो दाल में कुछ काला है और इससे स्वास्थ्य विभाग की भीतरी व्यवस्था का भी पता चलता है। पीड़ित युवती ने शिकायत में साफ लिखा है कि दफ्तर में तैनात एक सीनियर कर्मचारी उसके मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज भेजता है, जिसका उसने विरोध जताया। उसकी हरकतें भी लगातार बढ़ रही थीं। यहीं नहीं वह अशोभनीय टिप्पणियां करता है। यही वजह है कि मजबूर होकर उसे शिकायत करनी पड़ी है। यह बात अलग है कि विभाग ने यौन उत्पीड़न कमेटी को मामला सौंपा है, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी यदि कार्रवाई नहीं हो रही, तो फिर इस कार्यालय के मुखिया पर निश्चित रूप में सवाल खड़े होंगे।

## पूर्व पार्षद ठगी का शिकार होने से बचे, फर्जी पहचान पत्र दिखाकर की धोखाधड़ी की कोशिश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर के पूर्व पार्षद और शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी विकास महाजन मंगलवार को एक बड़ी ठगी का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें सैनिक स्कूल सुजानपुर के नाम पर रंग और पुट्टी का ऑर्डर देकर विश्वास में लेने की कोशिश की। व्यक्ति ने खुद को सेना में कार्यरत बताते हुए व्हाट्सऐप पर आर्मी का फर्जी पहचान पत्र भेजा और 5 बाल्टी रंग व 40 किलो पुट्टी सैनिक स्कूल के गेट पर पहुंचाने को कहा।

विकास महाजन ने बताया अनुसार एक मजदूर के माध्यम से 200 रुपए की मजदूरी देकर सामान भिजवाया और 8750 रुपए का पक्का बिल भी भेज दिया। इसके बाद आरोपी ने 5000 रुपए की पेमेंट का फर्जी गूगल पे मैसेज भेजा और कहा कि शेष 3750 रुपए भी जल्द भेज रहा है। कुछ ही देर में एक और मैसेज आया जिसमें 37500 रुपए भेजे जाने का जिक्र था। आरोपी ने दावा किया कि गलती से अधिक राशि भेज दी गई है और शेष धनराशि वापस लौटाने के लिए QR कोड भेजा। फर्जीवाड़े की गंभीरता को समझे बिना विकास महाजन ने पहले रकम लौटाने की कोशिश की, लेकिन नेटवर्क समस्या के कारण ट्रांजेक्शन फेल हो गया। सौभाग्य से, एक मित्र की मौजूदगी में दोबारा ट्रांजेक्शन करने की तैयारी भी सर्वर डाउन होने की वजह से सफल नहीं हुई, जिससे उनका बड़ा नुकसान टल गया।

शक होने पर जब सैनिक स्कूल में जांच की गई तो पाया कि वहां ऐसा कोई व्यक्ति कार्यरत नहीं है। मजदूर से सामान वापस मंगवाकर दुकान में रखा गया। हालांकि विकास महाजन ने अभी तक इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई है, लेकिन उन्होंने व्यापारियों से सतर्क रहने की अपील की है और कहा कि किस्मत ने उन्हें बचा लिया।

## केंद्र की योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर में मेरा युवा भारत हमीरपुर के सौजन्य से भारत सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप रजिस्ट्रार गुलशन संधू विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टर पीएनबी अजय कतना ने शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी दीप माला ने की। डॉ. अंकित सागर आयुर्वेदा मेडिकल ऑफिसर, डॉ. आशा, डॉ. गुलशन व शशि पाल यूथ क्लब प्रेजिडेंट ने प्रमुख वक्ताओं के रूप में अपने विचार साझा किए। डायरेक्टर अजय कतना ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया, कुसुम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में बताया। आयुर्वेदा मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकित सागर द्वारा आयुष विभाग की योजना के बारे में बताया। प्रो. राहुल ने स्किल इंडिया तथा शशि पाल द्वारा उज्ज्वला योजना के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया, साथ ही प्रत्येक विद्यार्थियों के माध्यम से इन सभी योजनाओं को हर घर पहुंचाने का आग्रह किया।



करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में केंद्र की प्रमुख योजनाओं पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित।

अजय कतना ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के बारे में बताया कि यह भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। यह योजना गैर-कृषि क्षेत्र में विनिर्माण, व्यापार या सेवा क्षेत्रों में लगे आय-सृजन करने वाले सूक्ष्म उद्यमों को 20 लाख रुपए तक के सूक्ष्म ऋण, लोन की सुविधा प्रदान करती है, जिसमें कृषि से संबंधित गतिविधियां जैसे मुर्गी पालन, डेयरी, मधुमक्खी पालन आदि शामिल हैं, साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के बारे में बताया।

प्रो. राहुल ने स्किल इंडिया मिशन के तहत चलाए जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत किया, जिसमें मुख्य रूप से प्रबंधन व विकास कार्यक्रम, उद्यमिता विकास कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, फैशन डिजाइनिंग आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की, साथ ही कार्यक्रम में शशिपाल द्वारा सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत के ऊपर शपथ दिलाई।

इसके अलावा नशे से बचाव हेतु जागरूक किया और कहा कि हम सबको एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। अंत में जिला युवा अधिकारी दीपमाला ने सबका धन्यवाद किया, साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, स्टैंड अप इंडिया स्कीम आदि अन्य योजनाओं के बारे में सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के प्रो. डॉ. आशा, डॉ. वर्षा, डॉक्टर गुलशन तथा समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहे।

## केशव बने भारत मजदूर किसान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भारत मजदूर किसान संगठन ने प्रदेश में खाली चल रहे प्रदेश अध्यक्ष के पद को तुरंत प्रभाव से भरा है। संगठन की राष्ट्रीय स्तर की बैठक अध्यक्ष दिनेश भाटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से ऊना जिले के केशव अंजन को हिमाचल प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि राजीव कुमार को प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया।

इसी तरह चांद रानी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा सोलन के पुनीत शर्मा को युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भारत मजदूर किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश भाटिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री अनिता बाला का आभार प्रकट किया है और प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने के लिए दिन-रात कार्य करने का भरोसा दिया।



भारत मजदूर किसान संगठन की बैठक में मौजूद गणमान्य।

बैठक के बाद नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष केशव अंजन ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिलने से संगठन को प्रदेश, जिला व ब्लॉक स्तर पर सक्रिय लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के मार्गदर्शन पर कार्य किया जाएगा। जल्द ही सभी जिलों में दौरा करके तेजतर्रार कार्यकर्ताओं को संगठन के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं के साथ निरंतर कार्य कर रहे है। इस अवसर पर संगठन की ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय महामंत्री अनिता बाला एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार, दीया शर्मा उपाध्यक्ष रचना शर्मा, बुध राज, मनोज ढिल्लों, चंद्रावत, कर्म धीमानए, गीता रानी, सीमा, कांता देवी, मंजू, रीना व अन्य भी उपस्थित रहे।

## तकनीकी विवि : बीटेक की 68 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में मंगलवार को जेईई मेन के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण की काउंसिलिंग शुरू हुई। बीटेक के दूसरे चरण की काउंसिलिंग के पहले दिन एससी और ओबीसी मुख्य श्रेणी और उप श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई। इसमें 68 अभ्यर्थियों को जेईई मेन की मेरिट के आधार पर सीटें आवंटित की गईं। छह अगस्त को एसटी मुख्य श्रेणी व उपश्रेणी के अलावा ईडब्ल्यूएस व सामान्य श्रेणी के उपश्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग प्रस्तावित है। सात अगस्त को सामान्य श्रेणी, ऑल इंडिया कोटा व बेटी है अनमोल श्रेणी की काउंसिलिंग होगी।

## एनडीए बैठक में पारित प्रस्ताव मोदी के नेतृत्व में विश्वास का प्रमाण : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर प्रस्ताव पारित करने व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे सेना का सम्मान व मोदी के नेतृत्व में विश्वास का प्रमाण बताया है।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी कार्यकुशलता, दूरदर्शिता व निर्णय लेने की क्षमता के कारण ही विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बने हुए हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर पारित प्रस्ताव में 'ऑपरेशन सिंदूर' और ऑपरेशन महादेव के दौरान दिखाए गए भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय साहस और अटूट प्रतिबद्धता को नमन करना व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असाधारण नेतृत्व की प्रशंसा करना सेना का सम्मान व मोदी के नेतृत्व में दृढ़ विश्वास का प्रमाण है।

सिंदूर नाम सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति के प्रतीक को भी दर्शाता है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना का प्रचार प्रसार करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एडीसी अभिषेक गर्ग ने उद्योग विभाग, अन्य संबंधित विभागों और बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा पारंपरिक व्यवसाय कर रहे लोगों एवं पुश्तैनी कारीगरों तक इस योजना का लाभ पहुंचाएं। मंगलवार को इस योजना की जिला कार्यान्वयन समिति की चौथी बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी ने उक्त बात कही।

## संघ के 100 साल मुकम्मल होने पर जगह-जगह आयोजित होंगे कार्यक्रम

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने की एवज में इसके अधिकारी और प्रचारक अलग-अलग जगह पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा की तैयारियों में जुटे हुए हैं और अच्छे खासे सक्रिय हैं।

वे बड़े स्तर पर कार्यक्रमों को अंजाम देने के उद्देश्य से जिलों में बैठकें आयोजित कर रहे हैं। पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद करने और नई कार्य योजनाओं को लेकर मुकम्मल तौर पर रूपरेखा बना रहे हैं। हमीरपुर जिले में भी इन दिनों संघ के यह प्रमुख अधिकारी अलग-अलग बैठकें कर रहे हैं। वे लोगों से घर-घर तक पहुंचने के लिए कौन-कौन कहां-कहां कैसे जाएगा, की रूपरेखा तैयार हो रही है। संघ से जुड़े हुए तमाम लोग इस कार्य को अंजाम देने के लिए संघ से जुड़े रहे पुराने कार्यकर्ताओं का भी सहारा ले रहे हैं, जिन्होंने संघर्ष के समय संघ का साथ दिया था।

### 2 अक्टूबर से 31 मार्च तक चलेगा विशेष अभियान

संघ के ये कार्यक्रम 2 अक्टूबर से शुरू होंगे और अगले साल 31 मार्च तक मकम्मल होंगे। वैसे तो इन कार्यक्रमों को अगले साल यानी वर्ष 2026 के अक्टूबर माह तक चलाने की योजना है, लेकिन पहला पड़ाव 31 मार्च तक का है। प्रदेश के हर जिले में यह कार्यक्रम किस किस स्तर के होंगे, उसी को लेकर इन दोनों जनसंपर्क अभियान जारी है। संघ के जिन नए कार्यकर्ताओं को पुरानी परिस्थितियों के माहौल का ज्यादा ज्ञान नहीं है, उन्हें घर-घर पहुंच कर संघर्ष के समय संघ के लक्ष्यों को भेदने में रही भूमिका पर उन्हें जागरूक किया जाएगा।

**कौन-कौन ले रहा बैठकें :** हमीरपुर जिले में हिंदी में जो अधिकारी सक्रिय देख रहे हैं, उन्हें सिरमौर जिले से ताल्लुक रखने वाले प्रदेश का नेतृत्व कर रहे प्रताप समयाल के अलावा हमीरपुर जिला के प्रचारक सोमदत्त और विभाग प्रचारक रोशन कुमार भी अलग-अलग जगह पर बैठकें ले रहे हैं। यह लोग मीडिया से भी रू-ब-रू हो रहे हैं। हालांकि उनके साथ मिलने का उनका उद्देश्य अलग तरह का है। ये कोई कांग्रेस करने नहीं पहुंच रहे, केवल विचारों के आदान-प्रदान में यदि कोई गैप रह है, तो उसकी पूर्ति के लिए ये इन दोनों काम कर रहे हैं।

संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना था कि यह बहुत ही गौरव की बात है कि 100 वर्ष पूरे होने पर देश भर में जिस खास अंदाज कार्यक्रम होंगे, उसके लिए वह भी जुटे हुए हैं और संघ से जुड़े हुए अन्य कार्यकर्ता भी रूपरेखा बनाने में लगे हुए हैं, ताकि इन कार्यक्रमों के माध्यम से देश में अलग तरह का माहौल बनाया जा सके।

## आयोजन राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

# एआई तकनीक से किसान बढ़ा सकते हैं उत्पादन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर में सी-डैक मोहाली एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आई.सी.टी. अकादमी के सहयोग से चल रहे पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के दूसरे दिन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में डॉ. बलविंदर सिंह (सी-डैक मोहाली) ने कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार एआई तकनीकों का उपयोग कर किसान खेती के तरीके सुधार सकते हैं और उत्पादन बढ़ा सकते हैं। द्वितीय सत्र में अंजु कृष्णा सी-डैक मोहाली ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का परिचय विषय पर व्याख्यान लिया। इस सत्र में प्रायोगिक प्रयोगशाला भी सम्मिलित था, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने गूगल कोलैब का प्रयोग कर एआई और एमएल के प्रयोग किए। उन्होंने एक डेटा सेट का उपयोग कर भविष्यवाणी करना सीखा। तृतीय सत्र में डॉ. राजीव कुमार एनआईटी हमीरपुर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षक की तैयारी विषय पर विस्तृत चर्चा की।



भारत मजदूर किसान संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के पदाधिकारी।

उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत आने वाले बदलावों और फैकल्टी की भूमिका पर प्रकाश डाला। चतुर्थ सत्र में ई.जी. पंकज ठाकुर, विभागाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक हमीरपुर ने सेंसर और एक्चुएटर विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे आईओटी और एआई के क्षेत्र में सेंसर और एक्चुएटर अहम भूमिका निभाते हैं। सत्र में विभिन्न प्रकार के सेंसरों एवं उनके अनुप्रयोगों पर भी चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने सभी सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक अनुभव भी प्राप्त किया। सभी विशेषज्ञों को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर चंद्रशेखर द्वारा मोमेंटो प्रदान किए गए। दिन के अंत में प्राचार्य इंजीनियर चंद्रशेखर ने प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और इसे एफ.डीपी के दूसरे दिन को अत्यंत इंटरेक्टिव एवं ज्ञानवर्धक बनाने में महत्वपूर्ण बताया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में संभाग स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी जिला हमीरपुर में तीन दिवसीय संभाग स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को उपनिदेशक उच्च शिक्षा हमीरपुर मोही राम चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार ने गर्मजोशी से मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीपीईओ हमीरपुर राजेंद्र शर्मा नोडल ऑफिसर अजय शर्मा उपस्थित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस प्रतियोगिता में चंडीगढ़ संभाग के पांचों संकुल जम्मू-कश्मीर एक, जम्मू कश्मीर दो, पंजाब एक, पंजाब दो व हिमाचल प्रदेश भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता छात्र व छात्राओं दोनों के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें अंडर 14 अंडर 17 और अंडर-19 कैटेगरी में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में 101 छात्राएं खिलाड़ी व 115 छात्र खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आज के कार्यक्रम में मंच संचालन कमलेश आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथियों को हिमाचली परिधान भेंट किए। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक वीरेंद्र सैनी, शिक्षक वर्ग में सुभाष चंद, निर्मल कुमार, सुरेंद्र राणा, पूजा, जगदीश, विनोद व बेली राम उपस्थित रहे।

## पंचायतनामा
गांव की गुफ्तगू से राजधानी की राजनीति तक

*पंचायतनामा की शृंखला में आज जिक्र करते हैं धर्मशाला से सटी रक्कड़ पंचायत का। पंचायत से धौलाधार का नजारा आकर्षित करता है। पंचायत में हालांकि सब ठीक है, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों समेत ग्रामीणों को मलाल है कि प्रयासों के बावजूद पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा नहीं मिल पाई है। पंचायत में बस सुविधा भी नहीं है। पंचायत क्षेत्र पहाड़ी के साथ सटा है, जिसके चलते यहां बेसहारा पशुओं की भी समस्या है। पंचायत की खास बात यह है कि जो महिलाएं पहले पंचायत की गतिविधियों से अनभिज्ञ रहती थी, उन्हें अब पंचायत की हर गतिविधि की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिल जाती है, जिसकी पहल पंचायत प्रधान ने की है।*

# रक्कड़ में स्वास्थ्य व परिवहन सुविधाओं के लिए जद्दोजहद

विशेष रिपोर्ट
राजेश कुमार
अनंत ज्ञान ब्यूरो
धर्मशाला




## पंचायत प्रधान इंदु शर्मा ने की घर-घर से कूड़ा उठाने की पहल



**पंचायत प्रधान इंदु शर्मा** बताती हैं कि शुरुआत में पंचायत में कूड़े के ढेर लगे रहते थे, जिसके चलते एक एनजीओ के माध्यम से घर-घर से कूड़ा उठाने की पहल की गई। जिन घरों को रास्ते नहीं थे, वहां के लिए रास्ते निर्मित किए गए। पंचायत स्थित हेलिपैड के पास बाहरी लोग आकर बेसहारा पशुओं को छोड़ जाते हैं। पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के लिए प्रस्ताव डाला था। भूमि देखने की बात कही गई, जिसकी डिटेल भेजी गई लेकिन अभी तक कुछ नहीं हो पाया। ऊपरी एरिया स्थित प्रोजेक्ट के साथ ही पंचायत को आने वाली पेयजल सप्लाई की पाइपें डाली गई हैं, लेकिन उनमें गंदा पानी आता था, जिस पर हैंडपंप लगाने के भी प्रयास किए, लेकिन पानी नहीं निकला। महिलाओं का सोशल मीडिया ग्रुप बनाकर पंचायत की हर गतिविधि की जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है, जिससे कि महिलाएं पंचायत कार्यों व सरकारी योजनाओं से परिचित हो सकें। फिर से चुनाव लड़ने और प्रधान बनने का मौका मिला तो अधूरे कार्यों को पूरा करना चाहूंगी।

## उपप्रधान राजीव का लक्ष्य पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करवाना



10 साल से पंचायत के उपप्रधान राजीव शर्मा का कहना है कि पंचायत में रास्ते नहीं थे, अब हर घर को रास्ता है। पानी की समस्या भी थी, लेकिन अब हर घर तक नल पहुंच गया है। अभी दिन-प्रतिदिन काम पेचिदा होता जा रहा है, सरकारी योजनाएं आम जन तक नहीं पहुंच पा रही हैं। कुछ लोग बाहर से लाभ ले रहे हैं। बेसहारा पशुओं की समस्या को लेकर सरकारों द्वारा गोसदन खोलने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन उन्हें धरातल पर नहीं उतारा गया है। किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं। पंचायत में धौलाधार रेंज से पानी आता था, लेकिन खनन के कारण पानी में रेत आ रही है और बरसात में पाइपें टूटने से समस्या पेश आती है। वाटर लेवल नीचे जाने के कारण यहां हैंडपंप सफल नहीं हो रहे। पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र की मांग 10 साल से उठाई जा रही है। सरकारों ने मूलभूत सुविधा स्वास्थ्य सेवाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पंचायत हरसंभव प्रयास कर रही है। आगामी पंचायत चुनाव में जनता कहेगी तो चुनाव जरूर लड़ूंगा। जनसेवा करना ही मेरा उद्देश्य है और स्वास्थ्य केंद्र स्थापना के प्रयास किए जाएंगे।

### इलाके में बेसहारा पशुओं की समस्या बढ़ी : कुसुमलता



**पंचायत** निवासी कुसुमलता कहती हैं कि इलाके में बेसहारा पशुओं की वजह से खासी समस्या पेश आती है। बेसहारा पशुओं की समस्या अब काफी बढ़ गई है, मक्की की फसल को बेसहारा पशु तबाह कर चुके हैं। आगामी पंचायत चुनाव में हम काम करने वाले प्रतिनिधि को मौका देना चाहेंगे।

### गर्मियों में अक्सर रहती है पानी की समस्या : करतार



**पंचायत** निवासी करतार चंद का कहना है कि पानी की दिक्कत पेश आती है। गर्मियों में पानी की परेशानी आती है, क्योंकि ऊपर लोग नहाते हैं और गंदगी पानी में आती है। बेसहारा पशुओं की समस्या है, लेकिन ज्यादा नहीं है। आगामी चुनाव में देखेंगे जो काम करने लायक होगा, उसे ही पंचायत प्रतिनिधि चुनेंगे।

### डिस्पेंसरी की मांग की नहीं हुई सुनवाई : अर्जुन



**रक्कड़** निवासी अर्जुन कुमार का कहना है कि यहां डिस्पेंसरी की दिक्कत है। कई बार समस्या उठाई, कोई सुनवाई नहीं होती। कहते हैं कि जगह ही यहां उपलब्ध नहीं है। आईआरडीपी में नाम के लिए आवेदन किया था, मकान के लिए कोई पैसा नहीं मिला। 2017 में फाइल जमा करवाई थी, वर्ष 2025 लग पड़ा, वो फाइल ही नहीं निकली। इस बारे पंचायत को भी बताया गया है।

### मंजू बोलीं- महिला प्रधान ने जागरूक की महिलाएं



**स्थानीय महिला** मंजू देवी कहती हैं कि पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। महिला प्रधान होने से पंचायत की महिलाएं जागरूक हुई हैं। पंचायत में कौन से कार्य हो रहे हैं, इसकी जानकारी समय-समय पर पंचायत प्रधान की ओर से समय-समय पर सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से दी जाती है। बाहर के लोग यहां बेसहारा पशुओं को छोड़ जाते हैं। पंचायत प्रतिनिधि बेहतर कार्य कर रहे हैं।

### पंचायत के हर कार्य की मिलती है जानकारी : अंबिका



**अंबिका शर्मा** का कहना है कि पहले उन्हें पता ही नहीं होता था कि पंचायत में क्या हो रहा है, कौन से काम किए जा रहे हैं, लेकिन वर्तमान प्रधान की बदौलत उन्हें हर कार्य की जानकारी मिल जाती है। हम चाहते हैं कि पंचायत प्रधान व उपप्रधान फिर से चुनाव लड़ें और जीतें, क्योंकि दोनों ने अच्छे कार्य किए हैं। बेहतर कार्यों के चलते ही उपप्रधान दूसरी बार इस पद पर कार्य कर रहे हैं।

### कई बार उठा चुके हैं बस सुविधा की मांग : कल्पना



**कल्पना** का कहना है कि पंचायत प्रधान महिला हैं, जो महिलाओं को हर कार्य में सहभागी बनाती हैं। पंचायत की हर गतिविधि की जानकारी महिलाओं को देती हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जरूरत है, जिसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। पंचायत में बस सुविधा भी नहीं है, जिसकी मांग भी कई बार उठाई गई है। वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों को पुनः मौका मिले तो, पंचायत के विकास को और रफ्तार मिलेगी।

### पंचायत में हो अच्छी डिस्पेंसरी : अतुल



**पंचायत** निवासी अतुल धवन का कहना है कि पंचायत में डिस्पेंसरी अच्छी हो। पानी की समस्या रहती है। कई बार पाइपें टूट जाती हैं, जो परेशानी भरा रहता है। हैंडपंप के भी प्रयास किए गए। स्वास्थ्य केंद्र की मांग उठाई जाती रही है, लेकिन बनेगी तो कब बनेगी कुछ नहीं कहा जा सकता। बेसहारा पशुओं की समस्या तो हर जगह ही बनी हुई है। 20 से 25 फीसदी नुकसान फसलों को बेसहारा पशुओं द्वारा पहुंचाया जाता है। ऐसा पंचायत प्रतिनिधि होना चाहिए, जो पढ़ा-लिखा हो और क्षेत्र का ध्यान रखे।

## हिमाचल में चार जगह हो रहा ड्रोन से खाद का छिड़काव : मंत्री राम नाथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**1261 करोड़ के बजट का किया गया है प्रावधान**


हिमाचल में चार स्थानों पर सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं द्वारा ड्रोन तकनीक के माध्यम से खेतों में खाद का छिड़काव किया जा रहा है। अग्रणी फर्टिलाइजर कंपनियों ने वर्ष 2023 -24 के दौरान सेल्फ हेल्प ग्रुप की ड्रोन दीदियों को कृषि क्षेत्र में उपयोग के लिए 1094 ड्रोन वितरित किए हैं, इनमें से 500 ड्रोन नमो ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत वितरित किए गए हैं। यह जानकारी केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को सदन में दी।

उन्होंने बताया कि इस समय देश के 22 राज्यों में 1094 सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं द्वारा ड्रोन तकनीक के उपयोग से खेतों में खाद का छिड़काव किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की नमो ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत वर्ष 2023–24 से वर्ष 2025–26 तक 1261 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है ताकि कृषि क्षेत्र में विकसित तकनीक को प्रमोट किया जा सके और कृषि की लागत को कम करके किसानों का मुनाफा बढ़ाया जा सके।

### प्रदेश में देखने को मिलेगा तकनीक और मानवता का अनूठा संगम, द विंची सिस्टम देगी अनोखी सुरक्षा

# रोबोटिक सर्जरी से होगा पहला ऑपरेशन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** देवभूमि अब चिकित्सा का एक नया अध्याय लिखने जा रही है, जो तकनीक और मानवता के मिलन से संभव होगा। सात अगस्त की तारीख राज्य के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होने जा रही है, जब शिमला स्थित अटल सुपर स्पेशियलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान, चमियाणा, में पहली बार रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत होगी।

यह सिर्फ एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि उन असंख्य लोगों के लिए आशा की एक नई किरण है जो गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। यह एक ऐसा कदम है जो चिकित्सा की दुनिया में पारंपरिक तरीकों को पीछे छोड़ते हुए एक नए, सटीक और प्रभावी युग का सूत्रपात करेगा। जानकारी के अनुसार चमियाणा अस्पताल में स्थापित अत्याधुनिक द विंची रोबोटिक सिस्टम अपने आप में एक चमत्कार है। यह कोई साधारण उपकरण नहीं, बल्कि चिकित्सा विज्ञान का एक नायाब नमूना है, जो तीन मुख्य हिस्सों पेशेंट कार्ट, विजन कार्ट, और सर्जिकल कंसोल से मिलकर बना है। पेशेंट कार्ट में लगी चार रोबोटिक भुजाएं इतनी सूक्ष्म और कुशल हैं कि वे उन कार्यों को भी अंजाम दे सकती हैं जो मानव हाथों के लिए असंभव हैं। ये भुजाएं शरीर के भीतर बेहद छोटे घावों के माध्यम से काम करती हैं, जिससे मरीजों को कम दर्द, रक्तस्राव और संक्रमण का सामना करना पड़ता है। सर्जन सर्जिकल कंसोल पर बैठकर जॉयस्टिक और फुट पैडल की मदद से इन भुजाओं को नियंत्रित करता है, जिससे वह ऑपरेशन वाले क्षेत्र का 3डी और 10 गुना जूम किया हुआ दृश्य प्राप्त कर पाता है। यह सटीकता और सुरक्षा का ऐसा संगम है जो पारंपरिक सर्जरी में दुर्लभ है।

**कम समय में होगी तेज रिकवरी**

**मरीजों के लिए वरदान साबित**

#### तेजी से होगी मरीजों की रिकवरी

**इस** तकनीक का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह ऑपरेशन के समय को क्रांतिकारी रूप से कम कर देती है। जहां पहले एक जटिल ऑपरेशन में 8 घंटे तक का समय लग सकता था, वहीं अब वह सिर्फ 3 घंटे में पूरा हो जाएगा। समय की यह बचत मरीजों और उनके परिवारों दोनों के लिए बहुत राहत की बात है। इसके अलावा, रोबोटिक सर्जरी से मरीजों की रिकवरी भी बहुत तेज होती है और उन्हें अस्पताल में कम समय रुकना पड़ता है।

#### जटिल सर्जरी को बनाएगी आसान

**यह** तकनीक न केवल पथरी जैसे सामान्य ऑपरेशनों में उपयोगी साबित होगी, बल्कि भविष्य में इसका इस्तेमाल प्रोस्टेट, ट्यूमर और स्त्री रोग (गाइनो) से संबंधित जटिल सर्जरी में भी किया जाएगा, जिससे हजारों मरीजों को सीधा फायदा मिलेगा।

## सुक्खू सरकार में करोड़ों के भ्रष्टाचार का खुलासा, जांच की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा ने सुक्खू सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। विधायक बलबीर वर्मा ने आरटीआई का हवाला देते दावा किया कि सिरमौर की रामपुर भारापुर पंचायत में मोटरसाइकिलों और छोटी गाड़ियों से टनों के हिसाब से रेत-बजरी ढोई गई है।

**मोटरसाइकिल से टनों रेता बजरी की ढुलाई : बलबीर**

वर्मा ने बताया कि एक मोटरसाइकिल एचपी-71-5062 पर दो फेरों में 17.80 मीट्रिक टन और दूसरी मोटरसाइकिल एचपी-71-6233 पर 8 मीट्रिक टन रेता-रोड़ी की ढुलाई की गई, जो तकनीकी रूप से असंभव है। भाजपा का आरोप है कि इस तरह के फर्जी बिल बनाकर सरकारी खजाने से ठेकेदारों को भुगतान किया गया। भाजपा ने इस मामले की गहन जांच की मांग की है।


भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा जानकारी देते हुए।

## परवाणू बैरियर को सनवारा में स्थानांतरित करने के आदेश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने परवाणू में प्रवेश टोल बैरियर को सनवारा में स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। यह फैसला चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर टिम्बर ट्रेल के पास भारी ट्रैफिक जाम के कारण लिया गया, जिससे हजारों यात्रियों को असुविधा हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए खंडपीठ ने राज्य सरकार को विचार करने का निर्देश दिया।

अदालत ने यातायात अव्यवस्था को रेखांकित करते हुए कहा कि टिम्बर ट्रेल के पास वसूला जाने वाला राज्य प्रवेश कर बहुत असुविधा पैदा कर रहा है। अदालत ने सुझाव दिया है कि सनवारा में एक साझा सुविधा स्थापित की जा सकती है, जहां एनएचएआई ने पहले ही एक और टोल बैरियर लगा रखा है। इस मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त, 2025 को होगी।

## प्रदेश की 45 सरकारी सेवाएं एक पोर्टल पर होंगी उपलब्ध



**सीएम ने शुरू की 'डिजिटल हिमाचल' पहल**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने वन स्टेट, वन पोर्टल के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को घर बैठे सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। सीएम ने यह एक 'डिजिटल हिमाचल' पहल शुरू की है।

मुख्यमंत्री ने इस पहल की घोषणा करते बताया कि इसके अंतर्गत कुल 45 सेवाओं को एक ही डिजिटल मंच पर लाया जा रहा है। इस कदम से लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस नई व्यवस्था के तहत, अब संपत्ति कर भुगतान, बिल भुगतान, एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) और अन्य सभी प्रकार की महत्वपूर्ण सरकारी अनुमतियां ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। सरकार ने इस सुविधा को सभी नगर निगमों और शहरी निकायों तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है ताकि इसका लाभ प्रदेश के सभी नागरिकों तक पहुंच सके।

## राज्यपाल से मिले अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की।

इस मुलाकात के दौरान कुलदीप ने राज्यपाल को अनुसूचित जाति समुदाय के हितों की सुरक्षा और उनके कल्याण के लिए आयोग द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों और पहलों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान आयोग के सदस्य विजय डोगरा और दिग्विजय मल्होत्रा भी मौजूद थे।

## इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में 'सारथी' योजना शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी), शिमला में मरीजों और उनके तीमारदारों की मदद के लिए एक नई पहल शुरू की गई है, जिसका नाम 'सारथी' योजना है।


इस योजना के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स को अस्पताल में तैनात किया गया है, जो मरीजों को दिशा-निर्देश देंगे और उन्हें जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे। ये सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ये कैडेट्स अस्पताल परिसर में रहेंगे और मरीजों की मदद करेंगे।

## सीपीआई (एम) का शिमला में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्कसवादी की जिला कमेटी, शिमला ने बिजली बोर्ड कर्मचारियों के ट्रेड यूनियन अधिकारों की बहाली और उन पर हो रहे हमलों के विरोध में बिजली बोर्ड के मुख्य कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में शामिल पार्टी के जिला सचिव विजेंद्र मेहरा, जगत राम, फालमा चौहान, बालक राम समेत अन्य नेताओं ने मांग की कि यूनियन नेताओं को जारी की जा रही चार्जशीट, निलंबन और तबादलों को तुरंत रद्द किया जाए। उन्होंने 7 अगस्त को होने वाली बिजली कर्मियों की रैली के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए उसे खुला समर्थन दिया।



# मोबाइल पर ही डाक की ट्रैकिंग कर सकेंगे ग्राहक

## एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी के माध्यम से मिलेगी सुविधा

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** प्रदेश में डाक विभाग के माध्यम से सामान भेजने वाले ग्राहक अब मोबाइल पर अपने भेजे सामान को ट्रैक कर सकेंगे। यह सुविधा डाक विभाग द्वारा लांच की गई एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी 2.0 के माध्यम से मिलेगी।

इसके जरिए जहां कर्मचारियों को कार्य करने में आसानी होगी, वहीं ग्राहक भी घर बैठे अब डाक सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह एप्लीकेशन न सिर्फ सेवा की गति बढ़ाएगा, बल्कि इसके जरिए ग्राहक अब क्यूआर कोड का उपयोग कर डिजिटल भुगतान भी कर सकेंगे, जिससे लेन-देन अधिक सुरक्षित और पारदर्शी होगा। अब ग्राहक अपने मोबाइल पर ही डाक की ट्रैकिंग कर सकेंगे और किस दिन कौन-सी डाक कहां तक पहुंची, इसकी पूरी जानकारी रीयल टाइम में मिल सकेगी। डाक विभाग की मानें तो इस टेक्नोलॉजी के माध्यम से कार्य की प्रक्रिया एक-दो माह में स्ट्रीमलाइन हो जाएगी।

### 70 हजार वाटरप्रूफ राखी के लिफाफे बिके

**रक्षा** बंधन पर्व को लेकर डाक विभाग ने बहनों की सुविधा के लिए वाटरप्रूफ रक्षाबंधन लिफाफे डाकघरों में उपलब्ध करवाए हैं। प्रदेशभर में 70 हजार से अधिक इन लिफाफों के माध्यम से बहनों ने अपने भाइयों को राखी भेजी हैं। बहनें इस वाटरप्रूफ लिफाफे में राखियां रखकर डाक विभाग से स्पीड पोस्ट के जरिए भाइयों को राखी भेज सकती हैं। सभी डाकघरों में ये सुविधा दी जा रही है।

**प्रदेशभर** में एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी 2.0 को लांच किया गया है। इसके माध्यम से ग्राहक अपने सामान को घर बैठे मोबाइल से ट्रैक कर सकेंगे। साथ ही कर्मचारियों को भी कार्य में आसानी होगी। रक्षा बंधन के लिए सभी डाकघरों में राखी लिफाफे उपलब्ध करवाए गए हैं, अब तक 70 हजार लिफाफे बिक चुके हैं।

**-प्रवीण कुमार, निदेशक, डाक सेवाएं हिमाचल प्रदेश।**

## मनजीत कुमार बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर मंडल से पूर्व ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यालय सचिव एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रह चुके मनजीत कुमार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर समर्थकों ने बधाई दी है। मनजीत पूर्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विविध दायित्वपूर्ण भूमिकाओं में सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने संघ के धर्म जागरण विभाग में कांगड़ा विभाग के विभाग संयोजक के रूप में कार्य करते हुए समाज में धार्मिक जागरण, हिंदू एकता, धर्म रक्षा, घरवापसी अभियान, और सामाजिक समरसता जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर सक्रिय योगदान दिया। उनका कार्यक्षेत्र सदैव राष्ट्रधर्म, संस्कृति संरक्षण और हिंदू समाज के जागरण से प्रेरित रहा है।



# भारी बारिश से कोटबल्ह व लाहड़ू बरसोला पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त

## पेयजल आपूर्ति बाधित होने से जनता को उठानी पड़ रही परेशानी



भारी बारिश के बाद मलबा गिरने से क्षतिग्रस्त हुई पेयजल योजना।

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

**डरोह।** जलशक्ति विभाग उपमंडल धीरा के अंतर्गत आने वाली कोटबल्ह एवं लाहड़ू बारसोला पेयजल योजनाएं भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

इसके चलते गांवों की पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। पेयजल आपूर्ति बाधित होने से जनता को परेशानियों का सामना करने को विवश होना पड़ रहा है।

जलशक्ति विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इन योजनाओं को बहाल करने में युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं। विभाग का दावा है कि आगामी एक हफ्ते के भीतर इन योजनाओं को बहाल करना विभाग की प्राथमिकता रहेगी। जल शक्ति विभाग उपमंडल धीरा के सहायक अभियंता डिंपल कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दस अगस्त तक क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाएं बहाल कर दी जाएंगी।

### शाहपुर उपमंडल में पशुशाला ढहने से लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर उपमंडल के अंतर्गत भारी बारिश के चलते तीन पशुशाला ढहने से एक लाख तीस हजार रुपए का नुकसान हुआ है। उपमंडल आधिकारी करतार चंद ने बताया कि सुरक्षा देवी निवासी रेहलू की गोशाला ढहने से रुपए 1,00,000 का नुकसान हुआ है। वहीं, आशा देवी निवासी ठारु की गोशाला ढहने से 15,000 रुपए का नुकसान हुआ है, साथ ही रक्षा देवी निवासी भटेच की गोशाला ढहने से 15,000 रुपए का नुकसान हुआ है।

## विदेश में नौकरी करने के लिए युवा करें आवेदन : अक्षय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला अक्षय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विदेशों में नौकरी करने के इच्छुक आवेदक श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग द्वारा गूगल शीट के माध्यम से पंजीकरण करवाया जा रहा है, जो आवेदक विदेशों में नौकरी करने के इच्छुक हैं वे दिए गए क्यू-आर कोड को स्कैन करके अपना पंजीकरण करवा सकते हैं, ताकि भविष्य में उनकी शैक्षणिक योग्यता व अनुभव को देखते हुए जिस भी देश से विभाग को मांग पत्र प्राप्त होता है तो उनके नाम पर विचार किया जा सकता है और जो भी उस देश के तय नियम व शर्तें होगी उनसे भी आवेदक को अवगत करवाया जाएगा। इसके लिए आवेदक गूगल शीट को भरना सुनिश्चित करें, ताकि विदेशों में नौकरी करने के अवसरों का लाभ उठा सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### अरुदित जीत राणा का एमबीबीएस में चयन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** धीरा के अरुदित जीत पुत्र अनिल कुमार राणा का चयन अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के तहत एसएलबीएस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल नेरचौक मंडी में हुआ है। उन्होंने अपनी दसवीं की शिक्षा माउंट कार्मल ठाकुरद्वारा और 12वीं धौलाधार पब्लिक स्कूल धर्मशाला से उत्तीर्ण की है। माता रेणुबाला जीपीएस चौकी में हेड टीचर हैं, जबकि पिता अनिल कुमार राणा धीरा स्कूल में सुपरिंटेंडेंट हैं। इस बड़ी उपलब्धि से पूरे परिवार में उत्साह और गर्व का माहौल है।

### मोरछ गांव का बेटा रिंकू बना सह-लेखा अधिकारी



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** कांगड़ा जिले के शाहपुर की पर्यटन घाटी बोह के गांव मोरछ के निवासी ठाणु राम जरयाल के बेटे रिंकू जरयाल ने अपनी मेहनत और संघर्ष के बल पर हाउसिंग एंड अर्बन अफेयरस गवर्नमेंट ऑफ इंडिया दिल्ली में असिस्टेंट अकाउंटेंट ऑफिसर (सह-लेखा अधिकारी) के पद पर नियुक्ति पाई है। रिंकू जरयाल ने अपनी प्राथमिक शिक्षा सरकारी स्कूल मोरछ से प्राप्त की, और आगे की शिक्षा राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बोह से पूरी की। बीसीए अनामलाई विश्वविद्यालय, कर्नाटक से और एमबीए फाइनेंस एपीजी विश्वविद्यालय, शिमला से किया। दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा घोषित फाइनल परिणाम में उनका चयन असिस्टेंट अकाउंटेंट ऑफिसर के पद पर हुआ है।

### प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए टीमें गठित

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर में हाल ही में हुई भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के मद्देनजर विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के दिशा-निर्देशों के अनुसार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक विशेष निरीक्षण टीम गठित की गई हैं। यह टीम आपदा से प्रभावित धारकंडी तथा निचले शाहपुर क्षेत्र में जाकर मौके पर स्थिति का जायजा लेंगी। ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों की यह टीम क्षति की व्यापक रिपोर्ट तैयार कर विधायक के समक्ष प्रस्तुत करेगी। तत्पश्चात विधायक केवल सिंह पठानिया स्वयं यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर उचित मुआवजा और राहत उपलब्ध करवाई जा सके।

### थुरल कॉलेज में रिया को मिस ब्यूटीफुल चुना



**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय थुरल में मंगलवार को आयोजित 'फ्रेशर पार्टी-स्वागत 2025' कार्यक्रम में नए प्रथम वर्ष के छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्राचार्या राका शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रेरणादायक भाषण देकर छात्रों को कॉलेज जीवन में मेहनत, समर्पण और लक्ष्य प्राप्ति की ओर प्रोत्साहित किया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और 'नशा निवारण' विषय पर लघु नाटिका पेश की। मिस्टर फ्रेशर शुभम, मिस फ्रेशर इशिता जम्वाल, मिस्टर हैंडसम आदर्श और रिया को मिस ब्यूटीफुल चुना गया।

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा शुरू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कलश यात्रा के शुभारंभ के साथ शाकुंतलम आश्रम, बलबीर चौक, आलंग मोक्षधाम, ठाकुरदारा लदोह-टटेहल में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का दिव्य प्रारंभ हो गया है। यह पावन कथा 11 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक भक्तिभाव से संपन्न होगी। 12 अगस्त को भक्ति-भोजन (भंडारा) का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी श्रद्धालु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों पर बैठक

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन संयुक्त कार्यालय भवन पालमपुर के परिसर में किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम पालमपुर, नेत्रा मेती की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर निगम महापौर गोपाल नाग, उप महापौर राजकुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के महत्व को देखते हुए एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय रहते आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी व एनएसएस की टुकड़िया द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा।

### पंचायतीराज की सशक्तता पर रखे विचार



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन द्वारा 3-4 अगस्त तक करनाल में दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अगुवाई संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार, राष्ट्रीय महासचिव दीपक व हिमाचल प्रभारी डॉ. संजय ने की। शिविर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला से सुलह विधानसभा की जिला परिषद सदस्य व राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की जिला अध्यक्ष रूपरेखा ने अन्य जिलाध्यक्षों के साथ भाग लिया। रूपरेखा ने पंचायती राज की सशक्तता और उसमें महिलाओं की भूमिका पर विस्तृत रूप से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पंचायतों में सक्रिय भागीदारी निभाकर विकास कार्यों में नेतृत्व करना चाहिए। शिविर का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाना और जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करना रहा।

# हिमाचल को बेचने की तैयारी में जुटी सुक्खू सरकार : संजय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**प्रदेश** भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अपने करीबी मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रदेश की संपत्तियों को बेचना चाहती है। संजय शर्मा ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को घेरते हुए कहा कि विपक्ष में रहते वे 'हिमाचल फॉर सेल' का नारा लगाते थे, लेकिन अब उनकी सरकार खुद प्रदेश को बेचने में लगी है। उन्होंने खुलासा किया कि पर्यटन निगम के होटलों को बेचे जाने की प्रक्रिया चल रही है।

शिमला-बिलासपुर मार्ग पर स्थित होटल मेघदूत प्रोजेक्ट (पूर्व में एप्पल कार्ट इन) को लेकर बताया गया कि इसका शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह और उद्घाटन जयराम ठाकुर ने किया था।

2021 में एक दिल्ली की कंसल्टेंट कंपनी ने इस होटल के लिए डेढ़ करोड़ की बोली लगाई थी, जिसे अस्वीकार कर दिया गया, लेकिन अब उसी कंपनी द्वारा 2025 में अढ़ाई करोड़ की बीड रिवाइज्ड बीड के नाम पर दी गई है।

**बोले- प्रदेश में मित्रों को लाभ पहुंचाने का हो रहा कार्य**


भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने भी सवाल उठाते हुए कहा कि एडीबी द्वारा भारत दर्शन योजना के तहत मिला रेनोवेशन बजट इस होटल को दिए जाने से मना करता था। नादौन और देहरा में 50-50 करोड़ के होटलों के निर्माण को लेकर आधार पूछते हुए उन्होंने कहा कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने की क्या योजना है, सरकार स्पष्ट करे। साथ ही कश्मीर हाउस को पर्यटन कार्यालय बनाने और केंद्रीय विश्वविद्यालय को लेकर 30 करोड़ की राशि जमा न करवाने पर भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए गए।

## 73वें संविधान संशोधन को लागू न करना लोगों के अधिकारों पर कुठाराघात : बलदेव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम 1992 जिसमें ग्राम सभा को तीसरी सरकार माना गया है, को राज्य सरकारें क्यों लागू नहीं कर रही है। भारत गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक तथा स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने प्रेस बयान में कहा कि देश की सत्तासीन पार्टियां तथा सरकारें संविधान के 73वें संशोधन को जानबूझकर लागू न करके आम जनता के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही हैं। बलदेव राज सूद ने कहा कि उक्त संशोधन के अनुसार ग्राम सभा को तीसरी सरकार माना है। पहली सरकार लोकसभा, दूसरी सरकार विधानसभा, तीसरी सरकार ग्रामसभा को भी वहीं अधिकार प्राप्त हैं। जैसे स्थानीय जनता के हित में कानून बनाना, कानून बदलना, कर लगाना तथा कर का उपयोग जन हित में करना इत्यादि इस प्रकार ग्राम सभा को स्थानीय जनहित के लिए 29 प्रकार के अधिकार प्राप्त हैं। अगर यह संशोधन लागू हो जाता है, तो जनता की सारी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर होने लगेगा तथा आम जनता को सरकारी कार्यालयों तथा न्यायालयों के चक्कर लगाने से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान पार्टी तथा भारत गठबंधन से जुड़ी पार्टियां देशभर में सत्ता के विकेंद्रीकरण तथा आर्थिक विकेंद्रीकरण के अभियान को लेकर कार्यरत हैं तथा हमें जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# फटकार का नया रिकॉर्ड बना रहे हैं राहुल गांधी: शांता

अनंत ज्ञान, पालमपुर



**पूर्व** मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी भी विपक्षी नेता को सुप्रीम कोर्ट से इतनी कठोर फटकार कभी नहीं पड़ी, जितनी राहुल गांधी को पड़ी है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय की यह टिप्पणी, यदि वे सच्चे भारतीय होते तो सेना के बारे में ऐसी बातें न कहते, देश की सेना के प्रति अपमानजनक बयान पर एक स्पष्ट और कड़ा संदेश है।

शांता ने कहा कि सेना देश की सुरक्षा के लिए सीमाओं पर जान की बाजी लगाती है और राष्ट्रध्वज में लिपटकर शहीद होती है। ऐसे में सेना के बारे में अपमानजनक बातें करना निंदनीय और अस्वीकार्य है। उन्होंने कांग्रेस नेता को फटकारों का 'नया रिकॉर्डधारी' बताते हुए कहा कि राहुल गांधी लगातार झूठे बयान देकर खुद की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में स्व. अरुण जेटली के बारे में भी उन्होंने गलतबयानी की, जो बाद में बेनकाब हो गई। बिहार चुनाव में धांधली के आरोपों पर कहा कि चुनाव आयोग स्वयं स्पष्ट कर चुका है कि केवल मृतकों और अनुपस्थित मतदाताओं के नाम ही हटाए गए हैं। इसके बावजूद राहुल गांधी यह दावा कर रहे हैं कि उनके पास 'सबूतों का परमाणु बम' है। शांता ने कहा कि अगर उनके पास वास्तव में सुबूत हैं, तो वह परमाणु बम जल्दी फोड़ें। कहीं ऐसा न हो कि वह बम उन्हीं की जेब में फट जाए। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी और महात्मा गांधी एवं नेहरू जैसे नेताओं की विरासत को संभालने वाली कांग्रेस अब ऐसे नेतृत्व के हाथों में है, जो व्यर्थ की बयानबाजी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी कांग्रेस का राजनीतिक अंतिम संस्कार कर देने पर आमादा है।

### स्वास्थ्य विभाग महाकाल ब्लॉक के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन की कार्यकारिणी गठित

# बृज लाल को अध्यक्ष की कमान

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** स्वास्थ्य विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल के अधीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन मंगलवार को किया गया। बृजलाल चौधरी को कार्यकारिण का ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया।

संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रूप सिंह संधू, महासचिव अरुण वर्मा, सहसचिव ईश्वर दास और कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष बृजलाल चौधरी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी कर्मचारियों को साथ लेकर चलेंगे और समय-समय पर कर्मचारियों की मांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।



चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

# वंशुल और शानवी ने पास की नीट परीक्षा

**नरिंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** बीके पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयसिंहपुर की दो छात्राओं ने नीट 2025 की परीक्षा क्वालीफाई करके एमबीबीएस में दाखिला लेकर अपने स्कूल के साथ-साथ माता-पिता, शिक्षकों व जयसिंहपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वंशुल राणा के पिता अजीत सिंह जो एक टैक्सी चालक हैं और माता मंजना देवी गृहिणी है। वंशुल राणा कुम्हारनू लोअर लंबागांव से है। अब आईजीएमसी शिमला से एमबीबीएस की पढ़ाई करेगी। इसी स्कूल की दूसरी छात्रा शानवी गुलरिया पुत्री दिनेश गुलरिया एवं दिशा गुलरिया एमबीबीएस की पढ़ाई गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज चंबा से करेगी। शानवी गुलरिया के पिताजी गवर्नमेंट स्कूल सरीमोलग में प्रवक्ता हैं, जबकि माताजी गवर्नमेंट स्कूल हलेड़ में अध्यापिका हैं। इस गौरवपूर्ण क्षण पर स्कूल चेयरमैन बसंत गुलेरिया व स्कूल प्रबंधक विजय गुलेरिया ने दोनों छात्राओं को बधाई दी।



# गैलेक्सी स्कूल नगरोटा सूरियां में मॉडल प्रदर्शनी, तकनीकी कौशल का अद्भुत प्रदर्शन

**बच्चों ने रॉकेट, इनवर्टर, ह्यूमन रेस्पिरेशन, वाटर प्यूरिफाई मॉडल बनाकर सभी को हैरान किया**

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**नगरोटा सूरियां।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. गुलशन कुमार तथा निदेशक किरण लता वैद्य ने किया, जिसमें अभिभावकगण भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों ने रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्कृत और हिंदी प्रदर्शनी से हुआ, जिसमें बच्चों ने जगन्नाथ मंदिर, गोवर्धन पर्वत, ताजमहल, अयोध्या राम मंदिर व हिंदी, संस्कृत वाटिका की सैर करवाई।

कंप्यूटर में विद्यार्थियों ने एआई स्मार्ट सिटी, साइंस प्रदर्शनी में बच्चों ने रॉकेट, इनवर्टर, ह्यूमन रेस्पिरेशन, वाटर प्यूरिफाई इत्यादि वर्किंग मॉडल बनाकर सभी उपस्थित परिजनों और अन्य लोगों को हैरान कर दिया। सामाजिक विज्ञान में बच्चों ने वर्किंग मॉडल में वोटिंग मशीन, डे एंड नाइट, इंग्लिश में नाउन प्रोनाउन, गणित में त्रिकोणमिति फंक्शन और आर्ट क्राफ्ट में बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से वेस्ट बनाकर कई सुंदर चीजों को प्रदर्शनी में पेश कर दिया था। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा, उप प्रधानाचार्या श्वेता वैद्य समन्वयिका रानी धीमान, प्राइमरी मुख्याध्यापिका अंजू सलाथिया व अन्य अध्यापक गण भी उपस्थित रहे। बच्चों के अभिभावकजनों ने बच्चों की बहुत सराहना की।



प्रदर्शनी का उद्घाटन करते स्कूल प्रबंध निदेशक डॉ. गुलशन कुमार।

### कार्यक्रम | हिमाचल प्रतिभाओं का पर्व बना 'बिग टैलेंट हंट ऑफ हिमाचल सीजन-4'

# अनुष्का और विनोद को 'स्टार ऑफ द शो' का खिताब

सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान

**गरली।** गरली के निकट राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान बलाहर के प्रांगण में हिम जागृति मंच की ओर से आयोजित बिग टैलेंट हंट ऑफ हिमाचल सीजन-4 ने इस बार केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रदेश के कोने-कोने से छुपी हुई प्रतिभाओं का जागरूक, जीवंत और जनजागृति से भरा प्रदर्शन बनकर अपनी अलग पहचान बनाई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेविका अनिता वालिया ने शिरकत की।

वहीं विशिष्ट अतिथि नरेंद्र त्रेहन ने इसे हिमाचल की आत्मा से निकला आत्मविश्वास का पर्व कहा। कार्यक्रम में हिमाचल के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रतिभागियों ने डांस, सिंगिंग, मॉडलिंग, पेंटिंग, शायरी, मिमिक्री, योग और एक्टिंग की विधाओं में अपने हुनर का प्रदर्शन किया, जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। योग कैटेगरी में प्रिंस डोगरा, दिशा डोगरा और कृतिका, एक्टिंग में सोनाक्षी, इंस्ट्रूमेंटल में विशुरत और अंकित, लाइव पेंटिंग में प्रियंशी वशिष्ठ, सिंगिंग सीनियर वर्ग में विनोद, रजत और मान्या, जूनियर में इनायत, डांस कैटेगरी में कृतिका-साक्षी, मावलिन, आराध्य, शुभम, ऋतिका, अनुष्का सूद जैसे नाम विजयी रहे। स्टार ऑफ द शो का खिताब अनुष्का सूद (डांस) और विनोद (सिंगिंग) को मिला, जिन्हें क्रमशः 3100 व 2100 रुपए की राशि से सम्मानित किया गया। मॉडलिंग श्रेणी में मिस आइकोनिक हिमाचल बनीं सम्मु कपूर, मिस्टर आइकोनिक सौरव शर्मा और मिस टीन आइकोनिक मनीषा रहीं। किड्स मॉडलिंग में त्रिशा ने पहला स्थान पाया। डीएमएक्स डांस क्रू ग्रुप डांस विजेता रहा। कार्यक्रम में विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, गिफ्ट्स व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।




बिग टैलेंट हंट ऑफ हिमाचल सीजन-4 में समाजसेविका अनिता वालिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

# योल निवासी डॉक्टर दंपती देंगे टांडा में सेवाएं

## स्थानीय लोगों में खुशी, क्षेत्र को मिला गौरव

मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान

**योल।** योल क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि योल निवासी डॉक्टर सिद्धांत कोरला अब राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में बतौर सीनियर रेजिडेंट ऑर्थोपेडिक सर्जन सेवाएं देंगे।

डॉक्टर सिद्धांत पूर्व में सिविल अस्पताल पालमपुर में कार्यरत थे और अपनी कुशल सेवा और समर्पण से लोगों के बीच अच्छी पहचान बना चुके हैं। उनके टांडा मेडिकल कॉलेज में चयनित होने से न केवल उनके परिजनों में बल्कि पूरे क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। विशेष बात यह है कि डॉक्टर सिद्धांत की पत्नी डॉक्टर अक्षु भारद्वाज कोरला का भी चयन सीनियर रेजिडेंट एनेस्थीसिया के पद पर हुआ है और वह भी टांडा मेडिकल कॉलेज में ही अपनी सेवाएं देंगी।

डॉक्टर दंपती की एक साथ इस प्रतिष्ठित संस्थान में नियुक्ति होने को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉक्टर सिद्धांत और डॉक्टर अक्षु जैसे योग्य और कर्मठ चिकित्सकों की मौजूदगी से क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। साथ ही, चिकित्सा क्षेत्र में योल कस्बे का नाम और भी रोशन होगा। गांव के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने डॉक्टर दंपती को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



डॉक्टर सिद्धांत    अक्षु भारद्वाज

## न्यूज ब्रीफ

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों पर की चर्चा



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को बैजनाथ के एसडीएम संकल्प गौतम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में तय किया गया कि कार्यक्रम एसडीएम कार्यालय के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक में ध्वजारोहण, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं पुरस्कार वितरण जैसे आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने सभी विभागों को साफ-सफाई, व्यवस्था, जलापूर्ति, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा, माइक और ध्वनि प्रणाली समेत सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करने को कहा।

### नौरी में की 28 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच



**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा शुरू की गई मोबाइल स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत मंगलवार को पीरसलूही पंचायत के गांव नौरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एमओ डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें 28 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान सभी मरीजों के लैब टेस्ट भी किए गए। डॉक्टर विजय जरियाल व उनकी टीम ने सभी मरीजों को उचित चिकित्सा परामर्श देने के साथ-साथ संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और रोगों की रोकथाम के उपायों पर भी मार्गदर्शन दिया।

### आदित्य सिंह टांडा में करेंगे एमबीबीएस



**नरिंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के आदित्य सिंह जग्गी डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा से एमबीबीएस करेंगे। नीट 2025 की परीक्षा उत्तीर्ण करने ले बाद उनका चयन टांडा मेडिकल कॉलेज के लिए हुआ है। एमबीबीएस में चयन होने पर परिवार के सभी सदस्यों में खुशी का माहौल है। आदित्य के दादा रणबीर जग्गी व दादी रमेश कुमारी अपने पोते की इस सफलता पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। आदित्य के पिता अश्वनी जग्गी एक शिक्षक हैं व माता गृहिणी है। आदित्य ने अपनी शिक्षा डीएवी स्कूल पालमपुर से हासिल की है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अध्यापकों एवं परिजनों को दिया।

### उर्मिला राणा ने राहत कोष में भेंट किए 5 हजार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बड़ोल निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं रेडक्रॉस की उप पैट्रन उर्मिला राणा ने जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर डीसी हेमाराज बैरवा को मंडी जिले के आपदा प्रभावित लोंगों की सहायता के लिए अपनी ओर से 5 हजार रुपए का अंशदान मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए भेंट किया। उर्मिला राणा कई संस्थाओं से जुड़ी है तथा सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देती रहती हैं। उपायुक्त ने उनके नेक काम की सराहना की।

### बीएड कॉलेज धर्मशाला में मेडिटेशन कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय में हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं के लिए शिवकृपानंद स्वामी फाउंडेशन द्वारा हिमालयन मेडिटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मार्गदर्शन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती वर्मा ने किया, जबकि प्रो. बबीता चंबियाल और डॉ. मनोज कुमार की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर छात्र-शिक्षिकाओं को मन की शांति, चिंता में कमी और भावनात्मक संतुलन स्थापित करने के लिए सरल व प्रभावशाली ध्यान तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर 35 छात्र-शिक्षिकाएं और 2 संकाय सदस्य कार्यशाला में उपस्थित रहे।

### ड्यूटी के दौरान बेलदार घायल, टांडा रेफर

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** जल शक्ति विभाग में कार्यरत बेलदार डिंपल कूहल की सफाई के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए। भवारना से होकर बहने वाली कृपाल चंद कूहल में लोहे के एंगल को हटाते समय डिंपल के पैर में एंगल लग गया, जिससे गंभीर चोट आई। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए पालमपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चोट इतनी गंभीर है कि अब उनके पैर को काटने की नौबत आ गई है। डिंपल की पत्नी ने चिंता जताते हुए कहा कि उनके पति ही घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं और यदि उनका पैर काटा गया तो परिवार की आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा। वहीं, मुख्य अभियंता दीपक गर्ग ने कहा कि डिंपल की हरसंभव मदद के आदेश जारी कर दिए गए हैं और विभाग उनका पूरा सहयोग करेगा।

### पेंशन और बकाया भुगतान की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कल्याण मंच की मासिक बैठक बस संस्थान कांगड़ा में जिला अध्यक्ष चमन पुंडीर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनरों ने समय पर पेंशन, बकाया भुगतान, ग्रेच्युटी और एरियर जारी करने की मांग की। वैसाख राज के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। नई कार्यकारिणी गठन को लेकर जल्द बैठक बुलाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश के आपदा पीड़ितों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की गई।

### आज शाम छोड़ा जाएगा पौंग बांध का पानी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पौंग बांध का जलस्तर बढ़ने के चलते बीबीएमबी बुधवार शाम 5 बजे टरबाइन व स्पिलवे से 23300 क्यूसिक पानी छोड़ेगा। बीबीएमबी ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भेजकर सूचित किया है। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने बताया कि निचले क्षेत्रों को पहले ही अलर्ट कर दिया गया है। प्रशासन पूरी तरह से तैयार है और जनता से भी सतर्क रहने की अपील की गई है।

# बरसात का कहर : कांगड़ा और चंबा जिले में 125 पेयजल योजनाएं प्रभावित

## दोनों जिलों में जल शक्ति विभाग को 170 करोड़ रुपए का नुकसान

**मौसम मेहरबान रहा तो डेढ़ सप्ताह में अस्थायी तौर पर रिस्टोर होंगी प्रभावित योजनाएं**

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** प्रदेशभर में बरसात का कहर लगातार जारी है। विभिन्न विभागों को बरसात से नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी कड़ी में बात करें जल शक्ति विभाग की तो कांगड़ा और चंबा जिले में विभाग की 1650 योजनाओं में से 125 के लगभग प्रभावित हुई हैं।

विभाग को बरसात में अब तक दोनों जिलों में 170 करोड़ रुपए तक का नुकसान झेलना पड़ा है। विभाग की मानें तो आगामी दिनों में मौसम मेहरबान रहा तो डेढ़ सप्ताह के भीतर प्रभावित योजनाओं को अस्थायी तौर पर रिस्टोर कर दिया जाएगा। हालांकि, विभाग इस तरह की उम्मीद जता रहा है, लेकिन बरसात है कि थमने का नाम नहीं ले रहा है। विभाग की प्राथमिकता पेयजल योजनाओं को दुरुस्त करना रहता है। हालांकि, विभाग की ओर प्रयास किया जाता है कि प्रभावित योजनाओं को जल्द रिस्टोर किया जाए, लेकिन स्थायी तौर पर योजनाओं को ठीक करने में समय लगता है, ऐसे में विभाग की ओर से अस्थायी तौर पर योजनाओं को चालू किया जा रहा है, जिससे आम जनता को पेयजल सुविधा मिलती रहे।

**ब्यास पर आधारित योजनाएं ज्यादा प्रभावित**

**ब्यास** नदी पर आधारित पेयजल योजनाओं में जयसिंहपुर, थुरल, देहरा जो कि ब्यास किनारे स्थित हैं तथा यहां की योजनाएं ज्यादातर प्रभावित हुई हैं। धर्मशाला में 550 मीटर लाइन भूस्खलन से प्रभावित धर्मशाला शहर में पेयजल योजनाओं के दो प्रमुख स्त्रोत हैं, जिसमें भटेड़ खड्ड और गज खड्ड है, भटेड़ खड्ड से आने वाली पेयजल लाइन को रिस्टोर कर दिया गया है, जबकि गज खड्ड से आने वाली पेयजल योजना की भी 550 मीटर लाइन भूस्खलन से प्रभावित हुई है। अभी भी वहां भूस्खलन के साथ पत्थर गिर रहे हैं। धर्मशाला, चंबा, देहरा और जयसिंहपुर की पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। इन योजनाओं को रिस्टोर करना चुनौतिपूर्ण है, क्योंकि इन कार्यों में सुरक्षा का भी ध्यान रखना पड़ता है। विभाग की टीम लगातार प्रयासरत है, यदि बरसात विकराल रूप धारण नहीं करती है तो आगामी 10 से 12 दिनों में इन सभी योजनाओं को अस्थायी तौर पर रिस्टोर कर दिया जाएगा।



**कांगड़ा** और चंबा जिले में करीब साढ़े सोलह सौ पेयजल योजनाएं हैं, जिनमें 1525 के लगभग प्रभावित होने के साथ उन्हें ठीक भी किया जा रहा है। 125 के लगभग योजनाएं अभी ऐसी हैं, जो कि रिस्टोर होने को हैं। दोनों जिलों में अब तक जल शक्ति विभाग को 170 करोड़ का नुकसान झेलना पड़ा है। इसमें पेयजल, सिंचाई और सीवरेज की योजनाएं शामिल हैं।

**-दीपक गर्ग, चीफ इंजीनियर, जल शक्ति विभाग धर्मशाला जोन**

### एमसीएम डीएवी कांगड़ा में 35 एनसीसी कैडेट्स का चयन



एमसीएम डीएवी कांगड़ा में एनसीसी कैडेट्स की चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**एमसीएम** डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) के नए सत्र 2025-26 के लिए कैडेट्स की चयन प्रक्रिया सफलता पूर्वक पूरी की गई।

इस चयन प्रक्रिया में कॉलेज के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देशसेवा की भावना के साथ स्वयं को प्रस्तुत किया। चयन प्रक्रिया 5 एचपी (आई) कंपनी एनसीसी धर्मशाला के सौजन्य से लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मोदी, सूबेदार संतोष सिंह, लेफ्टिनेंट सुमित पठानिया और अन्य पीआई स्टाफ की देखरेख में संपन्न हुई। चयन के दौरान छात्रों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क पर विशेष ध्यान दिया गया। इस प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 35 कैडेट्स का चयन किया गया, जिनमें 19 एसडी (सीनियर डिवीजन) और 16 एसडब्ल्यू (सीनियर विंग) कैडेट्स शामिल हैं। चयनित कैडेट्स आगामी सत्र में एनसीसी की विविध गतिविधियों में भाग लेकर न केवल अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी योगदान देंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति जैसे गुणों का विकास करता है।

### मटौर कॉलेज में छात्राओं को बताए महिला अधिकार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**राजकीय** महाविद्यालय मटौर के महिला प्रकोष्ठ द्वारा बीए/बीकॉम प्रथम वर्ष की नवागंतुक छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सुविधाओं, गतिविधियों और प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली से परिचित करवाना था।

कार्यक्रम के दौरान प्रकोष्ठ की सदस्यों ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, आत्मरक्षा, यौन शोषण से सुरक्षा (पॉक्सो एक्ट) और महिलाओं के अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। छात्राओं को प्रेरित किया गया कि वे किसी भी अवांछनीय घटना की जानकारी तुरंत प्रबंधन या संबंधित प्रकोष्ठ को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें नई शैक्षणिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्राएं सोशल मीडिया का प्रयोग सतर्कता से करें और साइबर क्राइम से स्वयं को सुरक्षित रखें। साथ ही बुरी संगति से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रकोष्ठ की सदस्याएं प्रो. शिवानी दत्ता, प्रो. सुदेश कुमारी, डॉ. नीतू सिन्हा और प्रो. राजलक्ष्मी भी उपस्थित रहीं।

### एयरपोर्ट विस्तार पर असमंजस, विस्थापितों को मुआवजे का इंतजार

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर प्रदेश सरकार जहां प्रयासरत है, वहीं स्थानीय लोगों का सब्र अब टूट रहा है। जिन गांवों की भूमि अधिग्रहण के तहत आ चुकी है, वहां के लोगों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। वहीं, जिनकी जमीनें विस्तार की संभावित सीमा में हैं, वे असमंजस में लटके हुए हैं।

हाईकोर्ट में मामला लंबित होने के कारण स्थिति और उलझ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार उन्हें स्पष्ट करे कि एयरपोर्ट बनेगा या नहीं। जमीन के बढ़ते भाव और अनिश्चितता के माहौल में वे न तो अपनी संपत्ति बेच पा रहे हैं और न ही भविष्य की योजना बना पा रहे हैं। विस्थापितों को चिंता सता रही है कि उन्हें पर्याप्त मुआवजा न मिला तो वे नया घर या जमीन नहीं खरीद पाएंगे। व्यापारी भी मुआवजे व पुनर्वास की प्रतीक्षा में हैं। व्यापारी व लोगों का कहना है कि उनका भविष्य अंधकार दिखाई दे रहा है।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत महिला को दिए दो लाख रुपए



प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का क्लेम सुमन देवी को दिया।

**रमन राणा, अनंत ज्ञान**

**भडवार।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा भडवार की ओर से सुमन देवी पत्नी महेंद्र सिंह गांव हंगेरा निवासी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख की राशि दी गई।

ज्ञात रहे कि कुछ समय पूर्व महेंद्र सिंह की मौत बीमारी के कारण हो गई थी, उन्होंने हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा भडवार से 100000 का किसान क्रेडिट कार्ड भी लिया हुआ था। उन्होंने अपने खाते में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत वर्ष 2024 में 436 का बीमा लिया था, जिसका वर्ष 2025 में भी नवीनीकरण हुआ। 2 जुलाई, 2025 को बीमारी के उपरांत महेंद्र की मौत हो गई। भारतीय जीवन बीमा निगम के सहयोग से मंगलवार को सुमन देवी को बैंक के समवर्ती लेखा परीक्षक नवनीत सिंह धीमान की उपस्थिति में 200000 रुपए का चेक वितरित किया गया।

**सालगिरह मुबारक**



नगरोटा बगवां के कपिल वासुदेवा और रितु बाला को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

### धर्मशाला में शुरू हुई स्वचालित चालान प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में अब इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत स्वचालित चालान प्रक्रिया शुरू हो गई है। शहर के पांच प्रमुख क्षेत्रों में 15-20 दिनों की टेस्टिंग पूरी होने के बाद अब ये अत्याधुनिक कैमरे पूरी तरह सक्रिय कर दिए गए हैं। ये कैमरे 24×7 निगरानी करते हुए नो पार्किंग, ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट, गलत दिशा में वाहन चलाना और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल जैसे मामलों में स्वत: चालान जारी करेंगे। वाहन मालिक का मोबाइल नंबर पंजीकृत होने की स्थिति में चालान की सूचना एसएमएस के माध्यम से भी मिलेगी।

**आईटीएमएस से होगी 24×7 निगरानी**

एसपी कांगड़ा का कार्यभार देख रहे एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने वाहन चालकों से नियमों के पालन की अपील की है, ताकि अनावश्यक जुर्माने और कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली केवल ट्रैफिक नियमों तक सीमित नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थानों की निगरानी से आपराधिक घटनाओं की पहचान और रोकथाम में भी मदद करेगी।

### नैहरनपुखर में भारी बारिश से 92 वर्षीय बुजुर्ग का आशियाना ढहा

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**



**गरली।** ब्लॉक परागपुर की हार नैहरनपुखर पंचायत के वार्ड नंबर 3 में बीती रात हुई मूसलधार बारिश ने 92 वर्षीय हंसराज पुत्र ढीमू राम के जीवनभर की कमाई और मेहनत पर पानी फेर दिया। बुजुर्ग हंसराज का स्लेटपोश कच्चा रिहायशी मकान देखते ही देखते मिट्टी के ढेर में तब्दील हो गया। सौभाग्य से हादसे के समय हंसराज मकान के भीतर या आसपास नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

बताया जा रहा है कि हंसराज दिनभर अपने बेटों के पास रहते थे और दो वक्त का भोजन करने के बाद रात को उसी मकान में सोने जाते थे, जो अब पूरी तरह धराशायी हो चुका है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पंचायत उपप्रधान विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार बीपीएल श्रेणी में है और आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। उपप्रधान ने प्रशासन से मांग की है कि बुजुर्ग हंसराज को तत्काल राहत राशि प्रदान की जाए और उन्हें आवासीय पुनर्वास की सुविधा मिल सके, ताकि वे सुरक्षित जीवन बिता सकें।

### टीएमसी स्टाफ कॉलोनी के पास बनेर खड्ड का रौद्र रूप

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** टांडा कॉलेज में भारी बारिश के होने से अस्पताल में कार्यरत स्टाफ के लिए बनाए गए आवासीय कॉलोनी टाईप थ्री के साथ बहती बनेर खड्ड ने उग्र रूप धारण कर लिया, जिससे यहां रह रहे साठ परिवारों में दहशत का माहौल बन गया। इसकी सूचना टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डाक्टर मिलाप शर्मा को मिली तो वो भी तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रिंसिपल ने लोगों से सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई भी गंभीर स्थिति बनती है तो उन्होंने टांडा अस्पताल प्रशासन को यहां बने गेस्ट हाउस को तुरंत तैयार रहने के निर्देश दे दिए हैं।

### मनियाड़ा में बारिश से मकान जमींदोज

**कानूनगो व पटवारी ने लिया जायजा व प्रदान की फौरी राहत**

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** विधानसभा पालमपुर की कस्बा जुगेहड़ पंचायत के मनियाडा गांव की रहने वाली 70 वर्षीय मीना देवी का मकान भारी बारिश के चलते जमींदोज हो गया। गनीमत यह रही कि बुजुर्ग मां व बेटा सुरक्षित बच गए। मकान की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि घर के अंदर हर जगह पानी टपक रहा था। इस कच्चे स्लेटपोश मकान में लगी लकड़ी भी सड़ गई थी, जिसके कारण काफी जगह से छत के स्लेट भी गिर गए थे।

मीना देवी अपने बड़े बेटे के साथ इस घर में रह रही थी। 20 वर्षों से मीना देवी पंचायत से मकान बनवाने के लिए गुहार लगा रही थी। कई पंचायतें आई और गईं, लेकिन किसी ने भी इस गरीब बुजुर्ग महिला को घर बनवाने की सहायता नहीं की। मंगलवार दोपहर करीब बारह बजे मकान गिर गया। इस मकान में पूरी जिंदगी काट दी। बुजुर्ग महिला भूखे प्यासे नम आंखों से खंडहर हो चुके इस मकान को निहार रही थी। महिला ने कहा कि शायद हमें यह गरीब होने की सजा मिली है। चुनावों के समय सब बड़े-बड़े वादे करके हमसे सिर्फ वोट मांगने ही आते हैं। चुनाव जीत जाने के बाद कोई भी कोई भी हमारी सुध लेने नहीं आया। मनियाडा के ही रहने वाले समाजसेवी विजय कुमार ने इस बुजुर्ग महिला के रहने का जिम्मा उठाया है। विजय ने बताया कि जब तक सरकार इन्हें घर बना कर नहीं देती है, तब तक इनको रहने के लिए किराए पर कमरा लेकर दे दिया है। इनका ज्यादातर समान मलबे में दब गया है, सिर्फ थोड़े बहुत बर्तन ही बचे हैं। विजय ने बताया कि जो भी इन्हें जरूरत होगी इनके रहने खाने का खर्चा हम वहन करेंगे। राजस्व विभाग की ओर से कानूनगो व पटवारी ने भी मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया व फौरी राहत के तौर पर दस हजार नकद व तिरपाल दिया।



मनियाडा गांव में 70 वर्षीय मीना देवी का मकान भारी बारिश से ढह गया।

### केंद्रीय विवि और जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रो. बंसल ने युवाओं को सशक्त भारत निर्माण में भूमिका निभाने का किया आह्वान**

**सम्राट** ललितादित्य राष्ट्रीय एकात्मता के एक शक्तिशाली प्रतीक हैं। उन्होंने भारत पर हो रहे विदेशी आक्रमणों को न केवल पीछे धकेला बल्कि लगभग संपूर्ण राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोया था। यह उनका पराक्रम ही था, जिसके कारण आक्रान्ता कई दशकों तक भारत पर आक्रमण की हिम्मत नहीं जुटा पाए।

सम्राट ललितादित्य का स्मरण कर युवाओं को विकसित भारत का स्वप्न साकार करने के लिए कमर कस लेनी चाहिए। यह बात हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कश्मीर अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित 'एकात्म भारत' विषय पर बोलते हुए कहीं। यह व्याख्यान सम्राट ललितादित्य व्याख्यानमाला के अंतर्गत आयोजित किया गया था। प्रो. बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में तो अग्रणी रहा ही है, अब इससे संबंधित पाठ्यपुस्तकों को तैयार करने के लिए तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा की अगले कुछ महीनो में विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा की अनेक पुस्तकों को प्रकाशित करने जा रहा है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के बीच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर हुए। प्रो. बंसल ने जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के निदेशक आशुतोष भटनागर को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कश्मीर अध्ययन केंद्र का सलाहकार नियुक्त करने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इसी सत्र से तिब्बतन और बुद्धिस्ट स्टडीज और विश्वविद्यालय के अपने एमएमटीटीसी शुरू करने की घोषणा की, इन दोनों केन्द्रों के निदेशक प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ होंगे।

**कार्यक्रम** बोस्टन एनसीएसएल शिखर सम्मेलन में उपमुख्य सचेतक ने लिया हिस्सा

### हिमाचल में हरित विकास का नया युग शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



बोस्टन एनसीएसएल शिखर सम्मेलन को संबोधित करते विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ।

**विधायक** एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने हरित और सतत विकास की दिशा में एक नया अध्याय शुरू किया है। बोस्टन एनसीएसएल शिखर सम्मेलन 2025 में भाग लेते हुए केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य पर्यावरणीय स्थिरता, ईको-टूरिज्म, स्वास्थ्य नवाचार और डिजिटल भविष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

पठानिया ने बताया कि शाहपुर निर्वाचन क्षेत्र को ईको-टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा, जहां पौंग बांध में जल क्रीड़ाओं का विस्तार और धौलाधार श्रृंखला में करेरी झील का पर्यावरण-संवेदनशील विकास होगा। इसके अतिरिक्त तलेरू झील (चंबा) और गोबिंदसागर झील में नियंत्रित ईको-टूरिज्म और जल गतिविधियां शुरू होंगी।

खजियार और चंबा दर्रों शाहपुर को खजियार और चंबा दर्रों से जोड़ने के लिए रोपवे स्थापित किए जाएंगे, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहेगा और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उन्होंने चेताया कि हिमालयी ग्लेशियर हर वर्ष 15 से 20 मीटर तक पीछे हट रहे हैं, जिससे बाढ़, भूस्खलन और जैव विविधता का भारी नुकसान हो रहा है। इस संदर्भ में उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हिमालय के लिए जलवायु न्याय, सभी के लिए जलवायु न्याय है। विधायक पठानिया ने खुलासा किया कि ईको-टूरिज्म और पर्यावरणीय संरक्षण पर हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हिमाचल के साथ शोध सहयोग करेंगे। यह साझेदारी हिमालयी पारिस्थितिकी को वैश्विक मंच पर लाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### टांडा में तीन रोगियों के कोक्लियर इम्प्लांट का सफल स्विच-ऑन किया



टांडा के ईएनटी विभाग ने तीन रोगियों के कोक्लियर इम्प्लांट का सफलतापूर्वक स्विच-ऑन कर एक और चिकित्सकीय उपलब्धि हासिल की।

**अनंत ज्ञान, टांडा ( कांगड़ा )**

डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा के ईएनटी विभाग ने मंगलवार को तीन रोगियों के कोक्लियर इम्प्लांट का सफलतापूर्वक स्विच-ऑन कर एक और चिकित्सकीय उपलब्धि हासिल की।

इन मरीजों की इम्प्लांट सर्जरी 9 से 11 जुलाई तक आयोजित कोक्लियर ब्रह्मोस कार्यशाला के दौरान की गई थी। स्विच-ऑन के साथ ही इन मरीजों की श्रवण पुनर्वास यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस प्रक्रिया को विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. मनीष सरोच के नेतृत्व में अनुभवी टीम द्वारा पूर्ण किया गया। कोक्लियर इम्प्लांट उन मरीजों के लिए आशा की किरण है, जो गहन या अति गहन श्रवण बाधिता से पीड़ित हैं। इस तकनीक की सहायता से मरीजों को सुनने की क्षमता पुन: प्राप्त होती है। मरीजों और उनके परिजनों ने चिकित्सा टीम का आभार जताते हुए कहा कि यह दिन उनके जीवन में नई रोशनी लेकर आया है। यह सफलता टांडा मेडिकल कॉलेज की उन्नत चिकित्सा सेवाओं और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला के बेनमोर वार्ड में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शिमला के संजौली मंडल में एक पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान का आयोजन शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड बेनमोर में किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, भाजपा नेता संजय सूद व प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी करण नंद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और निवासी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और मातृत्व का सम्मान करना था।

### सुहाना ने बनाई सबसे सुंदर मेहंदी



**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय महाविद्यालय सीमा के फैशन डिजाइनिंग विभाग द्वारा सावन माह के शुभ अवसर पर एक भव्य मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में 40 से अधिक छात्राओं ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता व पारंपरिक कला का शानदार प्रदर्शन किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को बधाई दी और ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने पारंपरिक व आधुनिक डिजाइनों का समावेश करते हुए सुंदर मेहंदी रचनाएं प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम स्थान पर सुहाना, द्वितीय स्थान पर मुस्कान एवं नियती (सांझा पुरस्कार) तृतीय स्थान पर तमन्ना एवं दीप्ति (सांझा पुरस्कार) रही। निर्णायक मंडल में कॉलेज की शिक्षिकाएं प्रो. प्रोमिला कायथ, प्रो. दिव्यांशी शर्मा, प्रो. दिल कुमारी, अंकिता, मंजू, वीणा व कल्पना शामिल रही।

### एकल शास्त्रीय नृत्य में शिवानी नेगी प्रथम

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय पीएमश्री उच्च विद्यालय आंध्रा में कला उत्सव के तहत चिड़गांव खंड की ओर से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कला उत्सव में विभिन्न कलात्मक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 10 से 12 विद्यालयों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। धमवाड़ी स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। छात्रा शिवानी नेगी ने एकल शास्त्रीय नृत्य में प्रथम स्थान, अर्शित नेगी व अक्षित मिंटा ने पारंपरिक कथावाचन में प्रथम स्थान, त्रिआयामी कला में भूमिका ने प्रथम स्थान, समूह नृत्य में अवरिल, नव्या, कामना व ज्योति ने द्वितीय स्थान, मूक अभिनय में हेमंत, अजीत, इश्मित व आदित्य ने द्वितीय स्थान द्विआयामी कला में राहुल ने द्वितीय स्थान, एकल गीत में सनम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए स्तनपान जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में 1 से 7 अगस्त तक चले स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'इंवेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इन्वेस्ट इन द फ्यूचर' था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी, ममता पॉल ने स्तनपान के महत्त्व पर जोर देते हुए कहा कि यह शिशुओं को कई बीमारियों से बचाता है, उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है और मानसिक व शारीरिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान दो महिलाओं की गोद भराई भी की गई और विभाग से मिलने वाली सुविधाओं पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में चमायण ग्राम पंचायत के उप-प्रधान सहित बाल विकास परियोजना के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब अध्यक्ष पद के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का नाम सबसे आगे

## दिल्ली में हाईकमान की मंथन बैठक, रोहित ठाकुर सर्वमान्य नेता के तौर पर उभरे

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर दिल्ली से लेकर शिमला तक सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। प्रदेश की सत्ता में आने के बावजूद कांग्रेस संगठन में बदलाव की मांग के बीच, अब नए अध्यक्ष की तलाश में हाईकमान गंभीरता से जुट गया है। इस पद के लिए कई दिग्गज नेताओं के नाम सामने आए हैं, लेकिन सबसे दमदार और गंभीर दावेदारी के रूप में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का नाम प्रमुखता से उभरा है।

हाईकमान के सामने उन्हें एक अनुभवी व सबको साथ लेकर चलने वाले सर्वमान्य चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया गया है। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश में कांग्रेस के एक धड़े ने खुले तौर पर रोहित ठाकुर को भावी प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग रखी है। इस धड़े का तर्क है कि कांग्रेस को ऐसे मजबूत नेता की आवश्यकता है, जो न सिर्फ संगठन को एकजुट रख सके, बल्कि सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल भी बिठा सके।

रोहित न सिर्फ वरिष्ठ नेता हैं, बल्कि उनका राजनीतिक अनुभव भी काफी समृद्ध है। वह अपनी विनम्रता और सबको साथ लेकर चलने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। उनके समर्थकों का कहना है कि वह सर्वसम्मति से स्वीकार्य चेहरा हैं और पार्टी को एकजुट रखने की क्षमता रखते हैं।

### सीएम व डिप्टी सीएम की राय अहम



**नए** अध्यक्ष पद को लेकर दिल्ली में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रभारी राजीव शुक्ला और रजनी पाटिल मौजूद थीं। बैठक में हिमाचल के संगठनात्मक ढांचे और नए अध्यक्ष के चयन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, रजनी पाटिल को सभी वरिष्ठ नेताओं, सीएम सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से राय लेने के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार कर हाईकमान को सौंपने को कहा गया है।

### नाम की घोषणा जल्द

**हाईकमान** को भी मालूम है कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की भी इस पद को लेकर अपनी पसंद है, लेकिन अंतिम फैसला राहुल गांधी की सहमति के बाद ही लिया जाएगा। माना जा रहा है कि एक सप्ताह के भीतर नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जा सकती है।

# राजधानी के पांच मंदिरों में शुरू होगी 'भोग' योजना: उपायुक्त



उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**श्रद्धालुओं** को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण प्रसाद सुनिश्चित करने के लिए जिला शिमला के पांच मंदिरों में अब भोग योजना लागू की जाएगी। उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है।

इस योजना के तहत तारा देवी, संकट मोचन, जाखू, हाटकोटी और भीमाकाली मंदिर सराहन शामिल हैं। इसके लिए मंदिर प्रबंधन को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। इस योजना के तहत मंदिर की रसोई में साफ-सफाई और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भंडारा बनाने वाले कर्मचारियों को मेडिकल सर्टिफिकेट दिखाना होगा व उन्हें एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। डीसी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण भंडारा उपलब्ध कराना न्यास की प्राथमिकता है। इसके अलावा, शिमला शहर के तीनों मंदिरों तारा देवी, संकट मोचन, जाखू की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, उनके सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सीधे उपायुक्त कार्यालय से की जाएगी। डीसी ने सभी मंदिर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के भीतर इस योजना से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें।

# ओडी-धडेवती मार्ग पर मलबा और मिट्टी खिसकने से सड़क अवरुद्ध



कुमारसैन के ओडी-धडेवती मार्ग पर मोहन गांव के समीप मलबा आने से सड़क अवरुद्ध।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**कुमारसैन।** उपमंडल क्षेत्र में बारिश के चलते कई जगहों पर सड़कें बंद हो गई हैं। इससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ओडी-धडेवती मार्ग पर मोहन गांव के समीप मलबा और मिट्टी खिसकने से सड़क अवरुद्ध हो गई है। इससे बच्चों को स्कूल और कर्मचारियों को अपने कार्यालय पहुंचने में कठिनाई हुई। वहीं सेब से भरी गाड़ियों को मंडियों तक पहुंचाने में भी बाधा उत्पन्न हुई है।

स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद लोक निर्माण विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन भेजकर रास्ता साफ करवाया और यातायात बहाल किया। इसके अलावा नोग कैची-किरटी सड़क भी स्वारी नाले व होडू के पास भारी मलबा गिरने से करीब पांच घंटे तक बंद रही। रामपुर-किरटी मार्ग पर चलने वाली बस भी होडू गांव में फंस गई। स्कूली बच्चों को पैदल या टैक्सी के माध्यम से स्कूल जाना पड़ा। दोपहर करीब 2 बजे जेसीबी के पहुंचने के बाद मार्ग को फिर से खोल दिया गया।

स्थानीय निवासी इंद्र सिंह ठाकुर और संदीप ठाकुर ने बताया कि धडेवती-ओडी सड़क मोहन गांव के पास बार-बार बंद हो जाती है, जिससे लगातार दिक्कतें पेश आ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस मार्ग के लिए स्थाई समाधान निकाला जाए ताकि स्कूली बच्चों और कर्मचारियों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा हो।

# बगीचों से पत्ती परीक्षण के लिए उद्यान विभाग को नमूने भेजें बागवान

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** उद्यान विभाग रामपुर द्वारा सभी बागवानों से अनुरोध किया गया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उद्यान विभाग, रामपुर द्वारा सेब की पत्तियों के नमूने विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला में भेजें। इच्छुक बागवान अपने बगीचों से स्वस्थ सेब की 100 पत्तियाँ प्रति नमूना एकत्रित करके 30 अगस्त तक अपने नजदीकी उद्यान प्रसार केंद्र में निम्नलिखित जानकारी के साथ जमा करें। नाम, पूरा पता, आधार संख्या, जाति संबंधी विवरण सहित भेजें।

यदि सुविधा हो तो बागवान अपने नमूने 31 अगस्त तक उद्यान विकास अधिकारी, रामपुर के कार्यालय में भी जमा करवा सकते हैं। इस कार्य हेतु अधिक जानकारी के लिए निज़दीकी प्रभारी उद्यान केंद्र से संपर्क किया जा सकता है जिनके दूरभाष नंबर इस प्रकार से है

दुर्गा सिंह नेगी एएचडीओ(नारायण एवं पुलज़रा) 70188 24079, बलवंत मसोई, उद्यान प्रसार अधिकारी (रामपुर, डानसा एवं गानवी)70185 82722, डोला राम उद्यान प्रसार अधिकारी (देओठी) 70186 73516, अशोक मेहता उद्यान प्रसार अधिकारी(तकलेच) 82787 96957, दीपक पाठक उद्यान प्रसार अधिकारी (सराहन) 82194 33463, देविंदर ठाकुर उद्यान प्रसार अधिकारी, गोपालपुर 8219597060, उद्यान विकास अधिकारी रामपुर मैं सभी बागवानों से अनुरोध किया है कि इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में भाग लेकर अपने बागानों की पोषण स्थिति का वैज्ञानिक मूल्यांकन अवश्य करवाएं।

## हिमाचल में हवाई संपर्क व पर्यटन को बढ़ाने पर संसद में चर्चा

# सांसद सिकंदर ने उठाया मुद्दा, सरकार ने गिनाईं उड़ान योजना की उपलब्धियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** में हवाई संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में संसद में एक महत्वपूर्ण चर्चा हुई। राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने नागर विमानन मंत्री से कई सवाल किए, जिसके जवाब में सरकार ने राज्य में चल रही और आने वाली परियोजनाओं का ब्योरा दिया।

सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने सरकार से पूछा कि क्या हिमाचल में 'उड़ान' योजना के तहत नई हेली-टैक्सी सेवाएं शुरू करने की कोई योजना है? उन्होंने गग्गल हवाई अड्ड के उन्नयन में तेजी लाने की मांग की ताकि बड़े विमानों का आवागमन सुनिश्चित



हो सके और अहमदाबाद तथा मुंबई के लिए सीधी उड़ानें शुरू हो सकें।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रत्येक पहाड़ी क्षेत्र में कम से कम एक हेलीकॉप्टर से आपातकालीन चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की योजना के बारे में भी जानकारी चाही। इन सवालों के जवाब में, केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सदन को बताया कि 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में 4 हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट शिमला, कुल्लू, रामपुर और मंडी को जोड़ने वाले 32 आरसीएस मार्ग पहले ही चालू हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने हाल ही में एक संशोधित उड़ान योजना की घोषणा की है, जिसका लक्ष्य अगले 10 वर्षों में देश भर में 120 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाना और 4 करोड़ यात्रियों की जरूरतों को पूरा करना है।

### गगल हवाई अड्डे का उन्नयन

**मंत्री** ने गगल हवाई अड्डे के बारे में कहा कि प्रदेश सरकार के अनुरोध पर, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इसके विस्तार के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया है। इसके लिए राज्य सरकार से 369.82 एकड़ भूमि का अनुरोध किया गया है। हवाई अड्डे के विस्तार की योजना 'इंस्ट्रूमेंट फ्लाइट नियम' के तहत 4सी टाइप के विमानों के संचालन के लिए बनाई गई है।

## भाजपा ने की बिलासपुर जिला कार्यकारिणी घोषित

# नीना कौशल उपाध्यक्ष व सोनल फिर से बने जिला मीडिया प्रभारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**भाजपा** जिला बिलासपुर के अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पांवटा साहिब के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

नीना कौशल, लेखराम ठाकुर, बालकृष्ण ठाकुर, अनूप महाजन, शैलजा शर्मा और जैसी राम को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

महासचिव के रूप में नवीन शर्मा और प्यारे लाल चौधरी, कोषाध्यक्ष के रूप में ईश्वर शर्मा और सचिव के रूप में कल्पना देवी, इंद्री देवी, दिनेश चंदेल, रजनीश ठाकुर, मदन धीमान और संगीता देवी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिवेश चंदेल को कार्यालय सचिव और अतुल पाल दास को सह-सचिव बनाया गया है। मीडिया प्रभारी सोनल शर्मा, सह प्रभारी रविकांत ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता विकास भारद्वाज, प्रवक्ता कमल गौतम और प्रकाश ठाकुर होंगे। आईटी संयोजक सुनील राणा और सह संयोजक राकेश कुमार बनाए गए हैं, जबकि सोशल मीडिया संयोजक शैलेंद्र भड़ोल और सह संयोजक रजनीश शर्मा रहेंगे। कार्यकारिणी में परमजीत ठाकुर, निशा देवी,सुनीता कुमारी, पदमावती शर्मा, शर्मीला देवी, कमलेश शर्मा, रूप लाल चंदेल, सुरेश शर्मा, जितेंदर धीमान, रतन चंद, डीआर खोंसला, राजेश ठाकुर, शेर सिंह, मनमोहन शर्मा सहित कुल 50 से अधिक सदस्यों को स्थान मिला है। विशेष व स्थायी आमंत्रित सदस्य भी शामिल किए गए हैं। सभी विधायक, मंडलाध्यक्ष और निर्वाचित जनप्रतिनिधि पदेन सदस्य होंगे।

**युवाओं और अनुभवी नेताओं को मिली जिम्मेदारी**

# सीएमओ ने लोगों से की सतर्कता बरतने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशिदत्त शर्मा ने जिले में डेंगू के संभावित खतरे को देखते हुए नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण जलजमाव की स्थिति में एडीज मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे डेंगू का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

हालांकि बिलासपुर में पिछले वर्षों में डेंगू का कोई मामला सामने नहीं आया है, फिर भी संभावित जोखिम को देखते हुए सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय निकायों को फॉगिंग, स्वच्छता और जल निकासी की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सीएमओ ने आम जनता से मच्छरों से बचाव के लिए पूर्ण आस्तीन के कपड़े पहनने, मच्छर भगाने वाली क्रीम और मच्छरदानी के प्रयोग की सलाह दी। सभी संदिग्ध मामलों की रिपोर्टिंग आईएचआईपी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करने के निर्देश भी दिए।

# एनटीपीसी कोल्ड डैम बिलासपुर की अभिनव पहल

## शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण की दिशा में दिखाई सक्रिय भागीदारी

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** एनटीपीसी कोल्ड डैम बिलासपुर न केवल देश को ऊर्जा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी एक मिसाल कायम कर रहा है। हाल ही में संस्थान द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्र की 11 सरकारी स्कूलों की 45 छात्राओं के लिए एक विशेष आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित इस कार्यशाला में सात दिवसीय अनुवर्ती सत्र भी शामिल था, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न जीवन कौशल सीखे और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

**शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल:** एनटीपीसी ने सरकारी स्कूलों में विज्ञान व तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए 5 सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में स्टेम लैब्स (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित) स्थापित की हैं। साथ ही 'उत्कर्ष मेरिट छात्रवृत्ति' की शुरुआत कर प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहन देने का कार्य भी किया गया है। छोटे बच्चों की शिक्षा को रोचक बनाने के लिए आंगनबाड़ियों में खेल सामग्री भी वितरित की गई है। वहीं, ग्रामीण स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एनटीपीसी ने नागरिक चिकित्सालय सुंदरनगर को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण प्रदान किए हैं। साथ ही बृहद नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविरों का आयोजन, और नियमित रूप से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं।



सशक्त बालिका अभियान की बालिकाओं के साथ एनटीपीसी प्रबंधन

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कार्य

परियोजना प्रभावित परिवारों की महिलाओं के लिए सिलाई, कढ़ाई, ड्रेस मेकिंग और ब्यूटीशियन जैसे स्वरोजगारमूलक कोर्स नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षणों के बाद उत्पादों के विपणन की भी व्यवस्था की जा रही है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं, सतत ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी द्वारा बिलासपुर डीसी कार्यालय में 110 किलोवॉट का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त शिमला, सोलन और मंडी जिलों की पंचायतों में कुल 240 ऊर्जा संचालित स्ट्रीट लाइट्स लगाकर ऊर्जा बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

### छुट्टी पर आए सैनिक की संदिग्ध हालात में मौत

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** भराड़ी थाना के तहत दधोल पंचायत के दधोल खुर्द गांव के सैनिक अरुण कुमार (37) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अरुण रविवार को ही सेना से छुट्टी पर घर आया था। सोमवार को वह निजी कार्य से निकला था, लेकिन कुछ समय बाद परिजनों को सूचना मिली कि वह देलग गांव में एक दुकान पर अचेत अवस्था में मिला। पड़ोसी ने उसे घुमारवीं अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एम्स बिलासपुर रेफर किया गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अरुण की अचानक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। वह अपने पीछे पत्नी, बेटा, बेटी और माता-पिता को छोड़ गया है। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। मौत के मामले की जांच जारी है।

### करलौटी ने जीती पहली गेहड़वीं प्रीमियर लीग

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के गेहड़वीं में पहली बार आयोजित गेहड़वीं प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन करलौटी टीम की जीत के साथ हुआ। फाइनल में करलौटी ने पंजीन को 20 रन से हराया। करलौटी ने 9.1 ओवर में 97 रन बनाए, जवाब में पंजीन टीम 77 रन पर सिमट गई। विजेता टीम को 11,000 और ट्रॉफी, उपविजेता को 5,500 रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सुशील परमार को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरीज अंशुल, बेस्ट मैन और कीपर ऑफ द सीरीज लक्की बने। समारोह में मुख्य अतिथि रत्न देव ने 10,000 रुपए की सहयोग राशि दी।

### इंसानियत संस्था 17 को लगाएगी रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** इंसानियत संस्था की ओर से 17 अगस्त को सुबह 9:00 बजे राजकीय हाई स्कूल बरोहा में 15वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्था के प्रधान पवन चंदेल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। संस्था ने लोगों से अधिक संख्या में रक्तदान कर दूसरों की जान बचाने की अपील की है।

### घुमारवीं बस स्टैंड निकासी मार्ग पर धंसी टाइलें

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं के मुख्य बस स्टैंड की निकासी सड़क पर धंसी टाइलों से गहरा गड्ढा बन गया है, जिससे राहगीरों और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का पानी गड्ढे में भर जाता है, जिससे वहां से गुजरने वाले वाहनों के टायरों से उछलता कीचड़युक्त पानी सवारियों के कपड़े खराब कर रहा है। दुकानदारों ने गंदगी और ग्राहक कम होने की शिकायत की है। स्थानीय निवासी राकेश टब्बू, विनोद शर्मा, मंजीत सहित अन्य लोगों ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। नगर परिषद अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को मरम्मत कार्य के निर्देश दे दिए गए हैं और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

### अमरनाथ को काले बाबा मृदुल साहित्य सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** झंडूता की सुन्हानी स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में कल्याण कला मंच बिलासपुर की ओर से मासिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष सुरेंद्र मिन्हास ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद एवं लेखक भगत राम शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर साहित्यकार अमरनाथ धीमान को काले बाबा मृदुल साहित्य सम्मान और भगत राम शर्मा को काले बाबा लेखक श्री सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया। दोनों विभूतियों को पुष्पहार, बैज एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके जीवन परिचय का वाचन बाबूराम धीमान और तृप्ता वर्धन ने किया। मंच संरक्षक डॉ. लेखराम शर्मा ने सुन्हानी की ऐतिहासिकता पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन तृप्ता कौर मुसाफिर और धन्यवाद ज्ञापन सुषमा खजुरिया ने किया। आयोजन में मंच के 20 से अधिक सदस्य एवं 60 से अधिक बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

# हिमाचल का पहला स्टील सस्पेंशन नंद नगरांव पुल सितंबर तक होगा तैयार



पुल का अब रेलिंग व साइड में सड़क को डंगे लगाने का कार्य बचा हुआ है।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** उपमंडल में गोबिंदसागर के बैक वाटर पर बन रहा नंद नगरांव पुल हिमाचल प्रदेश का पहला स्टील सस्पेंशन तकनीक से निर्मित होने वाला पुल सितंबर 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा। 388 मीटर लंबा पुल 56 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है।

अब केवल रेलिंग व साइड में सड़क को डंगे लगाने का कार्य बचा है, जो तेजी से चला हुआ है। यह पुल न केवल झंडूता और कोटधार के बीच की दूरी को 15 किलोमीटर कम करेगा, बल्कि हमीरपुर और कांगड़ा के लोगों के लिए चंडीगढ़ जाने की दूरी को भी लगभग 60 किलोमीटर कम करेगा। इस पुल के बनने से झंडूता के लोग महज 20-25 मिनट में जेजवी पहुंच सकेंगे। कोटधार क्षेत्र के लिए यह पुल विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि यह क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा और आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करेगा। वहीं, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश शर्मा का कहना है कि पुल का कार्य लगभग पूरा है। अब केवल डंगों का कार्य बचा है, जिसे दो-तीन माह में पूरा कर देंगे।

### सेरीकल्चर किसानों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** 'मेरा रेशम, मेरा अभिमान' अभियान के तहत सीएसबी-रीजनल एक्सटेंशन सेंटर (घुमारवीं) द्वारा रेशम कीटों के रोग और उनके प्रबंधन पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सीएसआर एंड टीआई के तहत बेहरन सांगसवीं पंचायत व आसपास के गांवों के सेरीकल्चर किसानों के लिए आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में लगभग 50 किसानों ने भाग लिया और विशेषज्ञों ने कीटों की पहचान, रोगों के कारण और वैज्ञानिक नियंत्रण विधियों की जानकारी दी। डॉ. रीता सिंह ने संचालन किया। किसानों से संवाद कर व्यावहारिक समस्याओं के समाधान भी सुझाए गए। उद्योग विभाग, रेशम अनुभाग, घुमारवीं के सहयोग से आयोजित इस शिविर में पठन सामग्री भी वितरित की गई। उद्देश्य किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर रेशम उत्पादन की गुणवत्ता व आय में वृद्धि करना रहा।

# बिजली बोर्ड के कर्मचारी सात को शिमला में करेंगे प्रदर्शन



पत्रकारों को संबोधित करते हुए ज्वॉइंट एक्शन कमेटी के जिला अध्यक्ष यशवंत चौहान।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**प्रदेश** विद्युत बोर्ड के कर्मचारी और पेंशनर्स अपनी मांगों को लेकर 7 अगस्त शिमला में जोरदार प्रदर्शन करेंगे। यह आंदोलन ज्वॉइंट एक्शन कमेटी के नेतृत्व में होगा, जिसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कर्मचारी और पेंशनर्स भाग लेंगे।

पत्रकार वार्ता में ज्वॉइंट एक्शन कमेटी के जिला अध्यक्ष यशवंत चौहान उर्फ बिट्ठू, सदस्य राजकुमार, बोर्ड पेंशनर रच्छपाल और बंशीराम ठाकुर ने विद्युत बोर्ड प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बताया कि कमेटी के कन्वीनर लोकेश ठाकुर और हीरालाल वर्मा को मनमाने ढंग से चार्जशीट किया गया है, जिसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। सरकार विद्युत बोर्ड को 315 करोड़ रुपए के लाभ में होने का दावा कर रही है, फिर भी कर्मचारियों और पेंशनर्स की लंबित मांगों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और चिकित्सा भत्तों की अदायगी, और आउटसोर्स प्रथा को समाप्त कर स्थायी नीति लागू करने की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड का एक अधिकारी शिमला के रेस्ट हाउस को निजी निवास की तरह उपयोग कर रहा है और वहां लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन सरकार इस पर मौन है।

### लखनपुर रुद्र पूजा : उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सावन के पावन अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग बिलासपुर द्वारा लखनपुर में रुद्र पूजा का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन भक्तिभाव, आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक साधना का सुंदर संगम रहा। पूजा का नेतृत्व विशेष रूप से पधारे योगेंद्र योगी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न करवाया। उनके साथ लखन उपाध्याय और उदय भट्ट की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। पूजा के पश्चात श्रीश्री रविशंकर जी के भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को पूर्णतः शिवमय कर दिया। इस अवसर पर राज्य एवं जिला को-ऑर्डिनेटर कांता व रचना मेहता और कई श्रद्धालुओं जैसे मीरा भोगल, वसुंधरा, सुमन डोगरा, कामिनी सूद, सुषमा, अनिल मेहता आदि ने भाग लिया।

### झंडूता कॉलेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी/एड्स पर एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने की। प्रो. अर्चना शर्मा ने एचआईवी/एड्स संबंधी जानकारी दी और सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रतीक देसवाल ने किया। लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रो. बिहारी लाल, प्रो. रेखा शर्मा सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### बिलासपुर अस्पताल की समस्याएं जल्द होंगी हल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला परिषद सदस्य व स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कमेटी अध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। हादसे को न्योता दे रहे पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शौचालय, बिजली, पानी जैसी समस्याओं के निवारण को लेकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई है। उपायुक्त से बोरवेल के लिए माइनिंग फंड से सहायता मांगी गई है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जान जोखिम में डाल स्कूल जा रहे बच्चे कंगेला नाले पर टूटा पुल बना बाधा

## चुराह के ग्रामीणों व छात्रों की दुश्वारियां बरकरार, 6 जुलाई को बादल फटने से टूटा था पुल

हाशू शेख, अनंत ज्ञान

**चुराह।** बघेईगढ़ पंचायत के स्कूली बच्चों को इन दिनों शिक्षा के मंदिर तक पहुंचने के लिए अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। कंगेला नाले पर बना पुल 6 जुलाई को बादल फटने के बाद टूट गया था, जिसके बाद से पैदल चलने वालों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

स्कूल जाने वाले बच्चों सहित ग्रामीणों को अब बारिश के दौरान उफनते नाले को पैदल पार करना पड़ रहा है। बरसात में जलस्तर अचानक इतना बढ़ जाता है कि छोटे बच्चे नाला पार नहीं कर पाते, और कई बार उन्हें वापस लौटना पड़ता है। कठवाड़, कंगेला और कुड़गु के बच्चे रोजाना सीनियर सेकेंडरी स्कूल बघेईगढ़ पहुंचने की कोशिश करते हैं, लेकिन हर दिन यह एक संघर्ष बन गया है।



### लोक निर्माण विभाग से करेंगे चर्चा : एसडीएम

एसडीएम चुराह अंकुर ठाकुर ने कहा कि बच्चों की समस्या को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही समाधान के लिए लोनिवि से चर्चा की जाएगी।

### बच्चों को पीठ पर उठाकर करना पड़ रहा नाला पार

**स्थिति** इतनी गंभीर है कि ग्रामीणों को बच्चों को पीठ पर उठाकर नाला पार करवाना पड़ रहा है। लोनिवि द्वारा वाहनों के लिए अस्थायी रास्ता तो बनाया गया है, लेकिन वहां भी हल्के वाहन कीचड़ और जलभराव में फंस रहे हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जब तक पुल का पुनर्निर्माण नहीं हो जाता, तब तक पैदल चलने वालों, खासकर स्कूली बच्चों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग बनाया जाए।

## चरस तस्करी मामले में दोषी को दो साल छह माह की कैद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा की विशेष न्यायाधीश-II रमनिक शर्मा की अदालत ने चरस तस्करी के एक मामले में आरोपी भवेश कुमार, निवासी सेईकोठी, तहसील चुराह, को दोषी करार देते हुए दो साल छह माह की सश्रम कैद और 20,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न अदा करने की स्थिति में आरोपी को चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

मामला 13 दिसंबर 2020 का है जब तड़के करीब 1:10 बजे गोली रेन शेल्टर के पास पुलिस ने आरोपी को 290 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच में आरोपी की नशा तस्करी में संलिप्तता प्रमाणित हुई, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। थाना डलहौजी द्वारा की गई जांच के दौरान अभियोजन पक्ष ने 16 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। गवाहों की गवाही और सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराया। राज्य की ओर से यह मामला अतिरिक्त लोक अभियोजक सतीश राठौर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# पल्यूर पंचायत में भारी बारिश से तबाही प्रशासन की अनदेखी पर भड़के ग्रामीण

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिले की ग्राम पंचायत पल्यूर में इस बार की भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई है। घरों में दरारें, खेतों को हुआ नुकसान और मार्गों के टूट जाने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नुकसान की जानकारी बार-बार पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन को दी गई, लेकिन आज दिन तक न तो कोई अधिकारी और न ही पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 5 अगस्त तक प्रशासन मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन नहीं करता, तो 6 अगस्त की सुबह 8:30 बजे चम्बा-साहू मार्ग पर पल्यूर में चक्का जाम किया जाएगा। इस दौरान केवल आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस आदि को ही मार्ग से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।

ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार सूचना देने के बावजूद न तो पंचायत स्तर पर और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई हुई। इससे गांव में लोगों में गहरा रोष है। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि अगर प्रशासन समय रहते हरकत में नहीं आया, तो वे चक्का जाम कर व्यापक आंदोलन की राह अपनाएंगे।



### ग्रामीणों ने विधायक से उठाई हस्तक्षेप की मांग

ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया है कि वे तत्काल प्रशासन को निर्देशित करें ताकि मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया जा सके। उन्होंने पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, पटवारी (साहू पटवार सर्कल), कानूनगो और नायब तहसीलदार (उप तहसील साहू) को मौके पर भेजने की मांग की है।

### विधायक नैय्यर ने की एसडीएम से मुलाकात

**इस** बीच गुलाम रसूल गामा की अध्यक्षता में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल सदर चंबा विधायक नीरज नैय्यर से मिला। विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती को ग्रामीणों की समस्याओं को तुरंत सुलझाने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### झलेनी से रान, पलोगा तक सड़क निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति, ग्रामीणों में उत्साह

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम झलेनी से रान, पलोगा तक सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों की लंबे समय से की जा रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। प्रस्ताव संख्या 223(3) को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिससे अब निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चंबा फ्रीडम फाइटर्स संस्था की टीम ने इस संबंध में अधिशाषी अभियंता से विस्तृत चर्चा की और निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की दिशा में पहल की है। संस्था ने बताया कि ग्रामीण प्रतिनिधियों के साथ शीघ्र ही कार्यकारी कार्यालय में बैठक कर भूमि पैमाइश की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। ग्राम मधुरई निवासी सुरेश कुमार ने कहा कि यदि सभी ग्रामीणों का सहयोग बना रहा तो पंचायत चुनावों से पहले ही सड़क निर्माण को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि इस जनहित कार्य में सहयोग कर क्षेत्र के विकास में सहभागी बनें।



### हनुमानजी सदाशिव के रुद्रावतार: राघव ऋषि

**अनंत ज्ञान, किलाड़।** ऋषि सेवा समिति, पांगी के तत्वावधान में चल रही संगीतमयी श्रीशिवमहापुराण कथा के षष्ठ दिवस पर पूज्य राघव ऋषि ने हनुमानजी महाराज को सदाशिव के रुद्रावतार बताते हुए कहा कि कलियुग में हनुमानजी ही भक्तों के लिए परम आश्रय हैं। उन्होंने कहा कि जो भी जीव बजरंगबली की शरण लेता है, वह निरोग, सात्विक और सिद्ध जीवन प्राप्त करता है। पूज्य ऋषिजी ने भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इनका स्मरण मात्र सात जन्मों के पापों का विनाश करता है। प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्रभास क्षेत्र में शिव आराधना से प्रसन्न होकर भगवान ने चन्द्रमा को श्राप से मुक्त किया और अपना तेजोमय स्वरूप वहीं समाहित किया। सौरभ ऋषि द्वारा प्रस्तुत भजन 'तेरा पल पल बीता जाए, मुख से जप ले नमः शिवाय' ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में समिति के प्रेम ठाकुर, रोशन राणा, भानी चंद ठाकुर, रंजीत ठाकुर, प्रेम राज लाला सहित अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### कार्यकारिणी में शामिल करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** जिला महासू के पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी की विधिवत घोषणा जिला महासू के अध्यक्ष अरुण फाल्टा द्वारा की गई है। जिसमें रोहड़ू से राजेश भ्रांटा को उपाध्यक्ष, विनोद बुशैहरी को कोषाध्यक्ष, रवि किमलाटा व शारजा चौहान को जिला सचिव एवं प्रभात फिष्टा को आईटी प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं नीलांचल शर्मा व हरबंस सांख्यान को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। भाजपा मंडल रोहड़ू के अध्यक्ष विजय मेहता ने मंडल की ओर से जिला कार्यकारिणी में शामिल होने वाले रोहड़ू से संबंध रखने वाले सभी भाजपा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

# लैंडस्लाइड से दो घरों को नुकसान, रास्ता बंद

## गोरखा वेलफेयर कमेटी और प्रशासन ने राहत कार्य में दिखाई तत्परता

अनंत ज्ञान, भटियात

**जिला** चंबा के भटियात क्षेत्र में भारी बारिश के चलते सोमवार शाम 4:30 के करीब घटासनी पंचायत के मामुल गांव में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड होने के कारण दो घरों को काफी नुकसान हुआ है। मामुल गांव के महिमा राणा पत्नी भूपेंद्र सिंह राणा के घर दीवार और गेट तोड़कर पूरा मालवा उनके अभी हाल ही में बने हुए नए मकान के अंदर घुसने से घर को खतरा पैदा हो गया है (वही उनके पड़ोस में संजना समयाल पत्नी स्वर्गीय सुशील समयाल के घर के आंगन में बड़ा पेड़ गिरने से पूरा मलवा और एक बड़ा सा पत्थर घर के अंदर घुसने से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ। वही ज्यादा मलवा आने के कारण नीचे जाने वाले दोनों गांव का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। जिससे दोनों गांव के लोगों को पैदल चलने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जैसे ही बकलोह सोशल गोरखा वेलफेयर कमेटी के सदस्यों के लोगों को पता चला उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए गोरखा वेलफेयर कमेटी के प्रधान कमल थापा की अगुवाई में पूरी टीम ने जाकर सबसे पहले वहां आसपास के मलवा की साफ सफाई की और नीचे गांव को जाने वाली रास्ते के मलवा को हटा दिया गया ताकि नीचे की गांव में जाने के लिए गांव के लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

वही जिला चंबा के यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष सुनाभ सिंह पठानिया को पता चला तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए पूरे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आज दोनों गांव का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले ककीरा जरई पंचायत के मधु वाला पत्नी स्वर्गीय देवराज के घर का नुकसान का जायजा लिया और उनको प्रशासन की ओर से दो तिरपाल और पांच हजार रूपये फौरी राहत के रूप में दी गई। वही घटासनी पंचायत के मामुल गांव के इन दोनों परिवारों को जिनका घर को ज्यादा नुकसान हुआ है उनको भी नायब तहसीलदार सुशील धीमान के द्वारा सरकार की और से दोनों पीड़ित परिवारों को पांच पांच हजार रूपये की फौरी राहत के रूप में दिए गए और उनको यह भी आश्वासन दिया गया कि सरकार की ओर से जो भी यथा संभव सहायता होगी वह भी दी जाएगी।



घटासनी पंचायत के मामुल गांव में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड होने के कारण हुआ नुकसान।

# कुलदीप सिंह पठानिया ने 7 परिवारों को दी 35 हजार रुपए की फौरी राहत

अनंत ज्ञान, चंबा

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आपदा प्रभावित गांवों का दौरा किया तथा प्रभावित लोगों का कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर उन्होंने प्रभावित लोगों को आश्वासन दिया कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है तथा सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद मुहैया करवाई जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत चंदरोग के गांव ढलियार तथा भगसियाड़ में सात आपदा प्रभावित परिवारों को फौरी राहत के तौर पर 5 हजार रुपए प्रति परिवार राहत राशि प्रदान की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए की आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों की उपलब्धता न्यूनतम समय में सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी तथा विद्युत आपूर्ति को भी यथा शीघ्र बहाल किया जाए। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि चुवाड़ी - लाहड़ू मार्ग पर ब्रह्मपुला में क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग के ठीक होने तक इस सड़क पर आवाजाही जारी रखने के लिए वैकल्पिक प्रबंध किया जाएगा।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम के निदेशक कृष्ण चेला, एसडीएम पारस अग्रवाल, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता दिवाकर सिंह पठानिया, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग नरेंद्र चौधरी, जल शक्ति विभाग राकेश ठाकुर, विद्युत विभाग राजीव ठाकुर तहसीलदार सुमन धीमान सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए।

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में हर्ष महाजन हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई सांसदों की उपस्थिति में एनडीए संसदीय दल की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने भी भाग लिया। बैठक में सदस्यों ने वर्तमान राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असाधारण, दूरदर्शी और दृढ़ नेतृत्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर सांसद हर्ष महाजन ने कहा, पीएम मोदी का यह नेतृत्व न केवल राष्ट्र को सशक्त दिशा दे रहा है, बल्कि प्रत्येक भारतीय के मन में एकता, आत्मगौरव और दृढ़ विश्वास की भावना को मजबूत कर रहा है। उनका यह नेतृत्व हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# भगवा पहनकर सनातन धर्म की आस्था से खिलवाड़, दो संदिग्ध युवक पकड़े

अनंत ज्ञान, धरवाला

**धरवाला** में दो भगवाधारी युवकों द्वारा सनातन धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने का मामला सामने आया है। यह घटना उस समय की है जब पवित्र मणिमहेश यात्रा स्थायी रूप से शुरू भी नहीं हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बाइक (पीबी10 जीएफ 6479) पर घूम रहे दो युवकों को शक के आधार पर रोका गया। जब उनसे पूछताछ की गई, तो नकली आधार कार्ड और सामान्य वस्त्र बरामद हुए। भगवा वस्त्र पहनने के बावजूद वे गायत्री मंत्र तक नहीं सुना पाए, जिससे उनकी धार्मिक पहचान पर सवाल उठे। स्थानीय नागरिक खेमराज, सोनू, मानसिंह, मनीष आदि ने स्पष्ट किया कि सनातन धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों ने आशंका जताई कि ऐसे लोग राह चलते महिलाओं और बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं और समाज में अशांति फैला सकते हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और श्रद्धालुओं से ऐसे बहरूपियों से सतर्क रहने की अपील की है और धार्मिक स्थलों पर कड़ी निगरानी की मांग की है।

### मणिमहेश यात्रा से पहले भगवाधारी बहरूपियों ने फैलाई अशांति

# 'जय भवानी व हर हर महादेव' से गूंजा चंबा

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा** में राजपूत कल्याण सभा की 30वीं वर्षगांठ पर निकाली गई भव्य रैली ने पूरे शहर के वातावरण को जोश, गर्व और एकता की भावना से भर दिया। अखंड चंडी पैलेस से शुरू हुई इस अनुशासित रैली में सभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह साम्बयाल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने 'जय भवानी' और 'हर हर महादेव' के गगनभेदी नारों से शहर की गलियों को गुंजायमान कर दिया।

सभा के अध्यक्ष ने कहा कि यह 30 साल केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि समर्पण, सेवा और समाजहित की यात्रा का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने हमेशा हर वर्ग के साथ खड़े होकर सेवा की भावना को जीवित रखा है- फिर चाहे वह आपदा हो या सामूहिक सहयोग की आवश्यकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राजपूत कल्याण सभा में हर सदस्य समान है, चाहे वह किसी भी पेशे से जुड़ा हो। यह समानता और एकजुटता ही संगठन की असली ताकत है।

रैली के दौरान रास्ते में मिले राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने इस आयोजन का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और संगठन की एकता, अनुशासन और उद्देश्यपूर्ण कार्यों की प्रशंसा की। यह रैली समाज में एकता, समर्पण और सेवा का संदेश छोड़ गई और चंबा के सामाजिक इतिहास में एक स्मरणीय अध्याय बन गई।



### 30 वर्षों की सेवा और एकता की मिसाल बनी राजपूत कल्याण सभा

### सूडोकु नवताल- 7513

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7512 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

# महादेव में लापरवाह निर्माण कार्य से ग्रामीण परेशान, पौराणिक तालाब में बह रही गंदगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**सुंदरनगर** के समीप ग्राम पंचायत महादेव में महादेव से घुकनू जीप सड़क मार्ग पर हुए निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। राजेश और भगतराम के घर के पास बने कुल्ह (निकासी नाला) और सड़क का निर्माण न तो तकनीकी मानकों के अनुसार हुआ है और न ही बरसात के अनुकूल। कुल्ह की चौड़ाई और ऊंचाई इतनी कम है कि भारी बारिश के दौरान पानी सड़क से ऊपर बहने लगता है और आसपास के घरों व खेतों में घुस जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कस्बे और गांव का गंदा पानी इसी कुल्ह के माध्यम से पौराणिक और ऐतिहासिक तालाब में डाला जा रहा है। बरसात के दिनों में यह कुल्ह भगतराम और कृष्ण महादेविया के आंगन, खेत और सब्जियों की क्यारियों को नुकसान पहुंचाता है। जून-जुलाई 2023 में कृष्ण महादेविया की लाइब्रेरी और खेतों में उगाई गई शिमला मिर्च, लाल मिर्च, कद्दू, घिया, पेठा जैसी फसलें बर्बाद हो गई थीं। गांव से बहकर आने वाले गंदे पानी के साथ कूड़ा-कचरा, बोतलें, पैड, गंदे कपड़े, शीशे के बल्ब तक आंगनों में फैल जाते हैं। 65 वर्षीय कृष्ण महादेविया खुद गंदगी को साफ कर जलाते हैं, परंतु प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है।

स्थानीय प्रशासन, खंड विकास अधिकारी धनोटू व अन्य कर्मचारियों ने पूर्व में निरीक्षण कर समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों का सवाल है — क्या प्रशासन को पौराणिक तालाब में गंदगी डालने का कोई अधिकार है?



अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

बुधवार, 6 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :** 1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** द्वादशी (14:04) : **नक्षत्र** मूल (12:49), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** वैधृति (07:07), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:26-14:05)।

### विशेष दिन

- 6 अगस्त 2025: हिरोशिमा दिवस आज।
- 6 अगस्तः राष्ट्रीय सामाजिक इंजीनियरिंग दिवस आज।

**मेषः** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृषः** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मिथुनः** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें।

**कर्कः** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंहः** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कन्याः** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुलाः** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिकः** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ।

**धनुः** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मइ्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें।

**मकरः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

**कुंभः** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीनः** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

# सेरू उसलाड घार की समस्या का हो स्थायी समाधान : ललित

## एपीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल से भेंट कर उठाई मांग

अनंत ज्ञान, चंबा

**एग्रीकल्चरल** प्रोड्यूस मार्केट कमेटी (एपीएमसी) चंबा के अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य ललित ठाकुर ने मंगलवार को उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से भेंट कर ग्राम पंचायत बलोठ के अंतर्गत सेरू उसलाड घार की विकराल समस्या उनके समक्ष रखी और तुरंत राहत व स्थायी समाधान की मांग की।

ललित ठाकुर ने बताया कि यह घार दिन-प्रतिदिन खतनाक होती जा रही है, जिससे सडेई-बलोठ मार्ग बार-बार बंद हो रहा है और खुलने के बाद भी जान-माल का खतरा बना रहता है। पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने से स्थानीय लोग हमेशा दहशत में रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस धार के कारण ग्राम पंचायत बलोठ के छ मार्ग जोकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बतोट, माध्यमिक पाठशाला उस्लाड और प्राथमिक पाठशाला बेलेज जाने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

उन्होंने बताया कि गांस स्तेला, घटन, मोंड, रचन, धड़का, कराडगा, बढेडा, ग्रैंद्यडी, भटवाडा, माऊआ, रिटेल, कैला, खलोती समेत कई गांवों का बाकी क्षेत्र से संपर्क पूरी तरह टूट चुका है। कई घरों में दरारें आ चुकी हैं, कुछ को खाली करवाना पड़ा है और किसानों की फसलें व मवेशी भी इस आपदा का शिकार हो चुके हैं।

ललित ठाकुर ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि इस घार की रोकथाम के लिए गत वर्ष लगभग 9 करोड़ रुपये की पीपीआर तैयार कर शिमला भेजी गई थी। उन्होंने आग्रह किया कि शीघ्र धनराशि जारी कर इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए और प्रभावित परिवारों के नुकसान का आकलन करने के लिए राजस्व विभाग की टीम तुरंत मौके पर भेजी जाए। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने इस गंभीर समस्या पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल से भेंट करते एपीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर व अन्य।

### बार-बार बंद हो रहा सडेई-बलोठ मार्ग, छात्रों की पढ़ाई ग्रामीणों की जान पर खतरा

**इश्तेहार**

**व अदालत सहायक समाहर्ता (प्रथम श्रेणी) एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार, ज्वाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)।**

मिसल न0 122/2025/आर0-एन0टी0
तारीख दायरा 29/07/2025
तारीख पेशी 29/08/2025

सैना देवी पुत्री हरि सिंह निवासी गांव बटूही, डा. मस्तगढ़ हाल पत्नी बाली राम निवासी गांव व डा. भलाड़, तहसील ज्वाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)।

**बनाम**

**आम जनता**

**विषयः- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवम् मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969**

उपरोक्त प्रार्थीया ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि उनका जन्म दिनांक 10/05/1966 को गांव बटूही में हुआ था, जो कि गलती से ग्राम पंचायत कोठीबंडा के रिकार्ड में पंजीकृत नहीं करवा सके। इसलिए अब यह जन्म तिथि पंचायत रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है।

अतः इस नोटिस के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त पंजीकरण वारे कोई इजर व एतराज हो तो वह दिनांक 29/08/2025 को सुबह 10 बजे इस न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर आकर पेश कर सकता है। अन्यथा हाजिर ना आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर जन्म तिथि पंचायत रिकार्ड में पंजीकृत करने के आदेश पारित कर दिए जाएंगे। इसके उपरान्त कोई एतराज न सुना जाएगा।

आज दिनांक 29/07/2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार ज्वाली जिला कांगड़ा हि.प्र.**

भगवान उस हृदय में निवास करते हैं, जिसके मन में किसी के प्रति बैर भाव नहीं है, कोई लालच या द्वेष नहीं है। - संत रविदास

संपादकीय

## कब्जाधारियों को करारा संदेश

अतिक्रमणकारियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट का निर्णय न केवल कानून के शासन की पुनः स्थापना की दिशा में एक निर्णायक कदम है, बल्कि यह निर्णय वर्षों से सरकारी भूमि पर कुंडली मारकर बैठने वालों को करारा संदेश भी है। अदालत ने हिमाचल प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम की धारा 163-ए को पूरी तरह असंवैधानिक घोषित करते हुए उसे निरस्त कर दिया है, जिससे अवैध कब्जों को वैधता देने का दरवाजा हमेशा के लिए बंद हो गया है। यह धारा कई सालों से एक ऐसा वैधानिक हथियार बन गई थी, जिसका दुरुपयोग कर अतिक्रमणकारियों को राजनीतिक संरक्षण के तहत कानूनी संरक्षण भी मिलता रहा। अदालत के इस निर्णय ने साफ कर दिया है कि सार्वजनिक भूमि को हथियाना अब केवल नागरिक अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि एक आपराधिक कृत्य है, जो गंभीर दंड का भागीदार बनेगा। हिमाचल प्रदेश भूमि राजस्व अधिनियम की धारा 163-ए मूलतः सरकार को यह अधिकार देती थी कि वह 15 अगस्त 2002 तक किए गए सरकारी भूमि पर अतिक्रमणों को नियमित कर सके।

सरकार ने 2002 में इस आधार पर 1,67,339 आवेदनों पर कार्रवाई की प्रक्रिया आरंभ की थी, जिसमें लगभग 24,198 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण नियमित करने की मांग की गई थी। इसके बाद भी 2017 में सरकार की ओर से 5 बीघा तक के अतिक्रमणों के नियमितीकरण के लिए ड्राफ्ट नियम प्रस्तावित किए गए, जिनके तहत फिर से एक वैधता का भ्रम खड़ा किया गया। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि धारा 163-ए अपने मूल रूप में भूमि राजस्व अधिनियम की मूल भावना के विपरीत है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) तथा 300-ए (कानून द्वारा संपत्ति के अधिकार) का उल्लंघन करती है। यह एक मनमाना प्रावधान था, जो सत्ता से नजदीकी रखने वालों को सार्वजनिक भूमि पर निजी संपत्ति खड़ी करने का अधिकार देता था। निश्चित रूप से इस फैसले के दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। इस निर्णय के अनेक सकारात्मक और नकारात्मक पहलू हैं। सकारात्मक प्रभावों में इस निर्णय से लोक संपत्ति की सुरक्षा होगी। यह फैसला सार्वजनिक भूमि की रक्षा और उसके उचित उपयोग की दिशा में मील का पत्थर है।

इससे ग्राम सभा, वन भूमि, सड़कों और सरकारी योजनाओं के लिए सुरक्षित भूमि संरक्षित रहेगी। न्यायिक निष्पक्षता का दायरा भी बढ़ेगा। अब राजनीतिक हस्तक्षेप की आड़ में अतिक्रमणकारियों को रियायतें नहीं मिल पाएंगी। यही नहीं, भूमि सुधारों को भी बल मिलेगा। अवैध कब्जों से मुक्त भूमि को उचित विकासात्मक कार्यों जैसे-आवास योजना, स्कूल, अस्पताल आदि के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। वहीं, नकारात्मक प्रभावों की फेहरिस्त भी लंबी है। इस फैसले से विस्थापन का संकट पैदा होना तय है, क्योंकि वर्षों से सड़क किनारे या खाली सरकारी भूमि पर दुकानें, ढाबे, कार्यशालाएं चलाने वाले हजारों लोगों को उजड़ना पड़ेगा। रोजगार पर भी अच्छा खासा असर पड़ेगा। इस फैसले से छोटे व्यवसाय चौपट हो सकते हैं। राजनीतिक विवाद की गुंजाइश भी पूरी-पूरी है।

यह मुद्दा आगामी चुनावों में राजनीतिक हथियार बनेगा और जनभावनाओं को भड़काने का माध्यम भी बन सकता है। हाईकोर्ट ने अपने निर्णय में यह भी स्पष्ट किया है कि सरकार अब इस मामले में कोई मूकदर्शक नहीं बन सकती। इसलिए अतिक्रमणकारियों के सामने अब तीन रास्ते हैं। यदि किसी व्यक्ति ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर दुकान, घर या अन्य निर्माण किया है, तो वह स्वयं हटाकर प्रशासन को सूचित कर सकता है। इससे कानूनी कार्रवाई से राहत मिल सकती है। जिन लोगों ने दशकों से कब्जे के तहत घर या व्यापार स्थापित किए हैं, वे सरकार से मानवीय आधार पर वैकल्पिक पुनर्वास की मांग कर सकते हैं। यह विशेषतः उन मामलों में लागू हो सकता है, जहां परिवारों का एकमात्र आश्रय स्थल वही अतिक्रमित भूमि है।

जिन लोगों का दावा है कि उनका कब्जा सरकारी भूमि पर नहीं, बल्कि स्वीकृत लीज या ग्राम सभा की अनुमति पर आधारित था, वे पुनर्विचार याचिका दाखिल कर सकते हैं। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को सुझाव दिया है कि वह उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और ओडिशा की तर्ज पर आपराधिक अतिक्रमण को लेकर सख्त कानून बनाए। इससे न केवल भविष्य के अतिक्रमण रोके जा सकेंगे, बल्कि वर्तमान मामलों में भी न्यायिक प्रक्रिया सुदृढ़ होगी। जिन कब्जों में लोग 20-30 वर्षों से रह रहे हैं और उनके पास कोई अन्य आश्रय नहीं है, उनके लिए सरकार को पुनर्वास और वैकल्पिक भूमि आवंटन की नीति पर विचार करना चाहिए।

अतिक्रमण के मुद्दे को राजनीतिक लॉलीपॉप न बनाकर सरकार को स्पष्ट नीति अपनानी चाहिए कि भविष्य में कोई भी अवैध कब्जा नियमित नहीं किया जाएगा। यह फैसला न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे देश में भूमि अधिकारों, वैधानिक जिम्मेदारी और लोक संपत्ति के सम्मान की दिशा में एक मिसाल बनेगा। जनता के लिए संदेश स्पष्ट है कि अब सरकारी भूमि पर अतिक्रमण केवल अनैतिक नहीं, बल्कि आपराधिक कृत्य है। इसलिए जरूरी है कि लोग अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझें और कानून के दायरे में रहकर समाधान तलाशें।

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत के प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता

राजेंद्र सिंह भारत के प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता हैं। वे जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। राजस्थान का अलवर जिला शुरू से एक सूखा इलाका माना जाता रहा है, जहां पानी एक दुर्लभ वस्तु मानी जाती थी। उस दौर में पानी के जलाशय बनाकर उनमें वर्षा का पानी इकट्ठा करके उन्हें सुरक्षित रखना एक पारंपरिक तरीका था, जिससे पानी की कठिनाई को दूर किया जाता था। इन जलाशयों को 'जोहड़' कहा जाता था। विकास के दौर में खदानों और पहाड़ियों के तलहटी के जंगलों की कटाई के काम ने इन जोहड़ों को लगभग खत्म कर दिया। पुरुष ज्यादातर शहर भाग गए और इलाका पानी के गंभीर संकट में आ गया। राजेंद्र सिंह ने इस संकट की स्थिति को बुनियादी तौर पर समझकर उसे दूर करने की ठानी और 'तरुण भारत संघ' की स्थापना की, जिसमें स्वयंसेवी युवकों ने फिर से परंपरागत जोहड़ों की वापसी की, जिससे पानी की समस्या का काफी हद तक हल हो पाई। राजेंद्र सिंह के इस काम के लिए उन्हें 2001 का 'रेमन मैग्सेसे पुरस्कार' प्रदान किया गया। राजेंद्र सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के डौला नामक गांव में हुआ था।



राजेंद्र सिंह
जन्म : 6 अगस्त, 1959



कविता

### हमसफर

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन ,ऊना,( हिमाचल प्रदेश )

*अरे मेरे जीवन साथी, जिंदगी के हमसफर,*
*जीवन की यात्रा में इस सफर के राही,*
*जिंदगी का हमसफर यूं ही कटता रहे तमाम उम्र...*
*राह हमारे में आएंगी मुश्किलें बेहद,*
*आएंगे दुख-सुख खुशी-गम खेद,*
*चलेंगे परस्पर एक-दूसरे का हाथ पकड़, अरे मेरे हमसफर।*
*कभी खत्म न हो यह सुहाना सफर,*
*मंजिल की ओर अग्रसर चलते हुए, आएंगी बाधाएं ही बाधाएं भरपूर।*
*कभी धूप कभी छांव, कभी घोर अंधकार राह में,*
*तुम भूल न जाना रास्ता कहीं, तू अपना दामन भरोसे से थाम,*
*हम सफर को तलाश करना, अरे मेरे साथी! जिंदगी के हमसफर।*
*खत्म न हो हमारा सफर तमाम उम्र, क्या करने वे रहने चौबारे ?*
*क्या चाहिए फिर मेरे हमसफर, बस छोटा सा इक आशियां हो,*
*होगा वहां हमारी खुशियां का बसर, जुदाई होने पर भी न हो हम पर असर,*
*चारों ओर खुशियों ही खुशियां नजर हों अरे जीवन साथी! जिंदगी के हमसफर*
*न कभी खत्म हो यह सुहाना सफर ,तमाम उम्र.... !*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री **editoranantgyaan@gmail.com** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# हिरोशिमा और नागासाकी के परमाणु हमलों से सबक लेना होगा

दूसरी जंग-ए-अजीम के दौर में अमेरिका ने पुरजोर कोशिश की थी कि नाजी जर्मनी से पहले परमाणु बम का निर्माण किया जाए। सन् 1942 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रेंकलिन रूजवेल्ट ने परमाणु बम बनाने के कार्यक्रम मैनहट्टन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। मैनहट्टन प्रोजेक्ट ने परमाणु युग की शुरुआत करके दुनिया में तहलका मचा दिया था। मैनहट्टन प्रोजेक्ट के डायरेक्टर अमेरिकी भौतिक वैज्ञानिक 'रॉबर्ट जे. ओपनहाइमर' के नेतृत्व में सैकड़ों वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत के बाद अमेरिका परमाणु शक्ति बना। ओपनहाइमर ने 'श्रीमद्भगवद्गीता' का भी गहन अध्ययन किया था। आखिर 16 जुलाई 1945 को अमेरिका ने न्यू मैक्सिको के 'अलामोगोर्डो' के रेगिस्तान में ऑपरेशन 'ट्रिनिटी' के तहत जब परमाणु बम का पहला परीक्षण किया तो शक्ति और विनाश की खौफनाक तस्वीर देखकर 'परमाणु बम के जनक' ओपनहाइमर को 'श्रीमद्भगवद्गीता' के ग्यारवें अध्याय का 32वां श्लोक 'कालः अस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोका समाहर्तुमिह प्रवृत्तः' याद आया। अर्थात् 'मैं लोकों का नाश करने वाला महाकाल हूं। इन श्लोकों को नष्ट करने के लिए प्रवृत्त हुआ हूं।' उस परमाणु परीक्षण के एक महीने बाद छह अगस्त 1945 को अमेरिकी पायलट कर्नल 'पॉल वारफील्ड टिबेट्स' ने 'बी 29-एनोला गे' नामक बमवर्षक विमान से जापान के 'हिरोशिमा' शहर पर 'लिटिल बॉय' नामक परमाणु बम का विस्फोट कर दिया। विमान का नाम पायलट पॉल टिबेट्स की माता एनोला गे के नाम पर रखा गया था। नौ अगस्त 1945 को अमेरिका ने 'नागासाकी' पर दूसरा परमाणु बम 'फैट मैन' गिरा कर दूसरी जंगे अजीम का अंजाम तय कर दिया।



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

मानव इतिहास में वो परमाणु बमों का एकमात्र हमला था। उन परमाणु हमलों के बाद जापान ने 15 अगस्त 1945 को मित्र राष्ट्रों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। हालांकि दूसरी जंगे अजीम में दस मार्च 1945 को अमेरिका ने 'ऑपरेशन मीटिंग हाउस' के तहत टोक्यो पर बेहद विनाशकारी बमबारी करके लगभग एक लाख लोगों को मौत के मुंह में धकेल दिया था, मगर जापान ने शिकस्त को तस्लीम नहीं किया। हिरोशिमा तथा नागासाकी पर परमाणु बमों के इस्तेमाल को अधिकृत करने वाले तत्कालीन अमेरिकी सदर 'हैरी एस ट्रूमैन' के मुताबिक जापान को घुटनों पर लाने का एकमात्र विकल्प परमाणु हमला था। मैनहट्टन प्रोजेक्ट को मंजूरी देने वाले फ्रेंकलिन रूजवेल्ट की 12 अप्रैल 1945 को मौत हो गई थी, मगर अमेरिकी परमाणु हमलों में जापान के दो लाख से भी अधिक लोग मारे गए थे।



जापान में नरसंहार की खौफनाक खबरों से ओपनहाइमर आहत हो चुके थे। सत्रह अगस्त 1945 को ओपनहाइमर ने अमेरिका के राष्ट्रपति 'हैरी ट्रूमैन' से मुलाकात करके कहा कि 'मिस्टर प्रेजिडेंट मुझे लगता है। मेरे हाथ खून से सने हैं'। हैरी ट्रूमैन अमेरिका के पूर्व सैन्य अधिकारी थे।

ओपनहाइमर के वो अल्फाज हैरी ट्रूमैन को नागवार गुजरे। ट्रूमैन ने तल्ख लहजे में जवाब दिया 'खून मेरे हाथों पर है, इसकी चिंता मुझे करने दो'। ट्रूमैन ने ओपनहाइमर को रोता हुआ वैज्ञानिक करार देकर अपने दफ्तर से बाहर निकाल कर कहा 'यहां दोबारा मत आना'। जापान पर परमाणु हमले के बाद ओपनहाइमर ने कहा था कि परमाणु बम ने भविष्य के युद्ध को असहनीय बना दिया है। अब परमाणु हथियारों पर नियंत्रण और पारदर्शिता ही मानवता को बचा सकती है। आठ दशक पूर्व परमाणु हमलों से जापान में नरसंहार का रक्तरंजित इतिहास दर्ज है, लेकिन इसके बावजूद दुनिया के देशों में न्यूक्लियर पावर बनने की होड़ मची है। सोवियत संघ ने सन् 1949 में अपना पहला परमाणु बम परीक्षण किया। ब्रिटेन ने सन् 1952 में, फ्रांस ने सन् 1960 में, चीन ने सन् 1964 में, भारत ने सन् 1974 में तथा पाकिस्तान ने सन् 1998 में पहला परमाणु परीक्षण किया था। 'स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट' 'सिपरी' की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के नब्बे फीसदी परमाणु जखीरे पर रूस और अमेरिका का कब्जा है। वैश्विक पटल पर परमाणु हथियार हासिल करने की खतरनाक जद्दोजहद को रोकने के लिए सन् 1968 में 'परमाणु अप्रसार संधि' अमल में लाई गई। सन् 1970 में लागू इस संधि का मकसद परमाणु हथियारों के प्रसार को रोककर निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना है, लेकिन परमाणु अप्रसार संधि की शर्तों को कोई भी मुल्क नहीं मानता। एक दौर वो भी था जब यूक्रेन विश्व की तीसरी बड़ी न्यूक्लियर ताकत था, मगर इसे इत्तफाक कहें या यूक्रेन का जज्बाती कदम! अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस तथा चीन जैसे देशों से अपनी सुरक्षा गारंटी के बदले पांच दिसंबर 1994 को यूक्रेन 'बुडापेस्ट ज्ञापन' पर हस्ताक्षर करके परमाणु अप्रसार संधि में शामिल हो गया। जून 1996 को यूक्रेन ने आधिकारिक तौर पर अपना परमाणु हथियार राज्य का दर्जा खो दिया। रूस ने सन् 2014 में यूक्रेन के क्रीमिया पर कब्जा करके बुडापेस्ट मेमोरेंडम की हवा निकाल दी। रूस के साथ शदीद जंग में बेबस हो चुके यूक्रेन की मौजूदा हालत दयनीय है। कई रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यूक्रेन परमाणु हथियार संपन्न देश होता तो शायद रूस हमला करने की हिमाकत न करता।

मोसाद की स्टीक खुफिया जानकारी से इसराइल ने 12 जून 2025 को अपने लड़ाकू विमानों से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला कर दिया। उन हमलों में अमेरिका ने भी इसराइल का साथ दिया। इसराइल ने जोरदार हमले करके ईरान के ग्यारह परमाणु वैज्ञानिकों तथा 30 सैन्य कमांडरों को भी हलाक कर दिया। अमेरिका तथा इसराइल का तर्क है कि ईरान का परमाणु संपन्न मुल्क बन जाना इसराइल के वजूद को चुनौती है। हिरोशिमा और नागासाकी की परमाणु त्रासदी से विश्व को सबक लेना होगा। अतः परमाणु संपन्न बनने की जहालत भरी होड़ पर लगाम लगनी चाहिए। अन्यथा भविष्य के युद्ध की तस्वीर तथा अंजाम खौफनाक होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# पुखरी से क्यों न मोहित होते महामहिम राज्यपाल!

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मिनी स्विट्जरलैंड (खज्जियार ) से लगभग दो-ढाई किलोमीटर ही दूर बसे 'मिस्टिक विलेज' ( पुखरी ) पधारने के लिए , जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल महामहिम शिव प्रताप शुक्ल तुरंत व सहज ही सहमत हो गए। 'मिस्टिक विलेज' और खज्जियार के संलग्न क्षेत्रों में गांव पुखरी और आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग सुंदर, स्वच्छ , टिकाऊ तथा जिम्मेदार पर्यटन के लिए लगभग 'भगीरथ प्रयास' ही कर रहे हैं। ज्यादा सुखद और मजे की बात यह है कि इन शुभ प्रयासों में स्थानीय महिलाएं भी अग्रिणी रूप से अपनी भूमिका निभा रही हैं। शिव प्रताप को इस विषय में कई लोगों से जानकारी मिली। माननीय राज्यपाल महोदय के सैकड़ों लोगों को किए गए प्रेरणादायक संबोधन ने यह पूर्णतः स्पष्ट कर दिया कि उन्हें थोड़े-दुर्गम क्षेत्र 'मिस्टिक विलेज' तक यात्रा करने में तनिक भी अफसोस नहीं हुआ, बल्कि इसके सर्वथा विपरीत महामहिम ने सुंदर गांव और समर्पित लोगों के प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और लोगों को शाबासी भी दी।



मनुज शर्मा
खरुड़ा, चंबा

साथ ही महामहिम ने एक प्रेममय ठोस सुझाव और लगभग एक कड़ी चेतावनी भी दे दी कि अपने ऐसे स्वर्ग जैसे स्थानों को 'शिमला' और 'मनाली' जैसा कभी भी मत बनने देना। ऐसा होता भी क्यों नहीं? पिछले एक दशक से अधिक समय से हिमाचल में पर्यटन का विकास करने के नाम पर प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों को बहुत ही बेदर्दी और लापरवाही के साथ बर्बाद किया जा रहा है, बल्कि लगभग तबाही ही कर डाली है। बड़े बड़े होटलों और इन्हीं प्रकार की अन्य इमारतों के निर्माण के लिए हिमाचल के पहाड़ों-पहाड़ियों की नब्बे डिग्री पर खुदाई-कटाई की जा रही है और ऐसी लापरवाह गतिविधियों के कारण आज लगभग सारे हिमाचल प्रदेश के हजारों लोगों को बड़े दुष्परिणामों और कष्टों का सामना करना पड़ रहा है। इन सभी अप्रिय परिस्थितियों को देखने से काफी समय पहले ही एक स्वयंसेवी सामाजिक संस्था 'नॉट ऑन मैप' ने पर्यावरण संरक्षण के लिए भारतभर में कई सफल प्रयास किए हैं। अब भी निरंतर ही कर रहे हैं। कुमार अनुभव के साथ इस आलेख का लेखक भी 'नॉट ऑन मैप' संस्था का सह-संस्थापक और पूर्णकालिक सदस्य है।



'मिस्टिक विलेज' की स्थापना ( 2017 ) से ही 'नॉट ऑन मैप' का इन्हें भी पूर्ण समर्थन व सहयोग रहा है' उत्तरदायी और टिकाऊ पर्यटन की अवधारणा को धरातल पर व्यावहारिक रूप से स्थापित करने के लिए 'नॉट ऑन मैप' के भारत में 3000 ( तीन हजार ) से भी अधिक केंद्र हैं। जिला प्रशासन, विशेषकर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ( आईएएस) के विशेष सहयोग से ही महामहिम राज्यपाल का 'मिस्टिक विलेज' का प्रेरक दौरा संभव हुआ। जिम्मेदार व टिकाऊ पर्यटन के विकास के लिए जिला प्रशासन व सरकार के प्रेरणात्मक सहयोग से 'नॉट ऑन मैप' ने 'चलो चंबा' अभियान के तहत जुलाई-अगस्त महीने में क्षेत्र के लोगों की विशेष सहायता करने के लिए एक सप्ताह का चिंतन शिविर व व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने का सफल आयोजन किया।

वस्तुतः यह एक प्रकार के राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का आयोजन रहा। इसमें सभी संबंधित लोगों के ज्ञानवर्धन और मार्गदर्शन करने के लिए देशभर से आए उन विशिष्ट लोगों ने व्यावहारिक भाग लिया, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्वच्छ पर्यटन और वातावरण संरक्षण व सुरक्षा से संबंधित काफी ज्यादा कार्य कर चुके हैं, अबाध रूप से किए ही जा रहे हैं। भारत के विभिन्न भागों से आए विशेष, प्रबुद्ध, विषय के पूर्ण जानकार व्यक्तियों ने न केवल जिला मुख्यालय में, बल्कि सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल भरमौर और जिले के कई अन्य क्षेत्रों में भी अपने बहुमूल्य विचार, अनुभव साझा करते हुए, सैकड़ों युवाओं का मार्गदर्शन किया। केरल से आए एम आर हरी, रुपेश कुमार ( ग्लोबल अवार्ड विनर, सीईओ केरल रिस्पांसिबल टूरिज्म मिशन, सदस्य, इंटरनेशनल सेंटर ऑफ रिस्पांसिबल टूरिज्म ),मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व पर्यटन निदेशक मनोज के सिंह, कोलकाता से आए। मिस्टिक विलेज विकास संगठन का अगला लक्ष्य यह है कि बहुत शीघ्र ही 'मिस्टिक विलेज' को देश का सबसे अधिक स्वच्छ, सुंदर व स्वस्थ गांव बना दिया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** को देवभूमि के नाम से जाना जाता है जहां कई स्थानों पर देवताओं के मंदिर हैं। भारत के ताज पर मणि की तरह सजा प्रदेश सचमुच किसी स्वर्ग से कम नहीं, पर वर्तमान समय में इसकी सुंदर वादियों को न जाने किसकी गंदी नजर लग गई है कि एक सफेद दाग इसकी सुंदरता में बाधा डालकर धीरे-धीरे अंदर से इसे खोखला करके कमजोर बनाने पर तुला हुआ है। वैसे तो यह रंग पवित्रता, शुद्धता, शीतलता का प्रतीक है। जिसे पवित्र और शुभ माना जाता है। पर आज वही श्वेत रंग का चिट्टा नाम सुनकर ही नफरत सी होने लगती है। पंजाब और हिमाचल की लोक भाषा में सफेद रंग को चिट्टा रंग कहा जाता है, क्योंकि इस भयंकर नशे का रंग भी सफेद है, इसलिए इसका नाम चिट्टा लिया जा रहा है। देश व प्रदेश की सरकारों को इस सफेद रंग को पूर्ण तरह से खत्म करना होगा, ताकि हमारी युवा पीढ़ी बच सके।

**अभिषेक कुमार,हमीरपुर**

# हिमाचल प्रदेश में फटते बादल, कहर बरसाता बरसता पानी

जल, नीर, पानी कुछ भी कह लो, यह तो सब की प्यास बुझाता है। कोई भी जीव इसके बिना जीवित नहीं रह सकता, क्योंकि जल ही जीवन है और जल है तो जीवंन है, इसके बिना रहना असंभव है। यदि किसी दिन नल में पानी न आए तो चहूं ओर त्राहि-त्राहि मच जाती है और लोग जल की तलाश में इधर-उधर भटकते देखे जा सकते हैं।

जल वास्तव में ही सबकी प्राथमिक आवश्यकता है, इसीलिए इसे देव तुल्य माना जाता है और जल देवता कहकर इसकी पूजा भी की जाती है। बरसात के इस मौसम में लोग पानी से कुछ डर से गए हैं,,,, अक्सर कहते सुना है, 'बड़ा कहर बरसा रहा है पानी,,,,देखो तो घर, झोपड़ पट्टी, मकान दुकान यहां तक कि मां-बाप और बच्चों तक को बहा कर ले गया, कितना निर्दयी है ये,,,,! अरे किसी पर तो तरस खाता,,,,!' 'बादल फट्टा था जी,' सब यही कहते सुने जाते हैं। हां, इस बार पानी भी तो सामान्य से कुछ अधिक ही बरस रहा है। जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है, पहाड़ दरक रहे हैं, गारा मिट्टी के साथ ही साथ भारी-भारी पत्थर लुढ़क-लुढ़क कर सड़कों पर गिराकर हादसों व बाढ़ का कारण बन रहे हैं और समस्त जन जीवन अस्त-व्यस्त सा हो गया है। जल के, कहर बन के बरसने के भी कई एक कारण हैं, जिन्हें झुठलाया नहीं जा सकता।

देखा जाए तो सबसे मुख्य कारण तो मौसम परिवर्तन का आ जाता है, जिसे विश्व स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम से जाना जाता है। मौसम परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग के लिए हम खुद ही जिम्मेदार हैं, क्योंकि हम खुद ही अपने स्वार्थ के लिए गड्ढा खोद रहे हैं, अर्थात विकास के नाम पर भारी मात्रा में जीवाश्म ईंधन जलाकर बिजली का उत्पादन करके, कल कारखानों को चला के, तरह-तरह के वाहन गाड़ियां चलाकर व सुख सुविधा के लिए अपने भौतिक साधनों में हानिकारक (ग्रीन हाउस गैसे, अर्थात CO w, CHy,Ccly,Nw O जैसी गैसे )गैसों का प्रयोग करके ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके साथ ही बढ़ते विकास के कार्यों (डेमों, सड़कों, सुरंगों, पुलों व बड़ी-बड़ी इमारतों के निर्माण ) में वृक्षों के लगातार कटान, चट्टानों की तोड़फोड़ व मिट्टी के निकास आदि से, क्या हम खुद मौसम परिवर्तन का कारण नहीं बन रहे? क्योंकि इन गैसों द्वारा सूर्य के ताप को अवशोषित करके फिर उसे वातावरण में छोड़कर ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनती हैं। वर्ष 2015 से 2024 तक का यह दशक सब गर्म देखा गया है और वैश्विक औसत तापमान 2024 से पूर्व औद्योगिक स्तर से 1.55 ® C अधिक हो गया है। आज मानव प्रेरित वैश्विक तापमान प्रति दशक 0.25 ® C की दर से बढ़ रहा है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तापमान वृद्धि को 2 ® C से नीचे रखने व 1.5 ®C तक सीमित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही साथ बढ़ते विकास के कार्यों( डैमों , सड़कों, सुरंगों, पुलों व बड़ी-बड़ी इमारतों के निर्माण) में वृक्षों का लगातार कटान, चट्टानों का तोड़ फोड़ व मिट्टी का निकास आदि, क्या हम सभी द्वारा मौसम परिवर्तन का कारण नहीं हैं,,, ? मौसम परिवर्तन या ग्लोबल वार्मिंग से पहाड़ों के बर्फ के पिघलने से जहां नदी नालों में बाढ़ की स्थिति बन जाती है, वहीं समुद्रों में तूफान और सुनामी लहरें उठने लगती हैं, जिनका असर आम जनजीवन पर पड़ता है। इतना ही नहीं ग्लोबल वार्मिंग के परिणाम स्वरूप ही वर्षा में भारी बदलाव देखा गया है। इससे सूखे व बाढ़ जैसे हालत बन जाते हैं। तापमान के बढ़ने से वातावरण में अधिक नमी आ जाती है, जिससे कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश होने लगती है और कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बन जाती है। बादल फटने के पीछे भी, बादलों में अधिक नमी हो जाने से वह भारी हो जाते हैं और फिर फटने लगते हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में बादलों के फटने का एक यह भी कारण होता है।



डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी



दूसरे हवा के ऊपर उठाने पर भी जब ठंडी हवा से बादल टकराते हैं तो भी वह बदल फटने कारण बन जाता हैं। कहीं कहीं गर्म व ठंडी हवा के टकराने से भी ये बादल फट जाते हैं। इस तरह देखा गया है कि मौसम परिवर्तन अर्थात ताप में वृद्धि होना भी बादलों के फटने का कारण होता है। नदी नालों में, बारिश की बाढ़ से ढलते बहते पेड़ पौधे ,मकान दुकानें, बड़े-बड़े होटल व गाड़ियां आदि सभी का बह जाना, बादलों के फटने के कारण ही नहीं होता, बल्कि यह सब उस इकट्ठे हुए पानी की ऊर्जा से होता। हम अक्सर अपने घरों का समस्त कूड़ा कचरा नदी नालों में फेंकते रहते हैं और वही कूड़ा कचरा नदी नालों में ढेर के रूप में इकट्ठा हो कर, उधर से निकलने वाले पानी के लिए जब अवरोधक के रूप में, बाधक बन जाता है तो पानी वहीं रुकने लगता है और उस रुके पानी में स्थिति से ऊर्जा पैदा हो जाती है जो कि पानी की बढ़ती मात्रा के साथ बढ़ती जाती है। जब यही ऊर्जा अत्यधिक हो जाती है तो वह सभी रुकावटों तोड़ देती है और उसी ऊर्जा के फलस्वरूप (जो कि गतिज ऊर्जा में बदल जाती है)उस रुके पानी में इतना वेग बढ़ जाता है कि वह अपने साथ बड़े बड़े पत्थरों, वाहनों, पेड़ों व इंसानों को बहा कर ले जाता है। बस यही सब कुछ इधर हमारे हिमाचल के जिला मंडी के सिराज, करसोग, धर्मपुर, सियाज व कांगड़ा के धर्मशाला में जून मास में और अभी जुलाई मास में मंडी शहर में भारी तबाही देखी गई। बरसते पानी की तबाही में कितने ही परिवार खत्म हो गए, कितने घर, मकान, दुकानें व पशु पानी के साथ बह गए, उनका दर्द तो केवल वहीं जानते हैं जिन पर यह मुसीबत का पहाड़ टूटा है,,, ! परमात्मा इन सभी मुसीबत के मतों को संभलने की शक्ति दे और उन सभी दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें जो इस त्रासदी में अपने परिवार को बिलखता छोड़ गई हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# तुगलकी फरमान जारी न करें विद्युत बोर्ड प्रबंधक, सरकार लगाए लगाम

जिस प्रकार देवभूमि हिमाचल प्रदेश व देशभर में सबसे अधिक महत्वपूर्ण विभाग सरकार और जनता के लिए अगर कोई माना जाता है तो वह है (विद्युत बोर्ड) जिस विद्युत आपूर्ति के बिना जीवन जैसा अधूरा सा प्रतीत होता है अथार्थ वर्तमान समय में विद्युत आपूर्ति हर व्यक्ति के जीवन का आधार बन चुका है, परंतु विद्युत आपूर्ति को बहाल करने वाला हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड जैसे अपने अस्तित्व को बचाने के लिए वर्षों से जद्दोजहद कर रहा है, जो कि आज की एक जमीनी सच्चाई और समस्या बनती जा रही है।



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जिस प्रकार विद्युत बोर्ड वर्षों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के समक्ष आवाज बुलंद कर रहा है, परंतु जिस प्रकार प्रदेश सरकार विद्युत बोर्ड की आर्थिक स्थिति अनुकूल न होने का आधार बनाकर निजीकरण की और कदम बढ़ा रही है, जबकि वर्तमान सरकार ने सत्ता आने से पहले वादा किया था कि सरकार बनने पर सभी विभागों में हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों की सबसे प्रमुख मांग (ओपीएस) की बहाली की जाएगी, जिसमें शायद कहीं न कहीं कर्मचारियों के समर्थन के बदोलत सरकार सत्ता में काबिज हुई, तो वहीं सरकार ने वादा अनुसार अन्य सभी विभागों में ओपीएस योजना लागू की, परंतु विद्युत बोर्ड के साथ जैसा सौतेला व्यवहार होता नजर आ रहा है, परंतु फिर भी हिमाचल प्रदेश के विद्युत कर्मचारी समय-समय पर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मर्यादित और संवैधानिक रूप से अपनी मांगों को लेकर मुखर हो रहे हैं, जिसमें कि विभिन्न जिलों में महापंचायतों के रूप में आवाज बुलंद की जा रही है, जिन महापंचायतों के विरोध में बोर्ड प्रबंधक ने लगता है जैसे असंवैधानिक तुगलकी फरमान जारी किया है, जिसमें कि स्पष्ट दर्शाया गया है कि विद्युत बोर्ड के कर्मचारी नेता एवं संगठन प्रदेश विद्युत बोर्ड कार्यालय कुमार हाऊस व अन्य क्षेत्रीय कार्यालय में कोई भी विरोध-प्रदर्शन नहीं करने और मांगों को लेकर सख्त आदेश जारी किए हैं और साथ ही नियम तोड़ने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

यहां देखने एवं समझने वाला विषय यह भी है कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभागों के कर्मचारी दशकों से समय-समय पर अपनी उचित मांगों को लेकर हिमाचल प्रदेश सरकार के सचिवालय और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन,अनेक दिनों तक अनशन इत्यादि के लिए भी संवैधानिक अनुसार सरकार और संबंधित विभाग अनुमति प्रदान करतीं हैं, जिसमें कि किसी भी संगठन और कर्मचारियों को अपनी बात को सभ्य और शालीनतापूर्वक रखने के लिए जरूर चेताया जाता है, अन्यथा फिर सुरक्षा बल शांति बनाएं रखने के लिए बल पूर्वक भी शांति बनाएं रखने का प्रयास करतीं हैं, जानकारी अनुसार जिस प्रकार प्रदेश सरकार के समक्ष विद्युत बोर्ड के कर्मचारी और विभिन्न कर्मचारी संगठन संवैधानिक और शांति पूर्वक अपनी उचित मांगों को उठाने का प्रयास कर रही है, जिसमें कि सबसे महत्वपूर्ण व मुख्यतः मांग अन्य विभागों की तरह विद्युत बोर्ड में भी ओपीएस योजना लागू करना, निजीकरण इत्यादि को रोकना माना जा रहा है, जो कि एक कर्मचारी एवं अधिकारी होने के साथ-साथ सामाजिक रूप से भी महत्वपूर्ण मानी जाती है, इस प्रकार हम सभी प्रदेशवासियों को भी इस उचित मांग को लेकर विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की इस उचित मांग के पक्ष में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सामाजिक रूप से खड़ा होने की आवश्यकता है और सरकार से भी निवेदन और जनहित में सुझाव देना चाहिए, तो वहीं इस तुगलकी फरमान के उपरांत समस्त विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने इस फैसले का पूरजोर विरोध किया है और असंवैधानिक फैसला बताया है जिस पर बोर्ड प्रबंधक को पुनर्विचार करना चाहिए और हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री से भी निवेदन किया है कि आप ऐसे अधिकारियों पर लगाम लगाने का प्रयास करें, जो इस प्रकार के फरमान जारी कर रहे।



विद्युत बोर्ड के सभी कर्मचारी संगठनों ने मीडिया को जानकारी साझा कि है कि हमने हमेशा अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण और संवैधानिक रूप से बात रखने का प्रयास किया है और आगे भी हमेशा रखेंगे जब तक कर्मचारियों की विभिन्न उचित मांगों को सरकार पूर्ण नहीं कर लेती, क्षेत्र समाज के बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों के अनुभव अनुसार इस प्रकार के आदेश कहीं न कहीं कर्मचारियों के हितों का जैसे गला घोंटने और मानसिक रूप से गहरा आघात भी पहुंचाता है, तो उम्मीद करते हैं कि बोर्ड प्रबंधक और प्रदेश सरकार ऐसे फैसले पर पुनर्विचार एवं आदेश वापस लेगी, ताकि भविष्य में कर्मचारियों का विश्वास और मनोबल बना रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी में भारी बारिश से तबाही, करोड़ों का नुकसान

## लोक निर्माण विभाग को 417 करोड़ से अधिक का नुकसान, 750 ट्रांसफार्मर प्रभावित व बहाली कार्य युद्ध स्तर पर जारी

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** जिले में पिछले 24 घंटों से हो रही भारी बारिश और भूस्खलन ने जिले के बुनियादी ढांचे को गहरा नुकसान पहुंचाया है। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क, पेयजल और विद्युत आपूर्ति प्रणाली बुरी तरह प्रभावित हुई है।

लोक निर्माण विभाग को अब तक 417 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। अकेले मंडी वृत्त में पिछले 24 घंटों में 23 करोड़ रुपए की क्षति आंकी गई है। 270 में से 73 सड़कें बहाल कर दी गई हैं और 158 मशीनें बहाली कार्य में लगी हुई हैं। धर्मपुर वृत्त में 35 सड़कों में से 12 बहाल हो चुकी हैं। जल शक्ति विभाग की 555 योजनाएं बाधित हुई हैं, जिनमें 491 पेयजल योजनाएं, 57 सिंचाई योजनाएं और 5 मल निकासी योजनाएं शामिल हैं। इससे विभाग को 31 करोड़ रुपए का आरंभिक नुकसान हुआ है। बहाली के लिए 2,500 से अधिक राहत कर्मी तैनात किए गए हैं।

बिजली विभाग को भी बड़ा नुकसान हुआ है। 750 ट्रांसफार्मर, 21 किलोमीटर विद्युत लाइन और 40 पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। अब तक 450 ट्रांसफार्मर बहाल किए जा चुके हैं। नुकसान की प्रारंभिक राशि 2.20 करोड़ रुपए आंकी गई है।

अपूर्व देवगन ने नागरिकों से अपील की है कि वे विद्युत उपकरणों और क्षतिग्रस्त क्षेत्रों से दूर रहें तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करें। बहाली कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

### लांगनी गांव में खतरे की जद में आए 4 मकान



**अनंत ज्ञान, मंडी।** रात भर लगातार बारिश से नेला वार्ड के लांगनी गांव में 4 मकान खतरे की जद में आ गए हैं। नवीन कुमार, डिंपल कुमारी, डॉ. संजय व महेंद्र कुमार, दुनी चंद वर्मा आदि के घरों के आगे पीछे भूस्खलन होने के कारण एक मकान आंशिक रूप से व बाकी मकानों का भी नुकसान हुआ है। आयुक्त नगर निगम रोहित राठौर, पार्षद राजेंद्र मोहन मौका पर पहुंचे व तत्काल तिरपाल उपलब्ध करवा दिये गए। पटवारी हल्का भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे व नुकसान का आकलन किया। महापौर विरेंद्र भट्ट पार्षद के साथ मौका पर पहुंचे व राहत कार्यों का जायजा लिया। उनके साथ पार्षद निर्मल वर्मा भी साथ थीं।

### भूस्खलन की चपेट में आकर गिरा रसोईघर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के तहत उपतहसील ढलवान के दायरे में आने वाली ग्राम पंचायत पटड्डीघाट के गुलेला गांव में देर रात हुई भारी बारिश ने कहर मचाया। बारिश के दौरान मलबा गुलेला गांव निवासी जय राम पुत्र गणु राम के घर तक पहुंच गया। मकान के ऊपर भारी भूस्खलन हो गया, जिसके चलते जय राम का रसोईघर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस बारे में जय राम ने घटना की सूचना ग्राम पंचायत प्रधान को दी। जिसके बाद ग्राम पंचायत पटड्डीघाट के प्रधान विधि चंद ने मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया तथा संबंधित पटवारी को सूचित किया। उधर हल्का पटवारी अक्षय ने बताया कि गुलेला गांव में भूस्खलन होने की सूचना मिलते ही मौका किया गया और नुक्सान का आंकलन करके रिपोर्ट उच्चाधिकरियों को भेज दी है। जल्द ही प्रभावित व्यक्ति को आर्थिक मदद मिल जाएगी।

# सम्मान योजना 70 वर्षीय बुजुर्ग के लिए बनी जीवनरक्षक सहारा

**अनंत ज्ञान, करसोग**



**केलोधार** पंचायत के 70 वर्षीय शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रामू राम को 'सम्मान योजना' के अंतर्गत नागरिक अस्पताल करसोग में उपचार और देखभाल की सुविधा मिली है।

ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा सूचना दिए जाने पर उपमंडल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां बीएमओ डॉ. गोपाल चौहान की निगरानी में एक मेडिकल टीम गठित कर बुजुर्ग की जांच की गई। जांच में पाया गया कि रामू राम मानसिक भ्रम की स्थिति में हैं और उनके शरीर पर गंभीर बेड सोर (गहरे घाव) भी हैं। स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कर निशुल्क इलाज शुरू किया गया।

अस्पताल प्रशासन ने उनकी देखभाल के लिए ओम प्रकाश नामक अटेंडेंट को नियुक्त किया है, जो बुजुर्ग की सफाई, खानपान और दैनिक आवश्यकताओं की देखरेख कर रहे हैं। संपूर्ण उपचार और देखभाल का खर्च 'सम्मान योजना' के अंतर्गत किया जा रहा है। यह योजना जरूरतमंद और बेसहारा बुजुर्गों के लिए एक सकारात्मक पहल के रूप में सामने आई है।

## न्यूज ब्रीफ

### ज्योतिरादित्य भंडारी ने पास की नीट परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जेल रोड के निवासी वकील अनुपम और शमां के बेटे ज्योतिरादित्य भंडारी ने नीट की परीक्षा पास कर नयी मंजिल की ओर कदम बढ़ाया है। अब वह डाक्टरी की पढ़ाई हमीरपुर मेडिकल कॉलेज से पूरी करेंगे। उन्होंने हाल ही में नीट की परीक्षा में 720 में से 505 अंक हासिल किए हैं। बता दें कि ज्योतिरादित्य की प्रारंभिक शिक्षा मंडी में ही हुई है और इन्होंने मंडी से ही एक वर्ष नीट परीक्षा की कोचिंग और गत वर्ष भी नीट का टेस्ट अटेम्प्ट किया, लेकिन एक अंक से चूक गए थे। इस वर्ष दोबारा नीट की परीक्षा दी और सफलता हासिल की।

### बीसी सरोच को फिर मिली अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एसवीएम स्कूल में धर्म संघ के चुनाव शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। सर्वसम्मति से बीसी सरोच को एक बार फिर अगले तीन वर्षों के लिए धर्म संघ का अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान डॉ. ओम राज ने बीसी



सरोच के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने पूर्ण समर्थन और सहमति के साथ स्वीकार किया। बीसी सरोच की कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और धर्म संघ के प्रति समर्पण को देखते हुए सभी सदस्यों ने उनके पुनः अध्यक्ष बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें बधाई दी और भविष्य में संघ को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई। चुनाव के बाद यह निर्णय लिया गया कि धर्म संघ की नई कार्यकारिणी के गठन की पूरी जिम्मेदारी भी बीसी सरोच को सौंपी जाएगी। उनके नेतृत्व में कार्यकारिणी का गठन शीघ्र ही किया जाएगा। यह चुनाव न केवल संगठन की एकता को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि एक सक्षम व समर्पित नेतृत्व ही संस्था की दिशा और दशा तय करता है।

### आईआईटी मंडी ने अब तक के सबसे बड़े अंडर ग्रेजुएट बैच का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** आईआईटी मंडी ने 2025-26 सत्र के लिए अपने अब तक के सबसे बड़े अंडर ग्रेजुएट बैच का भव्य स्वागत किया। इस वर्ष कुल 592 छात्रों ने प्रवेश लिया है, जो पिछले वर्ष के 514 छात्रों की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि है। इस नए बैच में 394 पुरुष और 121 महिला छात्राएं शामिल हैं। महिला नामांकन में यह वृद्धि, जो 2024 में 96 थी, स्न्जश्वरूक्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और संस्थान की समावेशी शिक्षा नीति का परिणाम है। संस्थान के निदेशक प्रो. लक्ष्मिधर बेहरा ने उद्घाटन समारोह में छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि यह दिन उनके शैक्षणिक जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने कहा कि आईआईटी मंडी की विविधता, आउटरीच, मेंटरशिप और नवाचार आधारित शिक्षा इसे विशेष बनाती है। यह आयोजन संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, लिंग समानता और समर्पित नेतृत्व का प्रतीक बनकर उभरा।

### डॉ. जीवन लाल के उपनिदेशक बनने से खुशी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण सामने आया है। ग्राम पंचायत खलारडू के गांव सूरजपुर बड़ी के रहने वाले डॉ. जीवन लाल को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पशुपालन विभाग में सहायक निदेशक से पदोन्नत कर उपनिदेशक, एपिडेमियोलॉजी के पद पर नियुक्त किया गया है। अब वे निदेशालय पशुपालन, शिमला में अपनी सेवाएं देंगे।डॉ. जीवन लाल की यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि सरकाघाट उपमंडल के लिए भी गर्व का विषय है। एक साधारण और आर्थिक रूप से सीमित परिवार से संबंध रखने वाले डॉ. लाल ने अपनी मेहनत, लगन और ईमानदारी से यह मुकाम हासिल किया है। उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और लगातार आगे बढ़ते रहे।स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने डॉ. जीवन लाल की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। लोगों का मानना है कि उनका यह सफर क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो यह संदेश देता है कि कठिन मेहनत और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। डॉ. जीवन लाल की पदोन्नति से सरकाघाट क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

### आर्य समाज मंदिर में आज से श्रावणी पर्व वेद सप्ताह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** आर्य समाज मंदिर मंडी में 6 से 10 अगस्त तक श्रावणी पर्व वेद सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आर्य जगत के प्रख्यात विद्वान आचार्य रणवीर शास्त्री सहारनपुर उततर प्रदेश वाले अपनी वाणी से वेद ज्ञान प्रवाहित करेंगे तथा भजनोपदेशक कुलदीप भास्कर करनाल अपने सुमधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। आर्यसमाज मंदिर कमेटी के प्रधान ने बताया कि 6 अगस्त से दस अगस्त तक सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े नौ बजे तथा सांय पांच से सात बजे तक भजन और प्रवचन होंगे। दस अगस्त प्रात3 नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक यज्ञ, पूर्णाहुति, आशीर्वाद, प्रसाद वितरण, भजन, प्रवचन के पश्चात ऋषि लंगर का आयोजन किया जाएगा।

### बीबीएमबी नहर किनारे युवाओं को मिला कछुआ

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की कोट पंचायत के तहत रठोहा पुल के समीप बीबीएमबी नहर किनारे की सड़क पर कुछ स्थानीय युवाओं को एक कछुआ मिला। नहर किनारे शाम के समय सैर करने आए इन युवाओं ने कछुए को पकड़ा। युवाओं ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी वन विभाग के कर्मियों ने युवाओं को इसे नहर में छोड़ने की सलाह दी। वन विभाग के परामर्श पर युवाओं ने कछुए को नहर में छोड़ दिया। बता दें कि बीबीएमबी नहर में अक्सर हिरण व बारहसिंगा सहित कई प्रजातियों के जानवर दूर दराज के जंगलों से आकर नहर में पानी पीने के लिए उतरते हैं और नहर में गिर जाते हैं जिन्हें स्थानीय लोग वन विभाग की टीम की मदद से बाहर निकलते हैं।

### हिम आंचल पेंशनर संघ की बैठक 10 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंदरनगर (चौंतड़ा) खंड की मासिक बैठक अब 10 अगस्त को आयोजित की जाएगी। यह बैठक प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय जोगिंदरनगर के सभागार में संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न होगी। संघ के महासचिव रमेश पठानिया एवं वित्त सचिव रविंद्र शर्मा ने संयुक्त बयान में बताया कि पूर्व निर्धारित तिथि 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व होने के चलते बैठक में बदलाव किया गया है।

### शिव मंदिर मझारनू में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** शिव मंदिर कमेटी मझारनू द्वारा सावन माह के सुअवसर पर मंगलवार को शिव मंदिर परिसर में छट्ठे वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में मझारनू, नेर, भट्ठा व आसपास के हजारों भक्तों ने भगवान का आशीर्वाद लिया व प्रसाद ग्रहण किया। इस महिलाओं ने भजन कीर्तन कर भोले नाथ जी की अराधना भी की। शिव मंदिर कमेटी के प्रधान प्रताप रावत ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा 5 अगस्त 2020 को मंदिर की स्थापना की गई थी। कमेटी द्वारा हर वर्ष 5 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर कमेटी के प्रधान प्रताप रावत, उपप्रधान रमेश ठाकुर व सभी कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

# स्वदेशी जागरण मंच का स्वदेशी सुरक्षा व स्वावलंबन अभियान शुरू




प्रेसवार्ता करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**स्वदेशी** जागरण मंच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के आह्वान का समर्थन करते हुए स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान देशभर में स्वदेशी के प्रति जागरूकता फैलाने और आत्मनिर्भर भारत को सशक्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इस अभियान में हिमाचल प्रदेश से प्रो. अनुपमा सिंह स्वदेशी शोध प्रमुख, एक अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेशभर में स्वदेशी आंदोलन को नए आयाम दिए जा रहे हैं। स्वदेशी जागरण मंच ने विदेशी वस्तुओं और विशेषकर चीन, तुर्की जैसे विरोधी देशों से आयातित वस्तुओं के बहिष्कार की अपील की है।

इस अभियान से जुड़े अन्य प्रमुख सहयोगियों में जसवंत सिंह यादव, हेम राज पठनिया, डॉ. जोगिंदर चौहान, विवेक आनंद, रजनी और पुष्पा ठाकुर भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# चंडीगढ़-मनाली सड़क पर कहीं कीचड़, कहीं पत्थर तो कहीं नालों ने जमाया कब्जा

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगल की अमंगल छाया ने विभाग के साथ वाहन चालकों व पर्यटकों को खुब रुलाया। यहां खुला तो आगे बंद आगे खुला तो उसके आगे बंद। यह सिलसिला मंडी से पनारसा तक चलता रहा। रुक- रुक कर बारिश होती रही उसी तरह इस सड़क पर भी गाड़ियां कछुआ चाल में चलती रही। मंगलवार की सुबह 3 बजे से भारी वर्षा के कारण यह सड़क मार्ग बहुत स्थानों पर भूस्खलन, पत्थर गिरने के कारण बाधित हो गया था।

इनमें चार और पांच मील में हल्के- हल्के भूस्खलन से सड़क बंद हो गई थी। जबकि नौ मील की भारी कीचड़ में दो वाहन भी फंस गये थे। रुक रुक कर यह कीचड़ बार बार परेशान कर रही थी। मगर फोर-लेन निर्माण कंपनी के एमसी की तत्परता से हर 1 घंटे के बाद यहां से सड़क मार्ग सुचारू होता रहा। जागर नाले के पानी ने सड़क मार्ग को चट्टानों के साथ अपने कब्जे में ले रखा था। जिसे हटाने में कम्पनी को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# भाजपा मंडी जिला के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने किया प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा का स्वागत



भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा का स्वागत करते हुए व साथ में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भाजपा** हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा मंडी पहुंचे। मंडी आगमन पर भाजपा मंडी जिला के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सहित सभी नवनियुक्त महामंत्री, उपाध्यक्ष, सचिव, मीडिया प्रभारी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश प्रभारी के साथ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी उपस्थित रहे। श्रीकांत शर्मा ने पदाधिकारियों को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं और आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस आपदा के समय में आपदा प्रभावित लोगों का पूरा सहयोग करने को कहा। लोगों की समस्या के समाधान के लिए सतत सक्रिय रहने का आग्रह भी किया।

# जनवादी नौजवान सभा और एसएफआई ने जॉब ट्रेनी योजना के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए।

**प्रदेश** सरकार की 'जॉब ट्रेनी योजना' के विरोध में जोगिंद्रनगर में जनवादी नौजवान सभा और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने एसडीएम कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए कहा कि यह योजना दो साल की सस्ती मजदूरी और असुरक्षित रोजगार का माध्यम है। जनवादी नौजवान सभा के नेता संजय जमवाल ने इसे कॉरपोरेट मानसिकता से प्रेरित करार देते हुए कहा कि सरकार युवाओं को कर्मचारी की तरह कार्य करवाना चाहती है, लेकिन उनके अधिकार नहीं देना चाहती।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत चयनित ट्रेनी को न पेंशन मिलेगी, न छुट्टी, और न ही स्थायी नौकरी की गारंटी। दो साल बाद फिर से परीक्षा देनी होगी, और किसी भी समय बगैर कारण बताए बाहर किया जा सकता है। एसएफआई के जिला सचिव दीपक कुमार, अर्जुन बडवाल, दीपा ठाकुर, सुनील व शुभम भाटिया सहित कई युवाओं ने सरकार से योजना रद्द करने, स्थायी भर्तियों की बहाली और सम्मानजनक रोजगार नीति लागू करने की मांग की। प्रदर्शन के अंत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नाम एक ज्ञापन भी एसडीएम के माध्यम से भेजा गया।

# भाजपा मंडी के जिला उपाध्यक्ष बने अजय

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भाजपा मंडी जिला कार्यकारिणी की नई सूची जारी कर दी गई है, जिसमें विभिन्न मंडलों से कई नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई इस नियुक्ति में अनुभव और कर्मठता को प्राथमिकता दी गई है। जारी सूची के अनुसार अजय सकलानी को भाजपा मंडी जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं चौंतड़ा मंडल से राकेश चौधरी को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। लडभड़ोल मंडल से रमा देवी को कार्यकारिणी में स्थान मिला है। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चौंतड़ा मंडल से अरुण, धनी राम और भावना खनोडिया को शामिल किया गया है। लडभड़ोल मंडल से रणवीर सिंह, रमेश चंद्र और कश्मीर सिंह को कार्यकारिणी में जगह दी गई है। वहीं जोगिंद्रनगर मंडल से अजय धरवाल, मेघना ठाकुर और शांति स्वरूप शर्मा को सदस्य बनाया गया है। विधायक प्रकाश राणा और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल ने चुने गए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# बालीचौकी में खुलेगा श्रमिक कल्याण बोर्ड का उपकार्यालय, अधिसूचना जारी

**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** मंडी जिला के बालीचौकी में श्रमिक कल्याण बोर्ड के उप कार्यालय को खोलने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। हालांकि बालीचौकी में बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर द्वारा अपने पिछले प्रवास कार्यक्रम के चलते इसकी घोषणा कर दी गई थी, लेकिन कार्यालय की अधिसूचना लम्बे समय बाद जारी की गई है।



गौरतलब है कि पूर्व में भाजपा सरकार द्वारा भी बालीचौकी में श्रम कल्याण बोर्ड का कार्यालय खोला गया था लेकिन सत्ता परिवर्तन के उपरांत कार्यालय को डिनोटिफाई किया गया था। अक बालीचौकी में श्रम कल्याण बोर्ड के कार्यालय की अधिसूचना जारी करने पर सराज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह ने प्रदेश के सीएम सुक्खू व कामगार बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर का आभार व्यक्त किया है। विजय पाल सिंह ने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र में कुछ अन्य महत्वपूर्ण संस्थान भी खोले जाएंगे, वहीं बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय की अधिसूचना जारी करने पर सराज मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष टेक सिंह चौहान, ग्राम पंचायत काऊ के पूर्व प्रधान दीवान चंद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष पपलेश राणा, राजेंद्र शर्मा, होशियार ठाकुर, मदन ठाकुर, रोशन, जयवंति नेगी, घनश्याम ने इस कार्यालय के खुलने पर खुशी जताई है।

# सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस समारोह बनेगा विकास का आधार : रंगीला राम



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**पूर्व मंत्री ने सीएम सुक्खू से अस्पताल और केंद्रीय विद्यालय की उम्मीद जताई**

**प्रदेश** सरकार द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस सरकाघाट में मनाए जाने के निर्णय पर पूर्व मंत्री रंगीला राम राव ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया है और इसे क्षेत्र के लिए विकास का मील पत्थर बताया है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सीएम इस अवसर पर सरकाघाट को कई बड़ी सौगातें देंगे। राव ने विशेष रूप से पॉलीटेक्निक कॉलेज खोलने, सिविल अस्पताल सरकाघाट के अधूरे भवन के लिए बजट का प्रावधान करने, हटली और सरकाघाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, अस्पताल में शिशु, हड्डी व रेडियोलॉजी विशेषज्ञों की नियुक्ति तथा क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत के लिए धनराशि जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह तीसरा मौका है जब सरकाघाट को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की मेजबानी का गौरव मिला है।

# विदेश में नौकरी के इच्छुक युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विदेश में नौकरी करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए श्रम, रोजगार तथा विदेशी नियोजन विभाग ने पंजीकरण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। विभाग द्वारा इच्छुक युवाओं से गूगल शीट के माध्यम से पंजीकरण करवाया जा रहा है, जिसके लिए एक क्यूआर कोड जारी किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी इस कोड को स्कैन कर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के उपरांत अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता व अनुभव के अनुसार चयन कर संबंधित देश की आवश्यकता अनुसार विभाग द्वारा नाम भेजा जाएगा। यदि पात्रता पूर्ण होती है, तो नौकरी का अवसर उपलब्ध करवाया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी मंडी ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से इस सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ज्योतिष महाकुंभ में जोगिंद्रनगर के पंडित लेखराज शर्मा सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**




**केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया कैप्टन लेखराज और विभा शर्मा को सम्मानित**

**दिल्ली** में आयोजित राष्ट्रीय ज्योतिष महाकुंभ में जोगिंद्रनगर के सुप्रसिद्ध हस्तरेखा विशेषज्ञ एवं श्री शारदा ज्योतिष निकेतन के निदेशक कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा और उनकी पुत्री ज्योतिषविद विभा शर्मा को विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मेलन में देशभर के विद्वानों ने भाग लिया, जहां शर्मा पिता-पुत्री की विद्वता ने सबको प्रभावित किया। इन्होंने पारंपरिक वैदिक ज्योतिष को आधुनिक तकनीकी परिप्रेक्ष्य, विशेषकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़कर प्रस्तुत किया।

विभा शर्मा ने युवाओं को वैदिक ज्ञान से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और महिला ज्योतिषाचार्यों की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंच से हस्तरेखा विशेषज्ञ कैप्टन लेखराज शर्मा व ज्योतिषविद विभा शर्मा को सम्मानित किया, जो हिमाचल प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव की बात है। मंच पर दोनों को शॉल, सम्मान-पत्र और स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# चोलथरा में लापरवाह कटिंग से खतरे में दिव्यांग सैनिक का घर

## सदमे के कारण पत्नी अस्पताल में भर्ती; मकान के आसपास खिसकी मिट्टी, फलदार पौधे भी हुए नष्ट

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** चोलथरा गांव में हाईवे निर्माण की बेतरतीब कटिंग एक दिव्यांग पूर्व सैनिक के लिए बड़ा संकट बन गई है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण उनका मकान गिरने की कगार पर पहुंच चुका है।

ग्राम पंचायत चोलथरा निवासी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त दिव्यांग सैनिक रमेश कुमार, पुत्र श्रीलाल मन का आरोप है कि एनएच-003 चोलथरा बायपास निर्माण के दौरान उनके घर के नीचे करीब 25 फीट की कटाई चार महीने पहले कर दी गई थी। उस समय डंगा (सुरक्षा दीवार) लगाने का आश्वासन दिया गया था, परंतु आज तक वह नहीं बनाया गया। अब स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि मकान की नींव



चोलथरा में बेतरतीब कटिंग के कारण घर को उत्पन्न हुआ खतरा।

तक मिट्टी खिसक चुकी है और आसपास के फलदार पौधे नष्ट हो गए हैं। रमेश कुमार ने कई बार उपमंडल अधिकारी, उपायुक्त और स्थानीय विधायक से शिकायत की। मौके का निरीक्षण भी किया गया, परंतु एनएच विभाग, प्रशासन और निर्माण कर रही गावर कंपनी ने कोई

**रमेश कुमार ने 2 करोड़ मुआवजे की उठाई मांग**

ठोस कदम नहीं उठाया। अतिरिक्त भूस्खलन के चलते रमेश कुमार को अपने घर को खाली कर पड़ोसियों के पास शरण लेनी पड़ी। सदमे के कारण उनकी पत्नी कमला देवी को मानसिक आघात पहुंचा, जिससे उन्हें सरकाघाट के सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा।

रमेश कुमार ने हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के माध्यम से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को शिकायत भेजते हुए 2 करोड़ रुपए के मुआवजे की लिखित मांग की है, ताकि जिम्मेदारी तय हो सके और भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई न जाए।

# झील संरक्षण में जनभागीदारी व विभागीय समन्वय जरूरी : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**रिवालसर झील संरक्षण के लिए मसौदा योजना पर हुई विस्तृत चर्चा**

**जिला** वेटलैंड समिति की बैठक मंगलवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य रिवालसर झील वेटलैंड के संरक्षण और संतुलित विकास के लिए तैयार किए गए मसौदा फ्रेमवर्क प्रबंधन योजना पर विस्तार से चर्चा करना था। बैठक में एडीसी मंडी गुरसिमर सिंह, एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी, वन मंडलाधिकारी वासु डोगरा सहित वन, जलशक्ति, पर्यटन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर नियोजन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिवालसर झील के संरक्षण के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि स्थानीय समुदाय की भागीदारी से ही इस योजना को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी विभागों और हितधारकों से योजना पर सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि इन सुझावों के आधार पर इसे और प्रभावी रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर मसौदा योजना को प्रस्तुत करते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि रिवालसर झील एक प्राकृतिक वेटलैंड है, जो अपनी जैव विविधता, धार्मिक महत्त्व और सांस्कृतिक धरोहर के लिए जानी जाती है। यह क्षेत्र हिन्दू, सिख और बौद्ध समुदायों के लिए आस्था का केंद्र है।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे के साथ पकड़ा होशियापुर निवासी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी के नजदीक पुलिस जिला देहरा के अंतर्गत मोईन पुलिस चौकी के तहत एक चिट्टे का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में होशियारपुर निवासी गुरप्रीत सिंह से 2.33 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। यह कार्रवाई चौकी इंचार्ज संजीव कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने गुरप्रीत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि गुरप्रीत सिंह का संबंध किसी बड़े तस्करी गिरोह से तो नहीं है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है।

### रेलमार्ग पर दो अलग रेंक की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, अंब।** ऊना जिले के रेल यात्रियों ने उत्तर रेलवे और रेल अंबाला मंडल से मांग उठाई है कि गाड़ी संख्या 64563/64 अंब-अंदौरा से अंबाला छावनी और अंबाला से आगे रायपुर हरियाणा जंक्शन तक मेमू के दो अलग-अलग रेंक चलाए जाएं। इस मांग में वरुण, पवन , विनोद, मुकेश आदि रेलयात्री शामिल हुए। उन्होंने बताया कि पहले ये पैसेंजर रेलगाड़ी अंबाला छावनी तक ही सीमित थी, तब ये अपने निर्धारित समय पर गंतव्य पर पहुंचती थीं, लेकिन कुछ महीनों पहले इसका विस्तार हरियाणा के जिला हिसार के निकट स्थित रायपुर हरियाणा जंक्शन तक कर दिया गया। जिस से यह रेलगाड़ी आए दिन अपने निर्धारित समय पर नहीं आती या रद्द कर दी जाती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं, ऐसे में रेल यात्रियों की सुविधा हेतु जल्द सख्त कदम उठाएं जिससे कई राज्यों के यात्रियों को राहत मिलेगी।

### सारांश गर्ग फाउंडेशन पूरे भारत में करेगा कार्य




**अनंत ज्ञान, बडूही।** सारांश गर्ग फाउंडेशन, जो कि पिछले तीन वर्षों से एनिमल वेलफेयर, एजुकेशन, हेल्थ और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत है, अब राष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यों का विस्तार करने जा रही है। फाउंडेशन के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में फाउंडेशन संचालकों ने एक अहम निर्णय लेते हुए इसे भारतव्यापी अभियान में बदलने की घोषणा की है। साथ ही, अब फाउंडेशन ने अपनी सदस्यता योजना की भी शुरुआत कर दी है, जिसके माध्यम से देशभर के नागरिक इससे जुड़ सकते हैं। फाउंडेशन की ओर से सदस्यों को विशेष लाभ भी प्रदान किए जाएंगे, 10 लाख तक का डेथ क्लेम बीमा 15,000 तक का मेडिकल बेनिफिट बीमा, सदस्य की बेटी की शादी में 2,100 से लेकर एक लाख तक का कन्यादान सहयोग, आजीवन सदस्यता शुल्क मात्र 1,100 निर्धारित किया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस सामाजिक सेवा से जुड़ सकें। फाउंडेशन के संचालक कृष्ण गोपाल गर्ग ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों की मदद करना और सामाजिक जागरूकता फैलाना है। आने वाले समय में फाउंडेशन की गतिविधियां पूरे भारत में संचालित की जाएंगी।

### बीबीए विभाग ने किया औषधीय पौधों का रोपण



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट कॉलेज ऊना में बीबीए विभाग द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के छात्र-छात्रों और शिक्षकों ने मिल कर अनेक प्रकार के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विभाग के समन्वयक डॉक्टर शाम सिंह बैंस ने कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे कदम भी पर्यावरण की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी छात्रों से आग्रह किया कि वे न केवल पौधे लगाएं, बल्कि उनकी देखभाल भी पूरी निष्ठा से करें। कार्यक्रम में प्रो. संजय वर्मा एवं विभाग के शिक्षकगण प्रोफेसर अंजली कौंडल, प्रो. विजय कुमार, प्रो किरण बाला, प्रो. ऋचा शर्मा व प्रो. मोनिका रायजादा भी उपस्थित रहे ।

### नई कार्यकारिणी ने चैतन्य का आभार जताया



**गरदेव, अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** भारतीय जनता पार्टी की जिला ऊना कार्यकारिणी में मंडल गगरेट एवं मंडल दौलतपुर चौक के भाजपा कार्यकर्ताओं को स्थान मिलने पर गगरेट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया और कहा कि यह कार्यकर्ताओं की संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण और निरंतर सेवा का सम्मान है।चैतन्य शर्मा ने आशा व्यक्त की कि कार्यकारिणी में शामिल किए गए सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत होते हैं और इन कार्यकर्ताओं की भूमिका आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण रहने वाली है। जिला कार्यकारिणी में गगरेट विधानसभा क्षेत्र से जिन कार्यकर्ताओं को स्थान मिला है, उनमें नगर पंचायत दौलतपुर चौक के प्रदीप शर्मा, राजीव शर्मा, पूर्व प्रधान रायपुर शक्ति सिंह राणा, सुशील कुमार, आरती शर्मा, सोमा रानी, शामिल हैं। पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से अपेक्षा जताई कि वे पार्टी संगठन की मजबूती, समाजहित और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य करते रहेंगे।

### रक्षाबंधन पर आध्यात्मिक चेतना व आत्मीयता का संदेश



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** ब्रह्माकुमारीज संस्था के बंगाणा सेवा केंद्र ऊना में रक्षाबंधन का पावन पर्व पूरे आध्यात्मिक भाव, सांस्कृतिक गरिमा और भाईचारे की भावना के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर क्षेत्र के तहसीलदार भ्राता अमित कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राजयोग मेडिटेशन द्वारा प्रभु स्मृति के साथ की गई, जिससे समस्त वातावरण दिव्यता और सुकून से भर गया। इसके पश्चात ऊना क्षेत्र प्रभारी बीके आशा बहनजी द्वारा रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन केवल एक सामाजिक या पारंपरिक त्योहार नहीं, बल्कि यह आत्मा और परमात्मा के बीच सुरक्षा, शुद्धता और स्नेह के दिव्य बंधन को स्थापित करने का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि भ्राता अमित कुमार शर्मा ने ब्रह्माकुमारीज संस्था की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में जब समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है, ऐसे में ब्रह्माकुमारीज संस्था एक प्रकाश स्तंभ की तरह कार्य कर रही है। इस दौरान बीके बहनों ने सभी उपस्थितजनों को रक्षा-सूत्र (राखी) बांधकर उनके जीवन में सुख, शांति, सुरक्षा और सकारात्मकता की कामना की, साथ ही संस्था द्वारा तैयार आध्यात्मिक साहित्य और संदेशात्मक उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में संस्था के बीके रितु, बीके बबीता, बीके हरजीत, बीके अशोक आदि के साथ अनेक गणमान्य नागरिक, स्थानीय भाई-बहनें, युवा और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# शहरवासियों की सहायता के लिए पूरी तत्परता से जुटीं नगर निगम ऊना की टीमें

## भारी बारिश से लोगों के घरों, दुकानों और फैक्टरियों में घुस गया था पानी



ऊना में दुकानों की लगातार साफ-सफाई में जुटी नगर निगम की टीमें।

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** नगर निगम ऊना के आयुक्त एवं एडीसी महेन्द्र पाल गुर्जर ने कहा कि लगातार हो रही भारी वर्षा के बीच नगर निगम की टीमें शहरवासियों को त्वरित सहायता उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तत्परता से कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को दिनभर में निगम को सहायता के लिए 20 कॉल प्राप्त हुईं और सभी स्थानों पर तुरंत कार्रवाई की गई। प्रभावित क्षेत्रों में जलभराव हटाने, मलबा साफ करने, नालियों और गलियों की डीसिल्टिंग कर निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के कार्य किए गए। आयुक्त ने कहा कि वार्ड संख्या 8 में निगम द्वारा अपने संसाधनों से जेसीबी और ट्रैक्टर उपलब्ध करवा कर रास्तों को साफ किया गया। अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार राहत और सफाई कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि एसडीओ अंकुश राणा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई है, जो प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखते हुए राहत कार्यों को अंजाम दे रही है। नागरिक किसी भी प्रकार की सहायता या शिकायत के लिए नगर निगम कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-226040 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बारिश में भर-भराकर गिरा कच्चा मकान, हजारों रुपए का नुकसान



खरयालता तलमेहड़ा पंचायत के गांव वही में बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ मकान।

**अनंत ज्ञान, बडूही**

जोल उपतहसील की खरयालता तलमेहड़ा पंचायत के गांव वही में बारिश में भर-भराकर ग्रामीण का मकान गिर गया। गनीमत यह रही कि मलबे में दब कर कोई घायल नहीं हुआ।

इसकी जानकारी खरयालता पंचायत के प्रधान अशोक कुमार मोनू ने दी। मकान गिरने की सूचना प्रशासन को दे दी गई है। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश से इसका असर मंगलवार सुबह दिखाई दिया। वही गांव की सुदेश कुमारी पत्नी दीनू राम का मकान भर-भराकर गिर गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त मकान में परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। मकान गिरने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोग जमा हो गए।

सुदेश कुमारी के मुताबिक मकान गिरने से उसका हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। उसने बताया मकान के पीछे खेत है। खेत में पानी जमा भरने की वजह से उसे यह नुकसान हुआ है।

## स्क्रब टायफस से घबराएं नहीं बस एहतियात बरतें : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

स्क्रब टायफस बुखार कोई हौव्वा नहीं है, जिससे किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। यह बरसात के मौसम में फैलने वाली एक बीमारी है, जिसका इलाज बहुत आसान है। समय पर डॉक्टरी सलाह से आसानी से इसका ईलाज संभव है। जरूरत है तो केवल आवश्यक सावधानी बरतने, सचेत रहने और समय पर ईलाज की।



**कैसे फैलता है स्क्रब टायफस**

स्क्रब टायफस बरसात के मौसम में फैलने वाली एक बीमारी है। यह खतरनाक जीवाणु रिकेटशिया से संक्रमित पिस्सू के काटने से फैलता है, जो खेतों, झाड़ियों व घास में रहने वाले चूहों से पनपता है। यह जीवाणु चमड़ी के जरिए शरीर में प्रवेश करता है और स्क्रब टायफस बुखार पैदा करता है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।

**ये लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. एसके वर्मा स्क्रब टायफस के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताते हैं कि जोड़ों में भयंकर दर्द और कंपकपी के साथ किसी व्यक्ति को 104 से 105 डिग्री का तेज बुखार होने और शरीर में अकड़न का थकावट महसूस होने पर तुरंत डॉक्टरी जांच करवा लेनी चाहिए। ज्यादा संक्रमण में गर्दन, बाजुओं के नीचे, कूल्हों के ऊपर गिल्टियां होने जैसे लक्षण भी स्क्रब टायफस के हमले की निशानी हो सकते हैं, ऐसे किसी भी लक्षण में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। इसके अलावा भी बुखार कैसा भी हो तुरंत डॉक्टरी सलाह लें।

**घर और आसपास रखें साफ-सफाई**

एहतियात बरतते हुए बरसात के दौरान घर और आसपास साफ-सफाई रखें, घास-झाड़ियां न उगने दें। पानी जमा न होने दें। घर के अंदर-बाहर और आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें। शरीर की स्वच्छता का ख्याल रखें। खेतों में काम करते समय अपने शरीर को विशेषकर हाथ-टांगे और पैर ढक कर रखें।

**क्या कहते हैं डीसी :** जिलाधीश जतिन लाल ने लोगों से बरसात के मौसम में रोगों से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने का आग्रह किया है। प्रशासन का लोगों को स्क्रब टायफस, डेंगू और अन्य जीवाणु तथा वायरस जनित रोगों से बचाव को लेकर शिक्षित करने पर विशेष बल है। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता के जन अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की है।

## कड़थौली में मकान के साथ लगता डंगा गिरा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



कड़थौली में भारी बारिश से बलबीर के मकान के साथ लगता डंगा गिर गया।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के प्लाहटा पंचायत के कड़थौली गांव में हालिया भारी बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। यहां रहने वाले बलबीर सिंह और उनके परिवार के लिए यह बारिश एक खौफनाक त्रासदी बनकर आई। बरसात के कारण उनके रिहायशी मकान से सटा डंगा पूरी तरह से गिर गया है, जिससे अब उनका मकान भी गिरने की कगार पर पहुंच गया है।

परिवार में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है, वहीं अब तक लगभग आठ लाख रुपऐ के नुकसान का अनुमान जताया जा रहा है। बलबीर सिंह मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। मकान की दीवारों में दरारें आ गई हैं और जमीन धंसने के कारण अब उनका घर रहना लायक नहीं रह गया है। भारी बारिश से घर की नींव तक को खतरा पैदा हो गया है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। पीड़ित परिवार के मुखिया बलबीर सिंह ने बताया कि समय रहते उन्होंने बच्चों और परिजनों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया, लेकिन यदि इसी तरह बारिश जारी रही, तो पूरा मकान भी गिर सकता है।

उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि स्थिति का तुरंत जायजा लिया जाए और यथाशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे अपने परिवार को सुरक्षित स्थान पर ले जा सकें और नए सिरे से जीवन की शुरुआत कर सकें। उनका कहना है कि वह एक साधारण मजदूर हैं और इतने बड़े नुकसान की भरपाई अपने दम पर कर पाना संभव नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी बलबीर सिंह के नुकसान को गंभीर बताया है और प्रशासन से तुरंत राहत कार्य शुरू करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील है, लेकिन अभी तक यहां पर कोई ठोस सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए गए हैं। उधर, प्रशासन की ओर से अभी तक कोई विशेष कार्रवाई नहीं की गई है। न ही किसी अधिकारी ने मौके का दौरा किया है। ऐसे में बलबीर सिंह और उनका परिवार खुद को बेसहारा और असहाय महसूस कर रहा है। अब देखना यह होगा कि क्या जिला प्रशासन और राज्य सरकार इस पीड़ित परिवार की मदद करती है कि नहीं।

## छात्रवृत्तियों के महत्व को किया रेखांकित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंगाणा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न छात्रवृत्तियों के फॉर्म भरने के संदर्भ में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्कॉलरशिप समिति के संयोजक कृष्ण चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उपलब्ध विभिन्न छात्रवृत्तियों की जानकारी देना, पात्रता मानदंड समझाना तथा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराना था, जिससे वे समय रहते सही तरीके से आवेदन कर सकें।

इस अवसर पर स्कॉलरशिप समिति के सदस्य डॉ. किरण ठाकुर, प्रोफेसर अरविंद रत्न, प्रोफेसर निकिता एवं प्रोफेसर कमलेश कुमार भी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को सही तरीके से आवेदन करने के लिए मार्गदर्शन दिया और उनके प्रश्नों के समाधान भी किए। संयोजक कृष्ण चंद ने छात्रवृत्तियों के महत्व को रेखांकित किया।

## जर्जर लेंटल पर ही डाल दिया लेंटल

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**



जर्जर हाल में पंप हाउस की छत, जिस पर ही लेंटल डाल दिया गया है।

**बडूही।** जलशक्ति विभाग मंडल अंब के तहत उठाऊ पेयजल योजना सोहारी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। विभाग के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाने पर खर्च किए गए, परंतु इन पैसों का सदुपयोग विभाग के द्वारा इस तरह से किया गया कि हर कोई विभाग की तारीफ करने से नहीं चूक सकता। विभाग द्वारा लापरवाही से पंप हाउस के पुराने लेंटल को तोड़े बगैर उसके ऊपर नया डाल दिया गया।

जलशक्ति विभाग के द्वारा सोहारी उठाऊ पेयजल योजना के पंप हाउस जो कि अस्सी के दशक का बना हुआ है और जिसकी स्थिति काफी जीर्णशीर्ण हो चुकी है और आलम यह है की इस पंप हाउस के ऊपर डाला गया लेंटल भी धीरे-धीरे नीचे गिर रहा है और इस के चलते जहां हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। जलशक्ति विभाग के द्वारा अपने कर्मचारियों की परवाह करते हुए इस पंप हाउस पर पड़े लेंटल को उखाड़ कर नया लेंटल डालने की बजाए पुराने लेंटल पर ही एक और लेंटल डालकर इतिश्री कर ली, जबकि पुराने लेंटल का प्लास्टर धीरे-धीरे नीचे गिर रहा है और लेंटल में डाला गया स्टील तक सामने दिखाई दे रहा है ।

> **बरसात** के बाद जो प्लास्टर गिर रहा है जिसकी मरम्मत करवा दी जाएगी। लेंटल से पानी नीचे गिरने के चलते उसके ऊपर कंक्रीट डाली गई थी।
> **रमेश चंद, कनिष्ठ अभियंता चौकीमन्यार**

अब सवाल यह उठता है की यदि लेंटल पहले का ठीक था तो नया लेंटल डाल कर किसे फायदा पहुंचाने की विभाग कोशिश कर रहा है। जलशक्ति विभाग सेक्शन चौकीमन्यार में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी कई बार कई सवाल उठ चुके हैं, परंतु विभाग के उच्च अधिकारी कहां सोए हैं कुछ पता नहीं।

## बंगाणा-शांतला सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे, बंगाणा-तूतड़ू सड़क भी खस्ता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



सड़क पर पड़े गड्ढे, जो दोपहिया चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं।

उपमंडल बंगाणा से शांतला कामलू सड़क की हालत काफी ख़राब हो चुकी है। हथलौन से तूतड़ू मुख्य मार्ग का पर काफी गहरे गड्ढे हो गए हैं। कई-कई जगहों पर सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है जिस कारण बजरी सड़क पर बुरी तरह से फैली हुई है। बरसात के कारण गड्ढों में पानी भरा हुआ है, जिस कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं।

आपको बता दें कि इस यह सड़क मार्ग जिला कांगड़ा और जिला हमीरपुर को आपस में जोड़ता है। बंगाणा से लेकर हथलौन तक पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के समय तारकोल बिछाई गई थी, जो सड़क अभी ठीक है, बाकी आगे की सड़क पूरी तरह पैच वर्क से भरी है। बार-बार पैच वर्क किया जाता है, जो कुछ समय बाद ही उखड़ जाता है। राहगीरों और ग्रामीणों रिंकू, गुरदेव सिंह, जगत राम, शिल्पा, अमन, लेखराज, जोगिंद्र, मनीष, अंकुश, सुमन, शिवानी, सुमित, अर्पणा देवी आदि ने मांग की है कि उक्त रोड जल्द से जल्द पर पुनः अच्छी गुणवत्ता वाली तारकोल बिछाई जाए ताकि इस सड़क से गुजरने वालों को हादसों का शिकार न होना पड़े। लोनिवि बंगाणा के उक्त सर्किल के जेई महिंद्र सिंह का कहना है कि मामला उनके ध्यान में है। एक सप्ताह पहले भी कुछ स्थानों पर गड्ढे भरने का काम शुरू किया था परंतु भारी बारिश होने से फिर से गड्ढे पड़ चुके हैं। मौसम साफ होते ही गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, इस सड़क का टेंडर हो चुका है। सितंबर माह में काम शुरू करवा दिया जाएगा।

## लालसिंगी में रोटरी और अन्य संगठनों ने चलाया पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, ऊना**



लालसिंगी में रोटरी और अन्य संगठनों के सदस्य पौधरोपण करते हुए।

पेड़-पौधे धरती का श्रृंगार होते हैं। इन्हें जितनी ज्यादा संख्या में लगाया जाएगा, उतना ही धरती मां सुंदर व स्वच्छ बनेगी। हिम इन्क्लेव आवासीय कॉलोनी लालसिंगी में रोटरी पार्क में रोटरी क्लब ऊना व पतंजलि योग पीठ द्वारा आयोजित पौधरोपण समारोह में अपने संबोधन में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष ओंकार नाथ कसाणा ने यह बात कही।

इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने पार्क में 50 से अधिक विभिन्न किस्मों के पौधे रोपित किए। ओंकार नाथ कसाणा ने कहा कि हर नागरिक को पौधा लगाने व उसके संरक्षण के लिए संकल्प लेना चाहिए। पर्यावरण में असंतुलन के दौर को पौधरोपण से ही खत्म किया जा सकता है। जल व थल को बचाने के लिए पौधरोपण एक कारगर उपाय है। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऊना के अध्यक्ष यशपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि हिम इन्क्लेव आवासीय कॉलोनी में रोटरी पार्क का निर्माण किया है तथा इस पार्क में सजावटी व छायादार पौधे लगाए गए है। इसके अलावा कॉलोनी में हर वर्ष पौधरोपण किया जा रहा है तथा इस पूरे क्षेत्र को हराभरा कर यहां पर पौधों की देखभाल की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि धरती का बचाना है तो हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाने पड़ेंगे। यदि हमारी धरती सुरक्षित होगी तभी हम सभी सुरक्षित रह पाएंगे।

इससे पहले हिम इन्क्लेव कॉलोनी के निदेशक बलदेव चंद ने रोटरी क्लब द्वारा 50 के करीब पौधे लगाने पर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाज कल्याण के कार्यों में अहम भूमिका अदा कर रहा है तथा हिम इन्क्लेव में भी रोटरी पार्क का विशेष रूप से निर्माण किया गया है। उन्होंने पौधरोपण अभियान की सराहना की। क्लब के सचिव रंजीत जसवाल ने कहा कि रोटरी क्लब लंबे समय से सामाजिक कार्यक्रमें में अपनी सहभागिता निभाता आ रहा है। समाज में स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पौधरोपण को लेकर जागरूकता आए,इसके लिए क्लब अपना सहयोग कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुटता से प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में क्लब सदस्य जतिंद्र कंवर, मौनिका सिंह, पतजंलि योग पीठ से डॉ. बलदेव डोगरा ने भी अपने विचार रखे।

### पौधरोपण के संरक्षण में इन्होंने निभाई सहभागिता

**पौधरोपण** के कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष ओंकार नाथ कसाणा, रोटरी क्लब के प्रधान यशपाल ठाकुर, सचिव रंजीत जसवाल, वरिष्ठ सदस्य एचएन चीटू, बलदेव चंद, बरजिंद्र जीत सिंह गोल्डी, सुरेंद्र ठाकुर, जगदीश राव, कोषाध्यक्ष संजीब अग्रिहोत्री, जतिंद्र कंवर, कृष्ण ठाकुर, आरके शर्मा, मौनिका सिंह, ज्योति चौधरी, पतंजलि योग पीठ से शिव शशि कंवर, डॉ. बलदेव डोगरा, विजय शर्मा, राजिंद्र कौशल, जतिन शर्मा, देसराज, अखिल चौधरी, सखिल चौधरी, डॉ. नमिशा बिश्ट सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**राशन किटें दीं :** रोटरी क्लब ऊना ने ऊना में मूसलाधार बारिश के चलते आईटीआई ऊना के साथ लगती झुग्गियों में पानी भरने के चलते केशव भवन में शरण लिए 17 प्रवासी परिवारों को एक-एक हजार रुपए मूल्य की राशन की किटस भेंट की। इस अवसर पर डॉ. हेडगेवार सोसायटी की तरफ से सुभाष वशिष्ठ व अनिल भारद्वाज के अलावा रोटरी क्लब सदस्य मौजूद रहे।

**पहल** थानाकलां स्कूल में छुट्टियों के बावजूद पोधरोपण अभियान चलाया गया

## थानाकलां स्कूल में शिक्षा के साथ हरियाली की सौगात

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



छुट्टियों के बावजूद मेहंदू पौधे को रोपित करते प्रधानाचार्य व अन्य।

**लठियाणी।** सभी स्कूल जहां बरसात की छुट्टियों में सन्नाटे में डूबे रहते हैं, वहीं राजकीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला थानाकलां ने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो केवल क्षेत्र ही नहीं, पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। बरसात की नमी में जब प्रकृति मुस्कुरा रही थी, उसी मौसम में प्रधानाचार्य संजीव पराशर के नेतृत्व में शिक्षकों ने विद्यालय आकर पौधरोपण करके यह सिद्ध कर दिया कि सच्चे शिक्षक सिर्फ कक्षा में नहीं, समाज के हर कोने में ज्ञान और जागरूकता का वृक्ष लगाते हैं।

मेंहदी, आंवला, ड्रेक जैसे औषधीय पौधों लगाने से महज पौधरोपण नहीं था, यह एक हरियाली आंदोलन की शुरुआत थी। 'धरती से रिश्ता फिर जोड़ा गया, मिट्टी को प्रेम से थामा गया। छांव नहीं ढूंढी किसी पेड़ की, बल्कि खुद एक पेड़ बन जिया गया, दुर्लभ 'मैहंदू' की वापसी औषधीय खजाना फिर जीवित हुआ।'

शिक्षक हंसराज ने कहा कि आजकल के समय में 'मैहंदू' का पौधा विलुप्त प्राय है, लेकिन प्रधानाचार्य संजीव पराशर न केवल इसे खोज लाए, बल्कि इसके गुणों की जानकारी देकर सबको अचंभित कर दिया। पाचन के लिए अमृत इसकी पत्तियां चबाने से पेट संबंधी विकारों में राहत मिलती है। त्वचा के लिए औषधि इसकी जड़ और छाल से तैयार लेप त्वचा रोगों में प्रभावी है। गले व श्वसन तंत्र के लिए हितकारी, इसका काढ़ा खांसी, जुकाम व गले की खराश में लाभदायक है, प्राकृतिक एंटीसेप्टिक घावों पर लगाने से संक्रमण रुकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पराशरकी कार्यशैली ने सिद्ध कर दिया कि अगर नेतृत्व दृढ़ संकल्पित हो, तो कोई भी बदलाव असंभव नहीं।

**सौ पौधों का संकल्प, हर हाथ बनेगा हरियाली का साथी :** प्रधानाचार्य पराशर ने बताया कि इस वर्ष सौ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। इन पौधों की देखरेख शिक्षक-विद्यार्थी मिलकर करेंगे, यानी सिर्फ रोपण नहीं, पालन भी। यह एक जीवंत पाठशाला है, जहां छात्र सिर्फ किताबें नहीं, प्रकृति से जुड़ने का पाठ भी पढ़ते हैं। 'पेड़ लगाएंगे, हवा बचाएंगे, खुशबू में जिंदगी बसाएंगे।' इस अवसर पर पवन शर्मा, नंदलाल, विनोद कुमार, सुमन लता, हरिंदर देव, ओंकार सिंह, पवना, रामकली, उषा देवी, प्रवीण, विजय कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

## कुटलैहड़ के बलराम को दूसरी बार मिली जिला भाजपा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र से भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता बलराम बबलू को भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर जिला ऊना का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी उन्हें लगातार दूसरी बार मिली है। उनकी इस नियुक्ति पर न केवल कुटलैहड़ बल्कि पूरे ऊना जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है।



भाजपा नेता बलराम बबलू का राजनीतिक सफर काफी प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने छात्र जीवन से ही भाजपा से जुड़कर कार्य करना शुरू किया और पार्टी की विचारधारा को आत्मसात करते हुए संगठनात्मक जिम्मेदारियां बखूबी निभाई। सबसे पहले उन्हें कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा युवा मोर्चा का महामंत्री नियुक्त किया गया। इसके बाद उन्होंने मंडल महामंत्री का दायित्व निभाया। इसके बाद उन्हें भाजपा युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद वे राज्य स्तर पर किसान मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे और फिर उन्हें जिला ऊना का भाजपा उपाध्यक्ष बनाया गया। अब एक बार फिर भाजपा हाईकमान ने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें जिला भाजपा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति पर बलराम बबलू ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, जिला ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती, कुटलैहड़ के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो और जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम मिन्हास का आभार भी प्रकट किया।

बलराम बबलू ने इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, उसे वे कभी टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ इस दायित्व को निभाएंगे और संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक और अधिक मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

# बालू में भूस्खलन से स्कूल मलबे में तब्दील

## ग्रामीणों के मकानों और मवेशियों को भारी नुकसान, 5 भेड़ें और एक गाय गोशालाओं में दबी

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** आनी उपमंडल की दुर्गम करशेईगाड़ पंचायत में मंगलवार को भारी बारिश के चलते भीषण भूस्खलन हुआ। इससे क्षेत्र में भारी तबाही मच गई। सुबह करीब 11 बजे हुए इस भूस्खलन की चपेट में प्राथमिक पाठशाला बालू पूरी आ गया और स्कूल का पूरा ढांचा मलबे में तब्दील हो गया। करशेईगाड़ और फनौटी पंचायत की सीमा पर स्थित इस स्कूल में तीन कमरे, एक हाल और एक रसोईघर था, जो पूरी तरह से तबाह हो गया। स्कूल में रखा सारा फर्नीचर, दस्तावेज और शैक्षणिक सामग्री मलबे में दफन हो गई। राहत की बात यह रही कि वर्तमान में स्कूल में छुट्टियां चल रहीं हैं। इससे कोई जानहानि नहीं हुई। स्कूल में दोनों पंचायतों के करीब 42 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। स्थानीय पंचायत प्रधान शारदा देवी और फनौटी पंचायत के प्रधान दौलत राम चौहान ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि यदि स्कूल की इमारत भूस्खलन के रास्ते में न होती, तो नीचे स्थित बलेहड़ गांव को भारी नुकसान पहुंच सकता था। भूस्खलन से न केवल स्कूल प्रभावित हुआ, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका पर भी बड़ा असर पड़ा है। बालू गांव के हीरालाल पुत्र डोला राम की तीन भेड़ें और जगत सिंह पुत्र इंदर सिंह की दो भेड़ें और एक गाय उनकी गोशाला में ही दब गई। इसके अलावा देवी सिंह, संगत राम और हीरालाल के करीब 150 सेब के पौधे भी जमीन सहित खिसक गए। भूस्खलन से मोहर सिंह, झगड़ सिंह, देवी सिंह और हीरालाल के मकानों को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। इसे देखते हुए पंचायत द्वारा तुरंत प्रभाव से इन मकानों को खाली करवा दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही आनी प्रशासन ने पटवारी को मौके पर भेजा। तहसीलदार रत्नेश्वर शर्मा ने बताया कि मौके पर नुकसान का जायजा लिया ज रहा है, जल्द रिपोर्ट तैयार की जाएगी।



आनी उपमंडल की दुर्गम करशेईगाड़ पंचायत में भूस्खलन के कारण मलबे से भरी प्राथमिक पाठशाला बालू पूरी।

## पांच दिन के बाद मनाली-लेह मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान, मनाली।** पांच दिन के बाद मनाली–लेह मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। धुंधी में धंसी सड़क को ठीक कर सीमा सड़क संगठन ने वाहनों को भेजना शुरू किया। हालांकि, इस मार्ग पर अभी भी बड़े वाहनों का चलना जोखिमभरा है।

सड़क के नीचे लगातार भूस्खलन हो रहा है। प्रशासन ने सभी से सावधानी बरतने की अपील की है। धुंधी पुल के समीप भूस्खलन होने के कारण बुधवार को यातायात अवरुद्ध हो गया था। सीमा सड़क संगठन ने सड़क के मलबे को हटाकर छोटे वाहनों की आवाजाही तो 24 घंटे के भीतर शुरू कर दी थी, लेकिन बड़े वाहन नहीं छोड़े गए। सोमवार को क्रेट लगाने का कार्य पूरा होने के बाद बड़े वाहनों को भी भेजा गया। बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू होने से सोलंगनाला इलाके में फंसे ट्रक ऑपरेटरों को राहत मिली है। सभी ट्रक लेह लद्दाख के लिए रवाना हो गए हैं। उधर, बारिश से इस मार्ग पर जगह–जगह भूस्खलन हो रहा है। इससे सफर करना जोखिमभरा है। प्रशासन ने सभी से अपील की है कि इस मार्ग पर सफर करने से पूर्व मौसम पूर्वानुमान और प्रशासन की ओर से जारी एडवाइजरी की जानकारी लें।

## रैली निकालकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर में 1 से 31 अगस्त तक नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं तथा समुदाय को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।

इसी कड़ी में लाहौल–स्पीति के जिला मुख्यालय केलांग में महिला व बाल विकास विभाग व कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ डीसी लाहौल–स्पीति किरण भड़ाना द्वारा केलांग से फ्लैग ऑफ कर किया गया। इस अवसर पर एसडीएम आकांक्षा शर्मा, सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाना तथा सीडीपीओ खुशविंदर सिंह भी उपस्थित रहे। अभियान की विशेष बात यह रही कि इसमें लाहौल क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और जो 70 गांवों में कार्य कर रहे हैं उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाई।

## मोरमा बनी अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त महिला वॉलीबाल कोच

अनंत ज्ञान, तीर्थन

जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी के गांव बंदल की बेटी मोरमा भारती ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का नाम रोशन किया है।



तीर्थन घाटी की ग्राम पंचायत शर्ची के बंदल गांव की बेटी और कोडरा गांव तहसील बंगाणा, जिला ऊना की बहू मोरमा भारती ने हाल ही में मालदीव में आयोजित एफआईवीबी कोचिंग कोर्स लेवल–1 को सफलता पूर्वक पास कर लिया है, अब उन्हें वॉलीबाल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कोच के रूप में मान्यता प्राप्त हो गई है, अब यह दुनियाभर में कहीं भी खिलाड़ियों को वॉलीबाल का प्रशिक्षण दे सकती हैं। मोरमा भारती के खिलाड़ी से कोच बनने तक का सफर बहुत ही प्रेरणादायक रहा है। मोरमा भारती की प्रारंभिक शिक्षा गुशैणी स्कूल में हुई। पढ़ाई के साथ ही खेलों में रुचि रखने वाली मोरमा की प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया तथा कक्षा नौवीं में उनका चयन धर्मशाला के साई स्पोर्ट्स हॉस्टल में हुआ, जहां से उन्होंने वॉलीबाल में प्रशिक्षण लेना शुरू किया। इसके बाद मोरमा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने 24 बार राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबाल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इनमें स्कूल नेशनल, जूनियर नेशनल और सीनियर नेशनल शामिल हैं, अभी तक इसने अधिकतर राष्ट्रीय स्तर पर बतौर कोच ही कार्य किया, अब इसी अनुभव और मेहनत के बल पर वे एफआईवीबी लेवल–1 कोर्स पूरा करने में सफल रही हैं। एफआईवीबी कोचिंग कोर्स का आयोजन हाल ही में 27 से 31 जुलाई तक मालदीव के हुलहुमले रीजनल स्टेडियम में किया गया। इसमें भारत समेत 45 देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एफआईवीबी के प्रशिक्षक मिशेल सेलेस्टिन (सेशेल्स) ने इस कोर्स का संचालन किया। कोर्स के अंत में सभी प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोचिंग सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। यह सर्टिफिकेट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त होता है। मोरमा भारती ने न केवल अपने मायके तीर्थन घाटी कुल्लू, बल्कि अपने ससुराल ऊना के साथ हिमाचल प्रदेश का भी नाम रोशन किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रमिकों को योजनाओं के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** स्पीति घाटी के दूरदराज पंचायत लोसर में श्रम कल्याण कार्यालय किन्नौर व स्पीति द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 16 स्थानीय ग्रामीणों, बढ़ई व प्लंबरों ने भाग लिया। जिला श्रम कल्याण अधिकारी सपन जसरोतिया द्वारा उपस्थित लोगों को हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की 14 कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इन योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों को 8,400 से 4,20,000 रुपए तक की वार्षिक सहायता विभिन्न मदों में प्रदान की जाती है। इनमें बच्चों की शिक्षा, विवाह, प्रसूति लाभ, मृत्यु सहायता, उपकरण खरीद आदि शामिल हैं। जसरोतिया ने श्रमिकों से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही है इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए स्वयं को बोर्ड में पंजीकृत कराएं और ई-केवाईसी पूर्ण करें। इस अवसर पर श्रमिकों को पंजीकरण व लाभ प्राप्ति के लिए फॉर्म भी वितरित किए गए। यह शिविर दूरदराज व दुर्गम क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

### रोटरी क्लब मनाली ने रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के नथान क्षेत्र में रोटरी क्लब मनाली द्वारा एकदिवसीय पौधरोपण अभियान चलाया गया। इसकी अगुवाई रोटरी क्लब मनाली की नई अध्यक्ष अमिता ठाकुर ने की। उन्होंने बताया कि हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमारे रोटेरियन, परिवार के सदस्य और रोटरैक्टर्स ने आज एक साथ मिलकर 100 से ज्यादा पौधे लगाने में कामयाब रहे, जिससे एक हरित भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान मिला। इस कार्यक्रम में भाग लेने, स्वेच्छा से काम करने और इसे सफल बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया। हम सब मिलकर अपने पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। अमिता ने कहा आइए एक स्थायी कल के लिए काम करते हैं, ताकि पर्यावरण को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ वातावरण दिया जा सके।

### वन बिहार मनाली में लगाए 300 पौधे



**अनंत ज्ञान, मनाली।** नगर परिषद मनाली ने मंगलवार को मां के नाम पौधरोपण अभियान चलाया। उन्होंने अपने स्वच्छता प्रहरियों व मनाली के लोगों के साथ वन बिहार मनाली में 300 पौधे लगाए। उन्होंने पौधों की रखवाली का भी प्रण लिया। इस दौरान स्वच्छता प्रहरियों सहित पौधरोपण में भाग लेने वालों को खीर भी बांटी गई। नगर परिषद की उपाध्याय सुनीता शर्मा व पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि पौधरोपण का उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में योगदान करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि स्थानीय समुदाय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाता है। यह अभियान मनाली के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल शहर को सुंदर बनाता है, बल्कि पर्यावरण को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है। स्वच्छता प्रहरियों सहित पौधरोपण में भाग लेने वालों को खीर बांटी गई। नप के पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि वह सावन महीने के चलते फलाहार ही ग्रहण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज एक बूटा मां के नाम कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अन्न ग्रहण किया। इस अवसर पर स्वच्छता प्रहरियों सहित चाइल्ड वेलफेयर कुल्लू के चेयरमैन वेद राम ठाकुर, डोले राज, नंद लाल सहित स्थानीय महिलाओं व युवाओं ने भाग लिया।

## होटल के कमरे से 50 ग्राम चिट्टे सहित पंजाब का तस्कर काबू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक होटल के कमरे से चिट्टे की बड़ी खेप बरामद की है। इस मामले में पंजाब के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बंदरोल क्षेत्र में स्थित एक होटल में दबिश दी और कमरा नंबर–203 की नियमानुसार तलाशी ली। इस दौरान कमरे में एक व्यक्ति मौजूद पाया गया, जिसकी पहचान 38 वर्षीय प्रीतम सिंह पुत्र सेवा सिंह, निवासी मकान नंबर 1275, गली नंबर 5, चंद्रलोक कालोनी, राहों रोड, जोधेवाल बस्ती, डाकघर जोधेवाल, जिला लुधियाना (पंजाब) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान प्रीतम सिंह के कब्जे से लगभग 50 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया। बरामद नशे की मात्रा को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इसका उद्देश्य तस्करी और स्थानीय स्तर पर नशे की आपूर्ति हो सकती है। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा–21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि यह नशा कहां से लाया गया था और इसकी आगे आपूर्ति किसे की जानी थी। उधर, पुलिस अधीक्षक कुल्लू ने पुष्टि करते हुए बताया कि नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस मामले में आगे की जांच की जा रही है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इसके पीछे कोई बड़ा नैटवर्क तो नहीं है।

## 8 अगस्त को स्पीति प्रवास पर रहेंगे राजस्व मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास व जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 8 अगस्त को स्पीति प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राजस्व मंत्री 8 अगस्त को दोपहर एक बजे काजा पहुंचेंगे और उसके उपरांत 2 बजे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष काजा में परियोजना सलाहकार समिति व वन अधिकार अधिनियम–2006 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक के उपरांत राजस्व मंत्री रंगरिक, खुरिक और कौमिक गांवों का निरीक्षण करेंगे तथा जन समस्याएं सुनेंगे।



## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम केवल नगर निगमों तक सीमित नहीं : अश्वनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रावधानों को लागू करने को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम केवल नगर निगमों तक सीमित नहीं है। उनका विस्तार शहरी समूहों, जनगणना कस्बों, अधिसूचित औद्योगिक टाउनशिप और धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व के तीर्थ स्थानों सहित सभी शहरी और गैर–शहरी क्षेत्रों पर होता है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह अपशिष्ट प्रबंधन को एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है, जो केवल शहरों तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि निर्माण तथा खुदाई के कार्य से निकलने वाले मलबे की उचित डंपिंग आवश्यक है तथा इसके लिए निश्चित व उचित स्थानों का चयन किया जाना चाहिए, ताकि मलबे को कहीं भी न फेंका जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से भी इस प्रकार की डंपिंग साइट चिन्हित करने को कहा साथ ही उन्होंने उन क्षेत्रों, सड़कों तथा स्थानों में जहां अधिक भूस्खलन होते रहते हैं, यहां पर उचित दूरी पर डंपिंग साइट चिन्हित करने के निर्देश दिए।



बैठक के दौरान एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

उन्होंने भवन निर्माण से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट के उचित निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारियों को इस उद्देश्य के लिए भी एक निश्चित डंपिंग साइट बनाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया अमल मे लाने के निर्देश दिए। वैज्ञानिक रूप से डिजाइन किए गए लैंडफिल का निर्माण और उनका प्रबंधन करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इन नियमों का पालन सुनिश्चित करने से पर्यावरण संरक्षण, नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन से वायु, जल और मिट्टी प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी।

## आपदाओं से संबंधित नुकसान व क्षति अब एचपीडीएमआईसी पोर्टल पर की जाएगी दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू में आपदाओं के दौरान होने वाले नुकसान और क्षति के आंकड़ों को अब प्रदेश डिजास्टर मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम (एचपीडीएमआईसी) पोर्टल के माध्यम से दर्ज किया जाएगा।

यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त–सह–मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू अश्वनी कुमार द्वारा दी गई। एडीएम ने बताया कि एचपीडीएमआईसी राज्य सरकार द्वारा विकसित एक एकीकृत पोर्टल है। इसमें नुकसान का विवरण जमीनी स्तर से दर्ज किया जा सकता है और विभागीय स्तर पर इसकी स्वीकृति भी की जा सकती है। इस पोर्टल के माध्यम से वास्तविक समय में नुकसान का विश्लेषण और त्वरित फंड आवंटन संभव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि



इस संबंध में मंगलवार दोपहर 2:30 बजे जिला कुल्लू के बहुउद्देश्यीय भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों को इस पोर्टल के संचालन के लिए प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षित अधिकारी अब मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे और अपने विभाग के फील्ड कर्मचारियों को आगे प्रशिक्षण देंगे। एडीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे एचपीडीएमआईसी पोर्टल पर अपने नुकसान व क्षति की प्रविष्टियां तत्काल करें, ताकि आपदा से जुड़ी राहत व पुनर्वास की प्रक्रिया को तेजी से क्रियान्वित किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने आग्रह किया कि सभी अधिकारी/कर्मचारी इस प्रणाली को गंभीरता से अपनाएं और विभागीय स्तर पर इसकी सतत निगरानी करें।

## वीनस पब्लिक स्कूल नीथर के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

अनंत ज्ञान, आनी

वीनस पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नीथर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर नीट परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर विद्यालय, अभिभावकों और समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

नीट परीक्षा में विद्यालय के 6 विद्यार्थियों का चयन देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में हुआ है। इन विद्यार्थियों ने अपनी कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह मुकाम हासिल किया। चयनित छात्रों में आर्यन ठाकुर को डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज, नाहन, विक्रांत ठाकुर को डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर, सक्षम ठाकुर को डॉ. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, चंबा, महिका ठाकुर को डॉ. श्रीलाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, नेरचौक, मंडी, स्वस्तिका को डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर और गौरव कश्यप इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला में दाखिला मिला है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुरेश और प्रधानाचार्य बबलेश ने इस उत्कृष्ट सफलता पर सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का समुचित परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में भी यह परंपरा निरंतर जारी रहेगी।

## आनी से अमर ठाकुर बने जिला भाजपा महामंत्री

**अनंत ज्ञान, आनी।** भाजपा जिला कुल्लू की कार्यकारिणी में आनी क्षेत्र को बड़ी जिम्मेदारियां मिली हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद ने पार्टी संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए आनी के तीन प्रमुख नेताओं को अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। आनी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अमर ठाकुर को जिला महामंत्री बनाया गया है। वहीं, पूर्व मंडल महामंत्री योगेश वर्मा को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही महिला मोर्चा की पूर्व मंडल अध्यक्ष चमेलू देवी को जिला सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा आनी विधानसभा क्षेत्र से नौ कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारिणी में बतौर सदस्य शामिल किया गया है। इन कार्यकर्ताओं में बुद्धि सिंह राणा, बालक राम कौशल, कमलेश नेगी, रामकृष्ण ठाकुर, जमुना ठाकुर, देस राज चौहान सहित कुल नौ कार्यकर्ता शामिल हैं, जिन्हें संगठन की ओर से नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा के इस फैसले से आनी क्षेत्र में संगठन को नया बल मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यकारिणी विस्तार के बाद भाजपा मंडल आनी के अध्यक्ष वेद ठाकुर दलाश मंडल अध्यक्ष विक्की वर्मा, निरमंड मंडल अध्यक्ष नरोतम ठाकुर, आईटी संयोजक आशीष शर्मा, दूनी चंद ठाकुर और शशि मल्होत्रा सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

## गीले कूड़े की बनाई जाएगी बायो गैस : गोपाल कृष्ण



बैठक के दौरान नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत व अन्य ।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने कहा कि गीले कूड़े से अब नप कुल्लू द्वारा जल्द ही बायोगैस तैयार की जाएगी। यह बात उन्होंने मंगलवार को नप की बैठक के दौरान कही। उन्होंने बताया कि इसको लेकर कार्य जारी है, जबकि सूखे कूड़े को बिलासपुर सीमेंट कंपनियों में भेजा जाएगा।

उन्होंने बताया कि सूखे कूड़े को अब मशीन के माध्यम से छांटा जा रहा है और उसे पैक करके निजी कंपनियों को भेजा जा रहा है। नगर परिषद कुल्लू शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर वचनबद्ध है और सरवरी में जो कूड़े का ढेर है उसे भी अब जल्द हटा दिया जाएगा। वहीं, उन्होंने कहा कि कुल्लू में बारिश के चलते भारी नुकसान हुआ है। वहीं, नगर परिषद कुल्लू के विभिन्न वार्डों में भी लोग इससे प्रभावित हुए हैं। ऐसे में जिन–जिन लोगों को बरसात से नुकसान हुआ है। उन्हें भी नगर परिषद कुल्लू द्वारा फौरी राहत दी जाएगी। गोपाल कृष्ण महंत ने बताया कि भारी बारिश के चलते यहां कुछ वार्डों में लोगों के घरों में पानी घुसा और दीवारों को भी नुकसान हुआ है। ऐसे में इसके लिए बजट का प्रावधान किया गया है और उन सभी परिवारों को फौरी राहत भी प्रदान की जाएगी।

**पुरस्कृत** अनुसूचित जनजाति महोत्सव की पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत बुनाई प्रतियोगिता आयोजित

## महिलाओं के हुनर, उत्साह और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

अनुसूचित जनजाति महोत्सव की पूर्व गतिविधियों की शृंखला में मंगलवार को एक भव्य बुनाई प्रतियोगिता का आयोजन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) केलांग विवेक गुलेरिया और जीएम इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस प्रतियोगिता में कुल 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो 10 स्वयं सहायता समूहों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। प्रतियोगिता की थीम आर्ट ऑफ निटिंग–महिलाओं का उत्साह और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान प्रतियोगिता के मूल्यांकन के प्रमुख बिंदु थे समय प्रबंधन, डिजाइन की जटिलता और बुनाई का कौशल। महिलाओं ने अपनी कला के माध्यम से न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि पारंपरिक शिल्प को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डीसी किरण भडाना ने प्रतिभागियों से संवाद किया और उनके प्रयासों, डिजाइनों और



भव्य बुनाई प्रतियोगिता के आयोजन पर कार्यक्रम के दौरान डीसी के साथ अन्य अधिकारी व स्थानीय महिलाएं।

कलात्मकता की सराहना की। उन्होंने महिलाओं को पारंपरिक बुनाई कला को संरक्षित रखने व उसे आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा, सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाना सीडीपीओ खुशविंदर सिंह उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में मीनाक्षी शर्मा, उपनिदेशक, वर्षा गुप्ता, उपपरियोजना निदेशक (आत्मा), अनु देवी सहायक अभियंता निर्णायकों ने प्रतिभागियों के कार्यों का सूक्ष्मता से मूल्यांकन कर निष्पक्ष निर्णय दिया। कुशलता प्रतियोगिता के विजेताओं में संतोष और सुमला स्वयं सहायता समूह, यांगकीर्तिंग, शांति देवी स्वयं सहायता समूह, उदयपुर,रिगजीन आंग्मो और कुंजिंग आंग्मो–थोरंग स्वयं सहायता समूह रहे। सांत्वना पुरस्कार सुदर्शनी गोशाल और प्रिया, यंगकीर्तिंग को घोषित किया गया तथा सभी विजताओं को स्वतंत्रता दिवस समारोह समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

## वोल्वो में हो रही सेब ढुलाई ट्रक यूनियन ने जताई आपत्ति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश में सेब सीजन ने दस्तक दे दी है और इसी के साथ प्रदेश के प्रमुख सेब उत्पादक जिलों में हलचल भी शुरू हो गई है।

जिला कुल्लू के बागवान जहां अपने बगीचों से ताजा सेब देश की विभिन्न मंडियों की ओर रवाना कर रहे हैं, वहीं कुछ व्यापारियों की चालाकी भरी तरकीब अब विवाद का कारण बन गई है। कुछ व्यापारियों द्वारा सेब और सब्जियों को वोल्वो बसों में भरकर बाहरी राज्यों खासकर दिल्ली और चंडीगढ़ की मंडियों तक पहुंचाने का मामला सामने आया है। ये बसें यात्रियों के साथ–साथ अपने नीचे बने बॉक्स में फल और सब्जियां भर कर ले जा रही हैं। इससे न केवल सुरक्षा और कानूनी नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि स्थानीय जीप और ट्रक यूनियन को भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। व्यापारियों की इस गतिविधि की सूचना मिलने पर ट्रक यूनियन कुल्लू ने कड़ा ऐतराज जताया और पुलिस से हस्तक्षेप की मांग की और चंडीगढ़–मनाली हाईवे पर तलोगी के पास नाका लगाया गया, जहां जांच के दौरान पुलिस ने कई वोल्वो बसों में सेब और सब्जियों की अवैध ढुलाई पकड़ी। बस चालकों का चालान किया गया और उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी गतिविधि पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। ट्रक यूनियन कुल्लू के उपाध्यक्ष विशाल सूद ने बताया कि ऐसा मामला पहली बार नहीं हुआ है। पिछले वर्ष भी वोल्वो बसों द्वारा फल और सब्जियों की ढुलाई की शिकायतें आई थीं। बबेली में हमने जांच की तो कुछ बसों से सेब के क्रेट मिले थे। उन्होंने कहा कि ऐसी ओवरलोडिंग केवल ट्रांसपोर्ट यूनियन को आर्थिक नुकसान ही नहीं पहुंचा रही, बल्कि इससे बस में सफर कर रहे यात्रियों की जान को भी खतरा है। वोल्वो बसों में जब उसमें क्षमता से अधिक भार (भारी फल और सब्जियों के क्रेट) रखा जाता है। इससे किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। वहीं, वोल्वो बसों के जरिए फल ढुलाई करने पर इसका सीधा असर स्थानीय ट्रक और जीप चालकों की रोजी–रोटी पर पड़ रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से ट्रक यूनियन को उम्मीद है कि अब व्यापारियों को कानून का पालन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बद्दी पुलिस ने 8.20 ग्राम चिट्टे के साथ व्यक्ति किया काबू

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** नालागढ़ पुलिस ने नशे के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 8.20 ग्राम हेरोइन (चिट्टे) के साथ एक युवक नंदलाल उर्फ नंदू, पुत्र मान सिंह, निवासी गांव सेरी, डाकघर व तहसील नालागढ़, जिला सोलन को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। इसमें नंदलाल के कब्जे से छिपाकर रखी गई हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत थाना नालागढ़ में मामला दर्ज किया और आरोपी को हिरासत में ले लिया। आगामी कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी नालागढ़ भीष्म ठाकुर ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नंदलाल को पकड़ा और उसके पास से 8.20 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। उन्होंने कहा, आरोपी को नालागढ़ कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां से उसे रिमांड पर लिया जाएगा।

### दाड़लाघाट के आसपास आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली अनुभाग दाड़लाघाट के आसपास के कई गांवों में 6 अगस्त को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता दाड़लाघाट ई. विमल अत्रि ने बताया कि बिजली अनुभाग दाड़लाघाट के तहत आने वाले गांव दाती, खांगर, फांजी, धार व बागा व इसके आस-पास के क्षेत्र में बिजली सप्लाई प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि 11 केवी एचटी फीडर में लाइन के आवश्यक रखरखाव का कार्य किया जाना है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि खराब मौसम या अन्य किसी परिस्थिति के कारण समय व तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

### प्रतिनिधियों को दिया डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विकास खंड सोलन की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए 'पंचायत विकास सूचकांक (पीएआई 2.0) पोर्टल' के विषय में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी सोलन रमेश कुमार शर्मा ने की। प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्राम पंचायत प्रधानों, सचिवों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों को 'पंचायत विकास सूचकांक (पीएआई 2.0) पोर्टल' के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। रमेश ने इस अवसर पर कहा कि पीएआई 2.0 का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना है और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल ग्राम पंचायतों को उनकी प्रगति मापने, चुनौतियों की पहचान करने और प्रभावी योजना बनाने में सहायता करता है। यह पोर्टल डाटा-संचालित है। डाटा-संचालित होने का अर्थ है कि पोर्टल ग्राम पंचायतों को वास्तविक समय के आंकड़ों के आधार पर निर्णय लेने में सहायता प्रदान करता है। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि पीएआई 2.0 सतत विकास लक्ष्यों के साथ जुड़ा हुआ है और इस जुड़ाव के कारण यह वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने में ग्राम पंचायतों की सहायता कर अपने आप को एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में स्थापित करता है। यह पोर्टल ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा देकर ग्राम विकास के विभिन्न मानकों में सुधार लाता है। इस सुधार के दृष्टिगत विकास के लक्ष्य सही समय पर प्राप्त किए जा सकते हैं। इस पोर्टल को आसानी से उपयोग किया जा सकता है। रमेश कुमार ने कहा कि यह पोर्टल भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शुरू किया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। पोर्टल ग्राम पंचायतों को डाटा-संचालित निर्णय लेने और कार्यों की प्रगति को ट्रैक करने में सहायता करेगा। उन्होंने इस अवसर पर पोर्टल के उद्देश्य, उपयोगिता व लक्षित समूहों के संबंध में जानकारी प्रदान की।

### मशरूम की पहचान के बारे में दी जानकारी

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** इको विज्ञान फाउंडेशन ने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्होग में मार्गदर्शित मशरूम वॉक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्कूल इको क्लब प्रभारी हितेशी शर्मा के नेतृत्व में 20 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को आसपास के जंगलों का भ्रमण करवाया गया और जंगली मशरूम की अद्भुत व विविध दुनिया से परिचित करवाया। विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार मशरूम की पहचान की जाती है। उनका पारिस्थितिक महत्व क्या है, कैसे जियो-टैगिंग के माध्यम से उनके अवलोकनों को जैव विविधता मानचित्र में दर्ज किया जा सकता है। बच्चों ने यह भी सीखा कि मशरूम प्रकृति में पोषक चक्र बनाए रखने, मृत जैविक पदार्थों के अपघटन और पर्यावरणीय संतुलन में कितनी अहम भूमिका निभाते हैं। यह पहल इको विज्ञान फाउंडेशन के जिला सोलन में मशरूम विविधता मानचित्रण परियोजना का हिस्सा है, जिसे द हैबिटैट ट्रस्ट के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत अब तक शिमला, सोलन और बिलासपुर जिलों के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर हिमाचल प्रदेश में 2500 से अधिक जंगली मशरूम का सफलतापूर्वक मानचित्रण किया है।

## अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट ने आपदा प्रभावितों की मदद को भेजा चेक

**अनंत ज्ञान, सोलन**



अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट हाउसिंग कॉलोनी सोलन के प्रधान डॉ. केडी रैयोत ने जिला मंडी में आई आपदा के प्रभावितों की मदद को डीसी सोलन मनमोहन शर्मा के माध्यम से 11 हजार का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष को भेजा।

डॉ. रैयोत ने कहा ट्रस्ट आपदा की इस घड़ी में अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट भी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने आपदा में जान गवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बता दें कि ट्रस्ट गरीब व जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करता है।

## जिला सोलन भाजपा की घोषित कार्यकारिणी में पुराने और नए चेहरों का तालमेल

# भरत व बलबीर को महासचिव की कमान

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



सोलन जिला भाजपा कार्यकारिणी के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य।

**सोलन।** भाजपा जिला सोलन अध्यक्ष रतनपाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश सचिव और चुनाव प्रवेशक सुमित शर्मा ने कहा कि कार्यकारिणी के पर्व को प्रारूप देते समय सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व को सम्मान दिया गया है और महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण को भी पूरा सम्मान दिया गया है। वह चाहे प्रदेश के पदाधिकारी हो या प्रदेश कार्यकारिणी में महिलाओं की भागीदारी। कुल 66 सदस्यों की कार्यकारिणी में 22 महिलाओं में 6 पदाधिकारी और 16 कार्यकारिणी सदस्य हैं।

जिला अध्यक्ष रतन पाल ने घोषणा करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी हैं। आगामी 15 अगस्त से संबंधित कार्यक्रमों की भी विस्तृत जानकारी बैठक में रखी गई। इसमें रक्षाबंधन विभाजन विभीषिका दिवस और हर घर तिरंगा के कार्यक्रम के प्रारूप पर पूर्ण चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष और नवनियुक्त कार्यकर्ताओं ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठन मंत्री सिद्धार्थन और शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रस्तुत किया और आश्वासन दिया कि वह इस दायित्व का निर्वाह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सहजल, रश्मि धर सूद, प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा, वीरेंद्र कश्यप, केएल ठाकुर, परमजीत पम्मी, डॉ. राजेश कश्यप, गोविंद शर्मा, मीरा आनंद, कुमारी शीला, तरसेम भारती सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता और सभी मंडलों के अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला सोलन की भाजपा कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा, गुरमेल सिंह, सावित्री कश्यप, नरेंद्र ठाकुर, धर्म सिंह, धनी राम (काला), महामंत्री बलवीर ठाकुर, भरत साहनी, कोषाध्यक्ष, लक्ष्मी ठाकुर, सचिव सुनील कश्यप, नेहा ठाकुर, बीएस ठाकुर, कमला देवी, किरण चौहान, रक्षा देवी, कार्यालय सचिव, संजीव सूद, मीडिया प्रभारी संजीव मोहन, मीडिया सह प्रभारी सोनू सोनी, प्रवक्ता श्रवण चंदेल, अभिषेक ठाकुर, आईटी संयोजक चरण यादव, आईटी सह संयोजक रोहिणी सूद, सोशल मीडिया संयोजक वीरेंद्र चौधरी, सोशल मीडिया सह संयोजक जोगेंद्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य यशवंत ठाकुर, अनिल गर्ग, कांता भारद्वाज, विनती मुकुल, करतार ठाकुर, विनोद कुमार सोनी, राज कुमार रसिक, पूनम ठाकुर, सुमन लता, नागेंद्र बंसल, हेतराम शर्मा, उर्मिला चौहान आशा शर्मा, सोमा ठाकुर, मनीष सूद, चंचला देवी, कृष्ण वर्मा, नरेंद्र मेहता, जितेंद्र राणा, उषा देवी, कविता, राजेंद्र कौर बसंल, सुंदर सिंह, संजय शर्मा, मीना कुमारी, बंसल कुमार शर्मा, केवल सिंह, दुरेश ठाकुर, विकम ठाकुर, रूबीन कुमार, कमलेश ठाकुर, सुरजीत सिंह, लांबा, सुमन लता, अरिता शर्मा, विजय भाटिया, राजेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार कसाना, कृष्ण कौशल, नारायण दास, रमेश कुमार, हेमलता शामिल हैं।

## कोली समाज का सदस्यता अभियान सारे देशभर में आरंभ : वीरेंद्र कश्यप



अखिल भारतीय कोली समाज के सदस्यता अभियान के दौरान प्रो. वीरेंद्र कश्यप।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अखिल भारतीय कोली समाज (रजि) नई दिल्ली की सदस्यता अभियान को सदस्यता पर्व के रूप में सारे देशभर में 1 से 31 अगस्त तक लगातार चलाया जाएगा।

यह बात संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप, पूर्व सांसद ने चंडीगढ़- पंचकूला-पंजाब के कार्यकर्ताओं के एक समारोह में हरियाणा के टिपरा में आयोजित कार्यक्रम में कही। कश्यप यहां सदस्या अभियान को शुरू करने आए थे। उन्होंने कहा कि कोली समाज देश के अधिकांश राज्यों में काफी संख्या में मौजूद हैं और अखिल भारतीय कोली समाज की ईकाईयां इन सभी राज्यों में गठित हैं और सक्रियता से गत 57 वर्षों से इस समाज के हितों के लिए कार्यरत है।

उन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ का जिक्र करते हुए कहा कि वह भी इस संस्था के कई बार अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके हैं। उन्होंने कोली समाज के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि इस वर्ग के सभी लोगों को राष्ट्र निर्माण तथा विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

## चिन्मया विद्यालय नौणी में लड़कियों की सीबीएसई बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

# 26 टीमों की भागीदारी, तीन आयुवर्गों में दिखेगा दमखम



चिन्मया विद्यालय नौणी में लड़कियों की सीबीएसई बास्केटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ी मुख्यातिथि के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

चिन्मया विद्यालय नौणी जिला सोलन में मंगलवार को सीबीएसई बास्केटबॉल क्लस्टर-16 लड़कियों की बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई।

इसका शुभारंभ राज्य स्तरीय परशुराम खेल पुरस्कार प्राप्त डॉ. संजय कुमार यादव ने किया। इस मौके पर उनका स्कूल प्रबंधन ने स्वागत किया। यादव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत कर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। यादव ने कहा कि जीतने वाली टीम को अभिमान छोड़ कर आगे बढ़ते रहने की जरुरत है, जबकि हारने वाली टीम को कभी भी हौसला नहीं छोड़ना चाहिए।

माता-पिता के बाद शिक्षक ही माता-पिता की भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनका सम्मान पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। स्कूल के प्रशासनिक निर्देशक ईशान शर्मा ने बताया कि सीबीएसई बास्केटबॉल क्लस्टर-16 लड़कियों की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कुल 26 टीमें हिस्सा ले रही है। इसमें अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-19 आयुवर्ग की खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगी। इससे पहले प्रिंसिपल बिंदु सूद और वाइस प्रिंसिपल सचिन ने अतिथियों को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## तस्वीरों में सजाएंगे पांवटा साहिब के इतिहास की कहानी

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पांवटा साहिब।** शहर की संस्कृति, परंपरा और इतिहास को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए एसडीएम पांवटा साहिब गुंजित चीमा ने एक अनूठी पहल की शुरुआत की है।

इस अभियान के अंतर्गत नगर वासियों से अपील की गई कि वे अपने संग्रह में रखे पुराने फोटोग्राफ, दस्तावेज, चिट्ठियां या अन्य स्मृतियां साझा करें, जो पांवटा साहिब के इतिहास, पर्व, बाजार, मेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों या पारिवारिक पलों से जुड़ी हों। इन सभी यादों को संकलित कर एक कॉफी टेबल बुक और डिजिटल आर्काइव तैयार किया जाएगा, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर साबित होगी।

**हर नागरिक की याद, शहर के इतिहास में एक अध्याय**



अपने पुराने फोटोज को स्कैन करें या साफ तस्वीर लेकर भेजें। तस्वीर से संबंधित वर्ष (अनुमानित) और एक छोटी सी कहानी या संदर्भ भी शामिल करें। एसडीएम का मानना है कि हर नागरिक की एक तस्वीर, शहर के इतिहास में एक अध्याय जोड़ सकती है। यह पहल न सिर्फ बीते समय को सहेजने का प्रयास है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को शहर की पहचान से जोड़ने का सेतु भी है। पांवटा वासियों से अनुरोध है कि इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी यादें साझा कर, शहर की विरासत को अमर बनाएं।

## कामगारों के स्वास्थ्य की जांच की गई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सिरमौर की ग्राम पंचायत कटाह शीतला में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड सिरमौर द्वारा बोर्ड में पंजीकृत कामगारों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। श्रम कल्याण अधिकारी परितोष तोमर ने बताया कि इस शिविर में कामगारों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। इसमें डॉ. रजत गर्ग, डॉ. कामया गुप्ता, डॉ. सुनील, स्वास्थ्य शिक्षक कृष्ण राठौर, आशा वर्कर, एनजीओ के सदस्यों ने भाग लिया। परितोष तोमर ने इस शिविर के आयोजन में सहयोग देने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिरमौर डॉ. अमिताभ जैन, खंड चिकित्सा अधिकारी, धगेड़ा, डॉ. मोनिशा अग्रवाल तथा प्रधान ग्राम पंचायत कटाह शीतला, लक्ष्मी देवी का आभार व्यक्त किया।

## मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था ने महिलाओं को वितरित किए फलदार पौधे



पांवटा साहिब उपमंडल के फतेहपुर गांव में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था द्वारा पांवटा साहिब उपमंडल के फतेहपुर गांव में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से फलदार पौधे वितरित किए गए। संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा वालंटियर संजीव कुमार ने महिलाओं को आम, अमरूद, नींबू, आंवला, जामुन, ईमली आदि के पौधे भेंट किए और साथ ही उन्हें इन पौधों की देखरेख व नियमित सिंचाई के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाना था, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके आंगन व खेतों को फलों से भरपूर करना भी रहा। इस अवसर पर संस्था से निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता, अध्यक्षा पुष्पा खंडूजा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा वॉलिंटियर संजीव कुमार व अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला।

## नाबालिग बेटी की हत्या करने वाली मां को उम्रकैद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गौरव महाजन की अदालत ने आरोपी अरुणा चौहान को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई। फैसला भारतीय दंड संहिता की धारा-302 और 182 के तहत सुनाया गया। लोक अभियोजक रश्मि शर्मा के अनुसार, 2 नवंबर 2020 की रात आरोपी ने पांवटा साहिब स्थित अपने घर के बाथरूम में लोहे की रॉड से अपनी बेटी को बेरहमी से पीटा था, जिससे बच्ची को गंभीर चोटें आईं। इसके बाद उसे बाथरूम में बंद कर दिया गया। अगले दिन 3 नवंबर को आरोपी बच्ची को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुरुवाला पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ और जांच इंस्पेक्टर विजय कुमार ने की। अभियोजन पक्ष ने 26 गवाहों और सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी सिद्ध किया। अदालत के फैसले के बाद आरोपी अरुणा चौहान को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

## रोहतक के सोमवीर ने बड़ी और नोनू पहलवान ने जीती छोटी माली

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**



कूफर जोहड़ थनोगा में पारंपरिक स्त्रोन देवता शनोल मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया।

**राजगढ़।** राजगढ़ के समीप कूफर जोहड़ थनोगा में पारंपरिक स्त्रोन देवता शनोल मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेला समिति के प्रधान शेखर शर्मा ने बताया कि मेले का शुभारंभ देवता स्त्रोन की पारंपरिक पूजा से आरंभ हुआ। इसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने हाजिरी भरी।

तदोपरांत देवता की पवित्र छड़ी को वाद्ययंत्रों के साथ मेला स्थल पर लाया गया। उन्होंने बताया कि कुश्ती और सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले के मुख्य आकर्षण रहे। कुश्ती में 51 हजार की बड़ी माली रोहतक के सोमवीर ने चंडीगढ़ के आशीष को हरा कर जीती, जबकि 31 हजार की छोटी माली नोनू पहलवान ने अजयदीप को पराजित कर जीती। इसी प्रकार हिमाचल के पहलावानों के लिए रखी गई 11 हजार की माली बिलासपुर के चेतन ने राजगढ़ के रजनीश को हरा कर जीती। इस मौके पर प्रसिद्ध लोक गायक परसराम गालिब और सुशील भृगु सहित अन्य कलाकारों ने मेले में आए लोगों का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके भरपूर मनोरंजन करवाया। जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक व पूर्व उपाध्यक्ष जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सोलन यशपाल सिंह ठाकुर ने मेले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और उन्होंने मेला समिति को 51 हजार देने की घोषणा की, जबकि विशिष्टातिथि प्रवेश चौहान दिल्ली गाजीपुर के आढ़ती ने मेला समिति को 31 हजार रुपए प्रदान किए। मेला समिति के सचिव वेद प्रकाश शर्मा ने मेले में आए सभी लोगों का स्वागत किया और मेले के प्राचीन महत्व बारे जानकारी दी। इस अवसर पर मेला समिति महासचिव प्रमोद पुंडीर, प्रवीण शर्मा, रणजोत ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**आयोजन** चूड़ेश्वर सांस्कृतिक दल जालग के कलाकारों ने पेश किया सिंहटू और दीपक नृत्य

# इंजीनियर जोगेंद्र को डॉ. परमार, कृतिका को मिला सिरमौर सम्मान

**अनंत ज्ञान, सोलन**









हिमाचल निर्माता व प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की 119वीं जयंती धूमधाम से मनाई (दाएं) मुख्यातिथि सम्मानित करते हुए।

हिमाचल प्रदेश के निर्माता व प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की 119वीं जयंती सोलन में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि डॉ. वाईएस परमार के पौत्र आनंद परमार और पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की।

सिरमौर कल्याण मंच के प्रधान प्रदीप मंमगाई ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर सिरमौर जल शक्ति विभाग से हाल ही में इंजीनियर-इन-चीफ के पद से सेवानिवृत्त हुए इंजीनियर जोगेंद्र चौहान को डॉ. परमार और विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे युवा हिमाचली कृतिका शर्मा को सिरमौर सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डीसी सोलन मनमोहन शर्मा के हाथों यह सम्मान प्रदान किए गए। इंजी. जोगिंदर सिंह चौहान अपनी सेवा के दौरान समर्पित सेवाभाव, तकनीकी दक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की जल, सिंचाई व स्वच्छता व्यवस्थाओं में अभूतपूर्व योगदान दिया है। जिला सिरमौर के ग्राम लाना चेता में जन्मे जोगिंदर सिंह चौहान, स्वभाव से मृदुभाषीव सरल व्यक्तित्व के धनी हैं। 38 वर्षों तक जलशक्ति विभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कुशल नेतृत्व व प्रशासनिक क्षमता का परिचय देते हुए इंजीनियर इन चीफ के पद से सेवानिवृत्त हुए। चौहान ने अपनी सेवा के दौरान सौर ऊर्जा आधारित वितरण प्रणाली, बाऊड़ी जल गुणवत्ता मॉडल, ऊर्जा-कुशल पंपिंग सिस्टम तथा कम लागत वाले जल भंडारण टैंकों जैसे कई नवाचारों का सृजन किया। इससे पर्वतीय क्षेत्रों में जल प्रबंधन व ऊर्जा संरक्षण में नई दिशा मिली। सिरमौर सम्मान प्राप्त करने वाली कृतिका शर्मा ने 18 वर्ष की आयु में ही विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह कर ली। ऐसा करने वाली वह हिमाचल की सबसे कम उम्र की युवती बनी। ये पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। कृतिका शर्मा का जन्म सिरमौर के संगड़ाह तहसील के गत्ताधार गांव में भरत शर्मा व विद्या देवी के घर 27 फरवरी 2007 को हुआ। कृतिका शर्मा ने खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर एक नया दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया।

इसके साथ ही राष्ट्र प्रेम के भाव को विस्तार देने के लिय राजकीय महाविद्यालय, पांवटा साहब की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कबड्डी में खेलो इंडिया कांस्य पदक विजेता राज्य व राष्ट्र का गौरव बढ़ाने वाली उत्कृष्ट खिलाड़ी रह चुकी हैं। 18 मई, 2025 को विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट (8,848मीटर) फतह कर सबसे युवा हिमाचली बनी। इस मौके पर चूड़ेश्वर सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने डॉ. जोगेंद्र हाब्बी के नेतृत्व में सिरमौर के विलुप्त हो रहे सिंहटू नृत्य और माला व दीपक नृत्य की शारदार प्रस्तुतियों से समा बांधा। पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने कहा कि सिरमौरी लोकगीत की संस्कृति समृद्ध है। उन्होंने कहा कि डॉ. परमार हमेशा ही लोकगीत, लोक संस्कृति और लोक कला पर बल देते थे। हिमाचल के लोकगीत, उन्हें बेहद प्रिय थे। हिमाचल निर्माता डॉ. वाईएस परमार के पौत्र आनंद परमार ने कहा कि डॉ. परमार के दिखाए रास्ते पर चलकर आज हिमाचल हिमालयी राज्यों के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा है।

## हिमाचल निर्माता के गृह क्षेत्र की हो रही अनदेखी : नाथूराम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सामाजिक कार्यकर्ता नाथूराम चौहान ने आरोप लगाया कि हिमाचल निर्माता डॉ. वाईएस परमार का गृह क्षेत्र आज भी कई समस्याओं से जूझ रहा है। इसे लेकर न तो मौजूदा सरकार गंभीर है और न ही पूर्व की सरकारों ने कोई ध्यान इस और दिया है। नाथूराम चौहान नाहन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। नाथूराम चौहान ने कहा कि हिमाचल निर्माता के गृह क्षेत्र बागथन की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति से गुजर रही हैं। इसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना न पड़ रहा है, वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षण संस्थानों सहित अन्य संस्थान कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं, मगर इस और लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा क्षेत्र में एक पशु प्रजनन केंद्र भी खोला गया था, मगर आज वह पशु प्रजनन केंद्र बदहाल स्थिति में है। वहीं, बागवानी विभाग द्वारा यहां बागवानों की सुविधा के लिए जो केंद्र खोला गया था, वह भी मौजूदा समय में बंद पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की हमेशा मांग रही है कि उनके जन्म स्थान चन्हालग में एक म्यूजियम खोला जाए, मगर यह मांग भी आज तक पूरी नहीं हो पाई है।

## श्रम कल्याण बोर्ड की लापरवाही के खिलाफ यूनियन ने उठाई आवाज

**अनंत ज्ञान, सोलन**



हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य निर्माण कामगार यूनियन जिला सोलन ने श्रम कल्याण अधिकारी, श्रम विभाग सोलन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री और भवन व अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के सचिव को 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि मजदूरों की जायज मांगों को जल्द नहीं माना, तो प्रदेशव्यापी संघर्ष व आंदोलन छेड़ा जाएगा।

ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन के जिलाध्यक्ष जोगिंदर धीमान और जिला सचिव राकेश कुमार ने कहा कि प्रदेश के निर्माण मजदूरों ने अपनी मेहनत और पसीने से हिमाचल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके कल्याण के लिए बने बोर्ड की लापरवाही और नीतिगत असफलता के कारण मजदूरों को अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यूनियन ने मांग की है कि श्रमिक कल्याण बोर्ड से मिलने वाली वित्तीय सहायता, जो पिछले 4 वर्षों (2022-2025) से लंबित है, उसे अविलंब जारी किया जाए। ई-केवाईसी की जटिलताओं के कारण मजदूरों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2020 से 2023 के लाभ बिना ई-केवाईसी बाध्यता के जारी किए जाएं।

इसके अलावा बोर्ड में रिक्त पड़े 53 पदों को जल्द भरे जाने, पंजीकरण-नवीनीकरण प्रक्रिया में सरलता, आउटसोर्स पर काम कर रहे मजदूरों/कर्मचारियों को नियमित करने और सेस वसूली की जिम्मेदारी श्रम कल्याण अधिकारियों को सौंपने जैसी मांग भी उठाई गईं। इस अवसर पर यूनियन के जिला अध्यक्ष जोगिंदर धीमान, जिला सचिव राकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह सहित अर्पित, रामकृष्ण, ललित, सतपाल, प्यारे लाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### कर्नाटक का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा नगर निगम चंडीगढ़

# कचरा प्रबंधन और जल आपूर्ति परियोजनाओं का होगा अध्ययन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चिक्कबल्लापुर जिले के गौरी बिदनूर शहर नगर पालिका परिषद से चुने गए 32 निर्वाचित सदस्यों और कार्यालय स्टाफ का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल आज अध्ययन दौरे के तहत चंडीगढ़ नगर निगम पहुंचा। इस दौरे का उद्देश्य शहर के ठोस कचरा प्रबंधन और जल आपूर्ति प्रबंधन प्रणालियों की तकनीकी जानकारी प्राप्त करना था।

दौरे की शुरुआत नगर निगम के संयुक्त आयुक्त हिमांशु गुप्ता द्वारा एक विस्तृत ओरिएंटेशन सत्र के साथ हुई, जिसमें उन्होंने नगर निगम चंडीगढ़ के कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

उन्होंने चल रही विभिन्न परियोजनाओं, नवाचार अभियानों और शहरी शासन में अपनाई गई योजनाबद्ध व्यवस्था को रेखांकित किया। उन्होंने स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन, जल आपूर्ति योजनाओं और नागरिक सहभागिता मॉडल की योजना और कार्यान्वयन की जानकारी साझा की, जिन्होंने चंडीगढ़ को स्वच्छता और रहने योग्य शहरों की श्रेणी में ऊंचा स्थान दिलाया है।



**चंडीगढ़ को स्वच्छता और रहने योग्य शहरों की श्रेणी में दिलाया है ऊंचा स्थान**

अध्ययन दौरे के हिस्से के रूप में प्रतिनिधिमंडल ने कई प्रमुख बुनियादी ढांचा स्थलों का दौरा किया, जिनमें मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) केंद्र, कम्पोस्टिंग प्लांट, बागवानी कचरा प्रसंस्करण संयंत्र, निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) कचरा संयंत्र, और नगर का डंपिंग ग्राउंड शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल को चंडीगढ़ की कचरा प्रबंधन प्रक्रिया और स्थायी उपायों का प्रत्यक्ष अनुभव मिला।

इस दौरे का उद्देश्य जीवंत परियोजनाओं की जानकारी लेना और उन सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाना था, जिन्हें वे अपने स्थानीय शासन प्रणाली में लागू कर सकें। अधिकारियों को स्मार्ट जल आपूर्ति निगरानी प्रणाली, कचरा पृथक्करण पहलों और स्वच्छता अभियानों में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के बारे में भी जानकारी दी गई।

# नशे की ओवरडोज से नौजवान की मौत, लोगों ने लगाया जाम

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** पठानकोट-जालंधर मार्ग पर हिमाचल में स्थित हवेली होटल में एक नौजवान की संदिग्ध हालत में मौत होने का मामला पेश आया है जिसके चलते मृतक के परिवारजनों ने तथा उसके रिश्तेदारों ने पठानकोट-जालंधर मार्ग करीब चार घंटे तक बंद रखा जिसके चलते लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा ।

बताते चलें के मृतक सचिन उर्फ शिवा के पिता सुदर्शन सिंह निवासी मानसर ने बताया के उसका बेटा दुबई में जॉब करता था तथा वह चंडीगढ़ से सीधा हवेली होटल मिलवा में आकर ठहर गया था सुबह मंगलवार सुबह उसके एक दोस्त द्वारा उसे सूचित किया गया कि शिवा की हालत काफी खराब है जिसके चलते वह वहां पर पहुंचे तथा मौके पर होटल के कमरे में वह बेसुध हालत में पड़ा हुआ था । वह अपनी कार में उसे मुकेरियां के अस्पताल में ले गए यहां डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया ।



## शव की तलाशी लेने पर सिरिंज बरामद

**मौके** पर तलाशी लेने के दौरान मृतक के पास से एक इंजेक्शन की सिरिंज बरामद हुई है। जिसके चलते शव को लेकर अपने रिश्तेदारों तथा परिवार जनों के साथ होटल में पहुंचे तथा तीन-चार घंटे वहां पर उसके रिश्तेदारों ने यह मांग की कि यह होटल का मालिक खुद नशे का तथा जिस्म फरोशी का कारोबार करता है जिसके चलते उसके बेटे की ओवरडोज के चलते मृत्यु हो गई है। ज्ञात रहे के मृतक सचिन कुमार उर्फ शिवा अपने पीछे दो साल की बेटी को छोड़ गया है । परिवार वालों का तथा उसकी पत्नी का बहुत बुरा हाल है ।

## चार घंटे तक लगा रहा जाम

**थाना** इंदौर के प्रभारी इंस्पेक्टर आशीष पठानिया तथा काफी देर बाद अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, करीब चार घंटे तक जाम लगने के बाद एसडीएम डॉक्टर सुरेंद्र ठाकुर वहां पर पहुंचे परंतु परिवारजनों के द्वारा आश्वासन मिलने पर यह जाम खोल दिया गया तथा पुलिस द्वारा विभिन्न विभिन्न धाराओं के तहत मृतक के दोस्तों नेक, ईश्वर तथा होटल के मालिक रवि कुमार पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नूरपुर से फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची तथा उन्होंने भी तथ्य जुटाए।

## आयुष्मान भारत के तहत बजट जारी पैनलबद्ध अस्पतालों को भुगतान शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) ने कहा है कि राज्य सरकार से 4 अगस्त 2025 को बजट प्राप्त हो गया है और तदनुसार, पैनलबद्ध अस्पतालों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 'आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत बकाया पैसे का भुगतान शुरू कर दिया गया है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) द्वारा 28 जुलाई, 2025 को एक पत्र जारी किया गया था जिसमें 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के बकाया भुगतानों का हवाला देते हुए 7 अगस्त, 2025 से इस योजना के तहत सेवाओं को रोकने की बात कही गई थी।

इस संदर्भ में, एसएचए ने कहा है कि राज्य सरकार की तरफ से कल 4 अगस्त को बजट प्राप्त हो गया है और उसी के अनुसार अब पैनलबद्ध अस्पतालों को 'पहले आओ, पहले पाओ' (एफआईएफओ) के आधार पर भुगतान करना शुरू कर दिया गया है।

## जस्टिस सूर्यकांत ने किया काउंसिल ऑफ लॉयर्स के ब्रोशर का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ जस्टिस सूर्यकांत और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की गरिमामयी उपस्थिति में काउंसिल ऑफ लॉयर्स के ब्रोशर का विधिवत उद्घाटन पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर जस्टिस सूर्यकांत ने काउंसिल की प्रमुख पहल 'भारतीय गांवों में 200 घंटे' की सराहना करते हुए इसे जमीनी स्तर पर कानूनी जागरूकता और नागरिक सहभागिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

काउंसिल ऑफ लॉयर्स के चेयरमैन एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य ने कहा कि यह काउंसिल पूरे भारतवर्ष में युद्धस्तर पर कार्य करते हुए, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों तक मुफ्त कानूनी सहायता पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। लोगों को अदालतों पर केसों के बढ़ते बोझ को कम करने का प्रयास करेंगे।

# सोनी ने 98 इंच का एलईडी टीवी 6 .49 लाख में किया लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




सोनी ने टेलीविजन सेगमेंट में विस्तार करते हुए 98 इंच का ब्राविया 5 टीवी लॉन्च किया है। चंडीगढ़ के सबसे पुराने और बड़े सोनी सेन्टर एक्स इंक में सोनी चंडीगढ़ के ब्रांच मैनेजर अश्वनी चौधरी और एक्स इंक के ओनर संजय जैन ने सोनी के ऑफिसियल और आम लोगों की मौजूदगी में लांच किया।

ब्रांच मैनेजर अश्विनी चौधरी ने बताया कि अपने ब्राविया टीवी सीरीज का अब तक का सबसे बड़ा और प्रीमियम मॉडल टीवी लॉन्च किया है, जो बड़े स्क्रीन और थिएटर जैसा होम एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस टीवी में का एडवांस्ड एआई प्रोसेसर लगा है, जो आर्टिफिशियल और कॉग्निटिव इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके कंटेंट और सिग्नल को इतने नेचुरल और इंसानी तरीके से प्रोसेस करता है कि देखने वाला हर फ्रेम को रियलिस्टिक अंदाज में पाता है। उन्होंने आगे बताया कि यह रिफ्रेश रेट, एसआर एआई प्रोसेसर और वाइड डायनेमिक रेंज के साथ पेश किया गया है। इसकी कीमत भारत में 6,00,000 रुपए रखी गई है।

# तिरंगा राखियों की हस्तनिर्मित पहल की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

परंपरा, सततता और राष्ट्रभक्ति का खूबसूरत संगम दर्शाते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ ने आज रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों , मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों और स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से एक प्रेरणादायक पहल 'एक उद्देश्य के साथ राखी राष्ट्र को जोड़ने वाली डोरी' की शुरुआत की।

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत यह अनोखी पहल शहर की महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित, पर्यावरण अनुकूल तिरंगा राखियों को बढ़ावा देती है। ये राखियाँ न केवल भाई-बहन के प्रेम के पवित्र बंधन का प्रतीक हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरणीय स्थिरता का संदेश भी देती हैं। इस पहल की औपचारिक शुरुआत सेक्टर 22-डी से की गई। इस अवसर पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त सुमीत सिहाग, क्षेत्रीय पार्षद दमनप्रीत सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर और किरण थिएटर ब्लॉक, सेक्टर 22-डी के मार्केट एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीन कुमार समेत अन्य गणमान्य अतिथि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने इस पहल के बारे में बात करते हुए कहा कि यह सिर्फ राखी की बात नहीं है, बल्कि यह दिलों को जोड़ने, महिलाओं को सशक्त करने और राष्ट्रीय पहचान का उत्सव मनाने की पहल है। इसका उद्देश्य एक देशभक्ति भावना के तहत एकजुट करना है।



## धर्मांतरण नियमों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी उपायुक्तों, पुलिस आयुक्तों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को हरियाणा विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन निवारण अधिनियम एवं नियम, 2022 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन निवारण अधिनियम एवं नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत धर्म परिवर्तन करने का इरादा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को धर्म परिवर्तन से पहले संबंधित उपायुक्त को प्रपत्र में एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिन मामलों में धर्मांतरण किया जाने वाला युवा नाबालिग है, वहां माता-पिता या जीवित माता-पिता दोनों को प्रपत्र में एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त, किसी भी धार्मिक पुजारी या धर्मांतरण समारोह का आयोजन करने वाले व्यक्ति को उस जिले के उपायुक्त को प्रपत्र में पूर्व सूचना देनी होगी जहाँ धर्मांतरण की योजना है। ऐसी घोषणाएँ या सूचनाएं प्राप्त होने पर, उपायुक्त एक रसीद जारी करके उनकी पावती देंगे, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

## देश-विदेश

# विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर: पीएम मोदी

### ऑपरेशन सिंदूर पर बहस की मांग करके गलती की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद भवन परिसर में मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें एनडीए सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता पर पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम को हार पहनाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम ने सांसदों को अपने संबोधन में कहा, 'संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करके विपक्ष ने गलती की। इसमें उनकी ही फजीहत हुई। विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर है। विपक्ष रोज ऐसी चर्चा कराए, हम इस फील्ड में माहिर हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'बिहार में वोटर्स लिस्ट रिविजन के मुद्दे पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। देश की जनता सब देख रही है।' उन्होंने अमित शाह की भी तारीफ की और कहा कि वे अब सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले केंद्रीय गृह मंत्री हैं। एनडीए सांसदों की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव भी पास किया गया। इसमें कहा गया कि सैन्य शक्ति और मजबूत नेतृत्व के जरिए इंसाफ हुआ। भारत आतंकवाद को न तो भूलता है और न ही कभी माफ करता है। (अनंत ज्ञान)

### फिलीपींस के राष्ट्रपति से की भेंट



**एजेंसी, नई दिल्ली।** फिलीपींस के राष्ट्रपति रोमुआल्डेज मार्कोस जूनियर भारत के 5 दिन के राजकीय दौरे पर हैं। उन्होंने मंगलवार को पीएम मोदी से हैदराबाद हाउस में मुलाकात की है। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पीएम मोदी ने पहलगाम हमले की निंदा और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े रहने के लिए फिलीपींस का धन्यवाद भी दिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापनों साइन हुए। दोनों नेताओं ने एक डाक टिकट भी जारी किया। (अनंत ज्ञान)

### नए सांसदों से भी मिले

**पीएम** नरेंद्र मोदी संसदीय दल की बैठक में नए सांसदों से भी मिले। बैठक में भाजपा और उसके सभी सहयोगी दलों के सभी सांसदों का शामिल होना अनिवार्य था। सांसदों को एनडीए सरकार के 11 साल के कार्यकाल पर, '11 साल,11 बड़े फैसले शीर्षक वाली किताब दी गई।

### छांगुर बाबा का सहयोगी नवीन रोहरा गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), लखनऊ जोनल कार्यालय ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत छांगुर बाबा और अन्य से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नवीन रोहरा को अगस्त को गिरफ्तार किया है। उन्हें विशेष न्यायालय (पीएमएलए), लखनऊ द्वारा 5 दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया है। उत्तर प्रदेश में नेटवर्क चलाने वाले छांगुर बाबा, उनके सहयोगी नवीन और दूसरे लोगों के खातों में 60 करोड़ जमा हुए थे। प्रवर्तन निदेशालय की जांच से पता चला है कि छांगुर बाबा व उनके सहयोगियों को दूसरे मुल्कों से बड़ी मात्रा में धनराशि मिली थी। ईडी ने एटीएस, लखनऊ द्वारा आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी। (अनंत ज्ञान)

# शिबू सोरेन पंचतत्व में विलीन

### नेमरा में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



**एजेंसी, रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के संरक्षक शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक गांव नेमरा (बोकारो) में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनके बड़े बेटे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान परिवार के सदस्य, झारखंड के कई बड़े नेता और काफी लोग मौजूद थे। उनका सोमवार को दिल्ली में निधन हो गया था। (अनंत ज्ञान)

**बड़े बेटे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी मुखाग्नि**

# जज तय नहीं करेंगे कौन सच्चा भारतीय : प्रियंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को संसद परिसर में कहा, 'माननीय जजों का पूरा सम्मान रखते हुए मैं ये कहना चाहती हूं कि वे यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है।' उन्होंने कहा, 'सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है। मेरा भाई कभी भी सेना के खिलाफ नहीं बोलेगा, उनके प्रति सम्मान रखता है। भाई की बातों का गलत मतलब निकाला गया।' दरअसल, प्रियंका का यह जवाब सुप्रीम कोर्ट के राहुल के 'सच्चे भारतीय' होने पर उठाए सवाल पर आया। 4 अगस्त को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सेना पर की गई टिप्पणी मामले पर सुनवाई के दौरान SC ने नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि सच्चा भारतीय ऐसा नहीं कहेगा। दरअसल, 16 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने कहा था कि लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन कब्जा की है, गलवान में 20 भारतीय सैनिक मारे गए उसके बारे में बात नहीं कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



## ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो नजरबंद

**एजेंसी, ब्रासीलिया।** ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने देश के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को नजरबंद करने का आदेश दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2022 के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बावजूद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश रची। कोर्ट ने कहा कि बोल्सोनारो ने पहले से लगाए गए एहतियाती प्रतिबंधों का उल्लंघन किया है। इस मामले की निगरानी कर रहे न्यायमूर्ति अलेक्जेंड्रे डि मोरायस ने कहा कि बोल्सोनारो ने अपने तीन सांसद बेटों के जरिए सार्वजनिक संदेश भेजे, जो कि प्रतिबंधों का उल्लंघन है। (अनंत ज्ञान)

## कुबेरेश्वर धाम में धक्का-मुक्की, 2 की मौत

**एजेंसी, भोपाल।** सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में मंगलवार को भारी भीड़ के चलते धक्का-मुक्की में दो लोगों की मौत हो गई। 8 से 10 श्रद्धालु चक्कर और घबराहट की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचे हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। प्रदीप मिश्रा बुधवार को कुबेरेश्वर धाम से चितावलिया हेमा गांव तक कांवड़ यात्रा निकालने वाले हैं। इसमें शामिल होने के लिए एक दिन पहले ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भंडारे, ठहराव और दर्शन के लिए जगह कम पड़ने लगी, जिससे भीड़ बेकाबू हो गई। कई स्थानों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तीन लोग नीचे गिर गए। इनमें से दो की दबने से मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

## कैलिफोर्निया के जंगलों में भीषण आग बेकाबू



**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** यूएस के मध्य कैलिफोर्निया के लॉस पैड्रेस राष्ट्रीय वन क्षेत्र में लगी भीषण आग बेकाबू हो गई है। इस आग से सैकड़ों घरों के लिए खतरा पैदा हो गया है। आग से कम से कम तीन लोग घायल हो गए हैं। कैलिफोर्निया के वन विभाग और अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार, आग ने तटीय सांता बारबरा और सैन लुइस ओबिस्पो काउंटी के 100 वर्ग मील (260 वर्ग किमी) से ज्यादा क्षेत्र को झुलसा दिया और आग अभी भी बेकाबू होकर जल रही है। अमेरिकी वन सेवा के प्रवक्ता फ्लेमिंग बर्टेलसन ने बताया कि एक मोटर चालक को अपने वाहन से बाहर निकलने और आग की लपटों में घिर जाने के बाद जलने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। अग्निशामकों की सहायता कर रहे दो संविदा कर्मचारी भी आग से घायल हो गए। आग ने लगभग 450 इमारतों को खतरे में डाल दिया। (अनंत ज्ञान)

## डबलिन में भारतीय मूल के टैक्सी चालक पर हमला

**एजेंसी, डबलिन।** आयरलैंड में एक भारतीय मूल के टैक्सी ड्राइवर पर राजधानी डबलिन में हमला किया गया। 23 साल से ज्यादा समय से यहां रह रहे टैक्सी चालक पर बिना किसी उकसावे के हमला किया गया। स्थानीय पुलिस (गार्डाई) ने इस हिंसक हमले की जांच शुरू कर दी है। 40 वर्षीय लखवीर सिंह ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने शुक्रवार रात 20 साल के दो युवकों को डबलिन के बैलीमुन उपनगर स्थित पॉपिनट्री में छोड़ा था। गंतव्य पर पहुंचने के बाद उन लोगों ने गाड़ी का दरवाजा खोला और उनके सिर पर बोतल से दो बार वार किए। भागते समय संदिग्धों ने कथित तौर पर चिल्लाते हुए कहा, 'अपने देश वापस जाओ। डबलिन पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि लखबीर को शहर के ब्यूमोंट अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी चोटों पर मरहम-पट्टी की गई और जख्म को जानलेवा नहीं माना गया। गार्डाई हमले की जांच कर रहे हैं। हमला शुक्रवार, 1 अगस्त 2025 को रात लगभग 11:45 बजे पॉपिनट्री, बैलीमुन, डबलिन 11 में हुआ था। (अनंत ज्ञान)

**गिरावट** हफ्ते के दूसरे दिन शेयर बाजार गिरा, ऑयल एंड गैस और फार्मा शेयर सबसे ज्यादा गिरे

# सेंसेक्स में 308 और निफ्टी में 73 अंकों की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार, 5 अगस्त सेंसेक्स 308 अंक गिरकर 80,710 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 73 अंक की गिरावट रही, यह 24,650 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट रही। टाइटन, मारुति और ट्रेंट के शेयर 2 प्रतिशत तक चढ़कर बंद हुए।

अडानी पोर्ट्स, रिलायंस, इंफोसिस, ICICI बैंक और जोमैटो के शेयर्स 2 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 24 में तेजी और 26 में गिरावट रही।




**सेंसेक्स 80,710 और निफ्टी 24,650 के स्तर पर हुआ बंद**

### क्रूड ऑयल 68.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

**वैश्विक** तेल मानक ब्रेंट क्रूड ऑयल 1.02 प्रतिशत घटकर 68.06 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,566.51 करोड़ रुपए मूल्य की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 4,386.29 करोड़ रुपए मूल्य की इक्विटी खरीदी।

NSE के ऑयल एंड गैस, फार्मा और FMCG इंडेक्स सबसे ज्यादा गिरे। हालांकि ये गिरावट 1 प्रतिशत से नीचे रही। ऑटो, मेटल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में मामूली तेजी रही।

वहीं, एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्केई 225 सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

उधर, यूरोपीय बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए। (अनंत ज्ञान)

## सोना 230 रुपए चढ़कर ₹1,00,397 पर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 5 अगस्त को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 230 रुपए बढ़कर 1,00,397 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 1,00,167 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 528 रुपए बढ़कर 1,12,428 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,11,900 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 24,235 रुपए बढ़कर 1,00,397 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 26,411 रुपए बढ़कर 1,12,428 रुपए पर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### एआईएफएफ के शीर्ष अधिकारी आठ क्लबों के सीईओ से करेंगे मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के शीर्ष अधिकारी देश के आठ क्लबों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोके जाने के बाद देश के फुटबॉल की 'वर्तमान स्थिति और दिशा' पर व्यक्त की गई उनकी चिंताओं को दूर करने की कोशिश करेंगे। आईएसएल के ये आठ क्लब अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। आईएसएल के आयोजक (फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड-एफएसडीएल) ने राष्ट्रीय महासंघ के साथ मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) के नवीनीकरण नहीं होने पर देश की शीर्ष फुटबॉल लीग पर रोक लगा दी है। एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच 15 साल का एमआरए 18 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। एआईएफएफ ने एक्स पर लिखा, 'एआईएफएफ अधिकारी सात अगस्त 2025 को नई दिल्ली में इंडियन सुपर लीग के आठ क्लबों के सीईओ के साथ भारतीय फुटबॉल से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेगी। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रमंडल खेल टीम करेगी अहमदाबाद का दौरा, 2030 की मेजबानी करने की कवायद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों का एक दल मंगलवार से तीन दिन के लिए अहमदाबाद का दौरा करेगा। यह दल आयोजन स्थलों का निरीक्षण करेगा और गुजरात सरकार के अधिकारियों से मुलाकात करेगा क्योंकि भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की संभावनाएं बढ़ रही हैं। यह दल रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा और मंगलवार को अहमदाबाद में होगा। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है तो अहमदाबाद प्रस्तावित मेजबान शहर है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया, 'हां, राष्ट्रमंडल खेल (जिसे पहले राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के नाम से जाना जाता था) की एक टीम नयी दिल्ली में है और पांच से सात अगस्त तक अहमदाबाद का दौरा करेगी।' मेहमान दल ने यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारी ने कहा, राष्ट्रमंडल खेल का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में दौरा करेगा। पिछले महीने कनाडा के बोली की दौड़ से हटने के बाद भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल करने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रीय सब-जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप सात अगस्त से ग्रेटर नोएडा में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने मंगलवार को कहा कि ग्रेटर नोएडा में सात से 13 अगस्त तक होने वाली सब-जूनियर (अंडर-15) राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 400 लड़के और 300 लड़कियों सहित 700 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन 15 भार वर्ग में किया जाएगा। हरियाणा लड़कियों के वर्ग में जबकि चंडीगढ़ लड़कों के वर्ग में गत विजेता है। राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप से पहले इस साल के शुरू में पुरुष, महिला और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। मुक्केबाज विश्व मुक्केबाजी के तकनीकी नियमों के तहत प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें 1.5 मिनट के तीन राउंड होंगे तथा राउंड के बीच में एक मिनट का विश्राम होगा। प्रतियोगिता में 10 अंकों की स्कोरिंग प्रणाली अपनाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### मारियाना ड्रैजिक का स्टाइलिश लुक

क्रोएशिया की रहने वाली मारियाना ड्रैजिक का जन्म 8 जनवरी, 1995 को हुआ था। 2023 जैस्मीन ओपन में, ड्रैजिक ने लातवियाई दारजा सेमेनिस्टाजा के साथ डबल्स में डब्ल्यूटीए टूर के मुख्य ड्रॉ में पदार्पण किया। उनकी क्षमताओं के साथ उनके काले बाल और बेदाग शरीर आकर्षक हैं।



**एशिया कप 2025** — टूर्नामेंट के लिए बोर्ड ने किया टीम का ऐलान

# लिटन दास को सौंपी कप्तानी की कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशिया के बहुचर्चित टूर्नामेंट एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होने जा रही है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला अफगानिस्तान बनाम हांगकांग के बीच खेला जाएगा, तो टीम इंडिया 10 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

अब एशिया कप के लिए बोर्ड ने टीम का ऐलान कर दिया है, जबकि आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार बल्लेबाज लिटन दास को चयनकर्ताओं ने कप्तान बनाया है। खास बात यह है कि बोर्ड ने इस बार एशिया कप 2025 के लिए कुल 25 खिलाड़ियों का चयन किया है। चलिए आपको बताते हैं किन-किन खिलाड़ियों पर चयनकर्ताओं ने भरोसा जताया है और किसे बाहर का रास्ता दिखाया है। (अनंत ज्ञान)




### केकेआर के बल्लेबाज को बनाया कप्तान

**संयुक्त** अरब अमीरात में आयोजित होने वाले टूर्नामेंट का इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे हैं। इसी बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2025 के लिए 25 खिलाड़ियों की प्रीलिमिनरी स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। बोर्ड ने आगामी टूर्नामेंट के लिए टीम का कप्तान केकेआर के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज लिटन दास को बनाया है। बता दें कि, लिटन की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन काफी धमाकेदार रहा है, जिसके चलके चयन समिति ने उनपर एक बार फिर भरोसा जताया है।

### 25 सदस्यीय स्क्वाड घोषित

**टीम** में लिटन दास (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, मोहम्मद नईम शेख, सौम्या सरकार, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, मोहम्मद ताहिद हृदोय, जेकर अली अनिक, मोहम्मद मेहदी हसन मिराज, मोहम्मद शमीम हुसैन, मोहम्मद नजमुल हुसैन शान्तो, मोहम्मद रिशाद हुसैन, शाक महेदी हसन, मोहम्मद तनवीर इस्लाम, नसुम अहमद, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, मोहम्मद तंजीम हसन साकिब, मोहम्मद सैफुद्दीन, नाहिद राणा, मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान, मोहम्मद शोरफुल इस्लाम, सैयद खालिद अहमद, काजी नुरुल हसन सोहन, महिदुल इस्लाम भुइयां अंकोन, मोहम्मद सैफ हसन।

### नूरुल हसन को मिला वापसी का मौका

**बांग्लादेश** के विकेटकीपर बल्लेबाज नूरुल हसन को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद एशिया कप 2025 की 25 सदस्यीय प्रीलिमिनरी स्क्वाड में शामिल किया गया है। हसन ने बांग्लादेश के लिए आखिरी टी20 मुकाबला 6 नवंबर 2022 को पाकिस्तान के खिलाफ खेला था, जिसके बाद उन्हें टीम से ड्रॉप कर दिया गया था। 31 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2016 में अपने टी20 करियर की शुरुआत की थी, जिसके बाद उन्हें 46 मैच खेलने को मिले। लेकिन वह इस दौरान 16.48 की बेहद खराब औसत के साथ सिर्फ 445 रन ही बना सके, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 42 रन रहा। इस प्रदर्शन के बाद उनकी टीम से छुट्टी कर दी गई।

### 6 अगस्त से शुरू हो रहे कैंप में लेंगे हिस्सा

**एशिया** कप 2025 को जीतने के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कड़ी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार बोर्ड किसी भी तरह की गलती दोराहने के मूड में नहीं है। इसी के चलते 6 अगस्त को मीरपुर में मौजूद एसबीएनसीएस कैंप में सभी खिलाड़ियों को रिपोर्ट करने के आदेश दिए गए हैं। जबकि 15 अगस्त से स्किल प्रैक्टिस सत्र की शुरुआत होगी। वहीं, 20 अगस्त से सिलहट में कैंप शुरू होगा। बता दें कि, एशिया कप 2025 से पहले बांग्लादेश को नीदरलैंड्स के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज भी खेलनी है, जो कि 30 अगस्त से शुरू होगी। वहीं, दूसरा मैच 1 सितंबर को होगा तो 3 सितंबर को तीन मैच की श्रृंखला का आखिरी मैच खेला जाएगा।

## इंग्लैंड में युवा भारतीय ब्रिगेड का रहा धमाकेदार प्रदर्शन

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारत का बेहद कड़े मुकाबले वाली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में इंग्लैंड को 2-2 से बराबरी पर रोकना टीम में शामिल नए क्रिकेटरों के आत्मविश्वास और देश तथा टीम के लिए अपना सब कुछ झोंकने की निडरता का जश्न था। मोहम्मद सिराज ने 200 ओवर गेंदबाजी की और अपने थके हुए शरीर को पांच टेस्ट मैच के दौरान अच्छी तरह संभाला। वाशिंगटन सुंदर कभी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटे। यशस्वी जायसवाल ने जरूरत पड़ने पर योगदान दिया, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा प्रभावी नजर आए और साई सुदर्शन ने अपनी दीर्घकालिक उपयोगिता की झलक दिखाई।

**कोहली और रोहित की राह मुश्किल**



इससे सवाल उठता है कि टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली और रोहित शर्मा तथा चोटों से जूझने वाले जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों का क्या होगा।

### विश्व कप की तैयारी

**कोहली** 36 और रोहित 38 साल के हैं और ये दोनों संभवतः ऑस्ट्रेलिया में तीन मैच की श्रृंखला और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच में खेलेंगे। इसके बाद इन दोनों को जनवरी-जुलाई 2026 के बीच न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा, लेकिन क्या ये मुकाबले 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की उनकी तैयारी के लिए हैं? क्या यह दिग्गज जोड़ी सिर्फ एक प्रारूप और आईपीएल के दम पर इतने लंबे समय तक खेलना चाहेंगे?

### युवाओं को आजमाने की जरूरत

**एक** सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''हां, इस पर जल्द ही चर्चा होगी। अगले विश्व कप के लिए हमारे पास अभी भी दो साल से अधिक का समय है। इस बड़ी प्रतियोगिता के लिए एक स्पष्ट योजना होनी चाहिए क्योंकि हमने पिछला खिताब 2011 में जीता था। हमें समय रहते कुछ युवाओं को भी आजमाने की जरूरत है।'' कोहली और रोहित ने विश्व कप जीत के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा लेकिन दोनों का टेस्ट संन्यास शांत रहा।

## जस्सी भाई की कमी खली : सिराज

**एजेंसी, लंदन**

यह जगजाहिर है कि मोहम्मद सिराज के लिए जसप्रीत बुमराह प्रेरणा स्रोत रहे हैं और हैदराबाद के इस गेंदबाज ने स्वीकार किया कि यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में भारत की जीत के बाद उन्हें अपने गौरवशाली क्षणों में अपने सीनियर साथी तेज गेंदबाज की कमी खल रही थी।



सिराज ने ओवल में पांचवें टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने सोमवार को रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली। सिराज ने मैच में नौ विकेट लेकर न केवल 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता, बल्कि अपने प्रशंसकों से भी खूब प्रशंसा बटोरी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में भावुक सिराज ने कहा, ''हर बल्लेबाज, हर गेंदबाज (जिसने टेस्ट खेला), उसे मैं सलाम करता हूं। जिस तरह से हमने वापसी की वह शानदार थी। मुझे जस्सी (बुमराह) भाई की याद आती है क्योंकि अगर वह वहां होते तो यह खास होता। मुझे जस्सी भाई और खुद पर विश्वास है।''

सिराज ने कहा, ''अगर मैंने वह कैच ले लिया होता, तो हमें सोमवार को मैदान पर आकर खेलने की ज़रूरत नहीं पड़ती। हम आराम कर रहे होते। लेकिन ऊपर वाले ने हमारे लिए कुछ और ही सोच रखा था। वह हमें सोमवार को स्टेडियम तक ले आया और नतीजा सबके सामने है।'' (अनंत ज्ञान)

## टेनिस में मबोको का सेमीफाइनल में रिबाकिना से होगा सामना

**एजेंसी, मॉन्ट्रियल**

कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में स्पेन की जेसिका बुजास मानेरो को 6-4, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हराने के दो दिन बाद टोरंटो की रहने वाली 18 वर्षीय खिलाड़ी मबोको को लय हासिल करने में देर लगी लेकिन उन्होंने जल्द ही मैच पर नियंत्रण बना दिया और सीधे सेट में जीत दर्ज की।

मबोको 2019 में बियांका एंड्रीस्कू के खिताब जीतने के बाद से इस डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कनाडा की पहली खिलाड़ी हैं। वह टोरंटो में 2015 में बेलिंडा बेनकिच के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी भी हैं। मबोको का सामना अब एलेना रिबाकिना से होगा, जिन्होंने मार्टा कोस्त्युक के हाथ में चोट लग जाने के कारण मैच के बीच में हट जाने के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। (अनंत ज्ञान)



रिबाकिना और ज्वेरेव।

### ज्वेरेव पोपिरिन सेमीफाइनल में

**टोरंटो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलिया के 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मन खिलाड़ी और यहां 2017 के चैंपियन ज्वेरेव ने पिछली बार के विजेता पोपिरिन को 6-7 (8), 6-4, 6-3 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव या अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन से होगा। ज्वेरेव 75वीं बार एटीपी टूर के सेमीफ़ाइनल में पहुंचे हैं। वह अपने कुल 25वें और एटीपी 1000 मास्टर्स टूर्नामेंट में आठवें ख़िताब की तलाश में हैं।

## उम्मीद है कि 'कार्यभार प्रबंधन' क्रिकेट के शब्दकोश से गायब हो जाएगा : गावस्कर

**एजेंसी, लंदन**

भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उम्मीद व्यक्त की कि मोहम्मद सिराज के इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद कार्यभार प्रबंधन जैसा शब्द भारतीय क्रिकेट के शब्दकोष से हमेशा के लिए गायब हो जाएगा। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ सभी पांच टेस्ट खेले और कुल 185.3 ओवर फेंके, जिसमें उन्होंने 23 विकेट लिए। दूसरी तरफ मुख्य तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह केवल तीन मैचों के लिए ही उपलब्ध रहे और अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए। गावस्कर ने स्पष्ट किया कि वह बुमराह की आलोचना नहीं कर रहे हैं क्योंकि यह किसी और चीज से ज्यादा चोट प्रबंधन का मामला था।



**कहा-कार्यभार सिर्फ मानसिक स्थिति है शारीरिक नहीं**

गावस्कर ने 'इंडिया टुडे' से कहा, ''जब आप अपने देश के लिए खेल रहे हों, तो दर्द और तकलीफों को भूल जाइए। क्या आपको लगता है कि सीमा पर जवान ठंड की शिकायत करते होंगे। ऋषभ पंत ने आपको क्या दिखाया? वह पांव में फ्रैक्चर के बावजूद बल्लेबाजी करने आए थे। आप खिलाड़ियों से यही उम्मीद करते हैं। भारत के लिए क्रिकेट खेलना सम्मान की बात है।''

उन्होंने कहा, ''आप 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और यही हमने मोहम्मद सिराज में देखा। मुझे लगता है कि सिराज ने पूरे दिल से गेंदबाजी की और उन्होंने काम के बोझ जैसे शब्द को हमेशा के लिए खत्म कर दिया। पांच टेस्ट मैचों में उन्होंने लगातार 7-8 ओवर गेंदबाजी की क्योंकि कप्तान उनसे यही उम्मीद कर रहा था और देश को भी उनसे यही उम्मीद थी।''

गावस्कर ने कहा कि कार्यभार प्रबंधन सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध टीम के चयन में बाधा नहीं बन सकता।

उन्होंने कहा, ''यदि आप उन लोगों के आगे झुक जाएंगे जो कार्यभार के बारे में बात कर रहे हैं, तो देश के लिए मैदान पर कभी भी आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं होंगे। मुझे उम्मीद है कि अब कार्यभार प्रबंधन जैसा शब्द भारतीय क्रिकेट के शब्दकोष से हमेशा के लिए गायब हो जाएगा। कार्यभार सिर्फ मानसिक स्थिति है शारीरिक नहीं।'' (अनंत ज्ञान)

## स्पिनर एमी मग्वायर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बॉलिंग की मिली इजाजत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज बुधवार से शुरू हो रही है। दोनों टीमों के बीच डबलिन में खेले जाने वाले पहले टी-20 मैच से पहले आईसीसी की तरफ से एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आयरलैंड की युवा लेफ्ट ऑर्म स्पिनर एमी मग्वायर को तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बॉलिंग की इजाजत दे दी है। एमी मग्वायर इस साल 10 जनवरी को भारत के खिलाफ आईसीसी वूमन्स चैंपियनशिप सीरीज के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी करते हुए पाया गया था।



21 जनवरी को यूनाइटेड किंगडम के लॉफबोरो में आईसीसी मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र में उनकी गेंदबाजी का मूल्यांकन किया गया। पुनर्मूल्यांकन में पाया गया था कि उनके गेंदबाजी एक्शन में कोहनी के विस्तार की मात्रा आईसीसी अवैध गेंदबाजी विनियमों के तहत अनुमत सहनशीलता के 15-डिग्री स्तर से अधिक है। अब आईसीसी द्वारा बताया गया है कि सुधारात्मक और पुनर्मूल्यांकन के बाद आयरलैंड की स्पिनर एमी मग्वायर का गेंदबाजी एक्शन वैध पाया गया है। (अनंत ज्ञान)

## ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी बदली अब स्वर्ण की तैयारी : पहलवान अमन

**एजेंसी, लखनऊ**



पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने से अमन सहरावत के कंधों से काफी बोझ उतर गया है लेकिन इस युवा पहलवान का कहना है कि वह इस उपलब्धि को पहले ही भूल चुके हैं क्योंकि अतीत की उपलब्धियों पर बैठे रहने से वह अपने बड़े सपनों को पूरा नहीं कर पाएंगे। छोटी सी उम्र में अनाथ हो जाने के कारण बिरोहर में जन्मे इस पहलवान के लिए जिंदगी आसान नहीं रही। उनके चाचा ने उनका पूरा साथ दिया, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियां अमन पर भारी पड़ती रहीं, लेकिन पिछले वर्ष पेरिस में कांस्य पदक जीतने से उन्हें पहचान और पैसा मिला, जिससे उनका जीवन आसान हो गया।

विश्व चैंपियनशिप के लिए 57 किग्रा चयन ट्रायल जीतने के बाद अमन ने कहा, ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी 90 फीसदी बदल दी। इससे पहले मुझे कोई नहीं जानता था। पहले मेरे प्रदर्शन पर गौर नहीं किया जाता था, लेकिन पेरिस की सफलता के बाद लोग मुझे जानने लगे, मेरा सम्मान करने लगे। मुझे लगा कि मैंने देश के लिए कुछ किया है और 10-15 साल की कड़ी मेहनत रंग लाई है।

उन्होंने कहा, ओलंपिक पदक भगवान का आशीर्वाद है। मुझे जीतने की उम्मीद भी नहीं थी। महिला पहलवानों से तो उम्मीदें ज्यादा थीं। (अनंत ज्ञान)

### लोगों की अब मुझसे स्वर्ण पदक की उम्मीद

**लोग** अब मुझसे स्वर्ण पदक की उम्मीद कर रहे हैं। मैं अपने कांस्य पदक को पहले ही भूल चुका हूं। मैं इससे संतुष्ट होकर यह नहीं कह सकता कि मैंने काफी कुछ हासिल कर लिया है। अब मैं स्वर्ण पदक के लिए तैयारी कर रहा हूं।

पेरिस ओलंपिक के बाद से अमन ने सिर्फ दो टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया है। वह सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्होंने कहा, ओलंपिक के बाद, मैंने सोचा था कि मैं विदेश में अभ्यास करूंगा लेकिन चीजें हमेशा वैसी नहीं होतीं जैसी आप उम्मीद करते हैं। फिर मैं चोटिल भी हो गया। ओलंपिक पदक जीतने के बाद हारने का डर भी मुझ पर हावी हो गया था। मैंने सोचा अगर मैं हार गया तो लोग कहेंगे कि सफलता ने मुझे बिगाड़ दिया है। इसलिए, कोचों ने कहा कि आप एक अलग स्तर पर हैं और मैट पर उतरने के लिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट में किप्स की टीम ने सीबीएसई क्लस्टर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**अनंत ज्ञान, सोलन**



वॉलीबॉल टूर्नामेंट में जीत कर लौटी किप्स की अंडर-17 टीम एमडी के साथ।

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा की अंडर-17 वॉलीबॉल टीम ने खेल प्रतिभा, समर्पण और अनुशासन का बेहतरीन परिचय देते हुए सीबीएसई क्लस्टर-वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2025 में खिताबी जीत दर्ज कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। किप्स ने एकतरफा जीत हासिल कर अंक तालिका में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

पहले मैच में किप्स के खिलाड़ियों ने आयशर पब्लिक स्कूल, परवाणू को 2-0 से पराजित किया तथा दूसरे मैच गुरुनानक मिशन पब्लिक स्कूल, पौंटा साहिब को 2-0 से हराया, वहीं तीसरे मैच में किप्स के खिलाड़ियों एसवीएस सिरसा को 2-1 से हराकर विजय प्राप्त की, फिर माउंट शिवालिक, जुब्बड़ट्टी (शिमला) को भी 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल में एक बार फिर एसवीएस सिरसा से रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें किप्स की प्रतिभाशाली टीम ने आत्मविश्वास और साहस के साथ 2-1 से विजय हासिल कर सीबीएसई क्लस्टर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त प्रदर्शन के लिए तन्वी ठाकुर को 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' के खिताब से नवाजा गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर ने टीम को बधाई दी। प्रधानाचार्य राजीव ने इसे टीम भावना और अनुशासित प्रशिक्षण का प्रतिफल बताया। उप प्रधानाचार्य पूनम ठाकुर ने खिलाड़ियों की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

**एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी** — पांच मैचों में करीबी श्रृंखलाएं, जब कौशल और साहस की हुई कड़ी परीक्षा

# कड़े मुकाबले की सूची में एक और चमकदार पन्ना जुड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली गई पांच मैच की श्रृंखला 2-2 से बराबर रही जिससे कड़े मुकाबले वाली श्रृंखलाओं की लंबी सूची में एक और चमकदार पन्ना जुड़ गया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ जबकि कोई टेस्ट शृंखला रोमांच के चरम पर समाप्त हुई। पिछले डेढ़ दशक में हुए कुछ यादगार मुकाबलों का संकलन किया है, जिनमें टेस्ट क्रिकेट के उतार-चढ़ाव देखे गए। (अनंत ज्ञान)

### भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2020-21

यह खेल के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ शृंखलाओं में से एक थी, जिसमें भारत ने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने और कड़ी चुनौतियों से पार कर ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से जीत दर्ज की। एडिलेड में 36 रन के अपने न्यूनतम स्कोर पर आउट होने से लेकर गाबा में तीन विकेट की जीत तक, कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में भारत ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को उसकी धरती पर ही धूल चटा दी।

### भारत बनाम श्रीलंका, 2015

नए कप्तान विराट कोहली के नेतृत्व में अगले दशक के लिए टेस्ट क्रिकेट में भारत के दमदार प्रदर्शन की शुरुआत की। गॉल में श्रीलंका ने भारत को 63 रन से हरा दिया। लेकिन भारत ने कोलंबो में अगले दो मैचों में कोहली के हार न मानने वाले रवैये को अपनाया तथा 278 और 117 रन से जीत हासिल कर दी।



### भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका 2010-11

**यह** आखिरी टेस्ट श्रृंखला थी जिसमें सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण की मशहूर तिकड़ी ने अपना प्रभाव छोड़ा था। सेंचुरियन में भारत ने डरबन टेस्ट में जोरदार वापसी करते हुए 85 रन से जीत हासिल की, जहां लक्ष्मण ने डेल स्टेन और मोर्ने मोर्केल की आक्रामक जोड़ी के सामने 96 रन की पारी खेली थी।

### अहमदाबाद में भारत बनाम इंग्लैंड, 2011-12

**अहमदाबाद** में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराने के बाद भारत चार मैचों की श्रृंखला में अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा था लेकिन केविन पीटरसन के शतक से प्रेरित होकर एलिस्टेयर कुक के नेतृत्व में इंग्लैंड ने मुंबई में भारत को 10 विकेट से हराया और फिर ईडन गार्डन्स में सात विकेट से जीत हासिल की। नागपुर में इंग्लैंड ने चौथा टेस्ट आसानी से ड्रॉ कराकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली। जो रूट ने उस टेस्ट में पदार्पण किया था।

### ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2016-17

**यह** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों के बीच की जंग थी। यह 2008 के बाद ऑस्ट्रेलिया की घरेलू श्रृंखला में पहली हार थी।

### न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान 2017-18

**जैसे** ही न्यूज़ीलैंड ने अबू धाबी में कदम रखा, पाकिस्तान की मजबूत स्पिन आक्रमण के कारण 3-0 से जीत की भविष्यवाणी की जाने लगी। लेकिन कीवी टीम ने पहला टेस्ट चार रन के मामूली अंतर से जीत लिया, जबकि पाकिस्तान ने दुबई में पारी और 16 रन से जीत हासिल की। लेकिन अबू धाबी में, कीवी टीम ने 123 रन से जीत हासिल की और श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।

### भारत बनाम इंग्लैंड 2021-22

यह श्रृंखला कोविड-19 महामारी के कारण खाली स्टेडियमों में खेली गई थी। नॉटिंघम में ड्रॉ के बाद लॉर्ड्स में भारत ने 151 रन से जीत हासिल की लेकिन इंग्लैंड ने लीड्स में पारी और 76 रन से जीत हासिल करके हिसाब बराबर कर दिया था। भारत ने ओवल में चौथा टेस्ट 157 रन से जीता था, लेकिन सितंबर 2021 में मेहमान टीम के सदस्यों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने के कारण दौरे को स्थगित कर दिया गया था। उस समय भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा था, लेकिन इंग्लैंड ने जुलाई 2022 में बर्मिंघम में खेले गए पांचवें टेस्ट में 378 रन से जीत हासिल करके श्रृंखला को बराबर कर दिया था।